



THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 319 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) फाल्गुन कृ.12, 2082 शनिवार, 14 फरवरी-2026

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर * पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये


### 'पूर्व पीएम नेहरू ने एससी जज से मांगी थी माफी'

कोलकाता, 13 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शुक्रवार को भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जमकर तारीफ की। उन्होंने नेहरू को असाधारण संस्थान निर्माता बताया। रमेश ने याद दिलाया कि कैसे साल 1959 में तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने सुप्रीम कोर्ट के जज विवियन बोस को एक माफीनामा लिखा था। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस पत्र को साझा किया। उन्होंने लिखा कि आजकल सरकार और न्यायपालिका के बीच के रिश्तों पर बहुत बातें होती हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री नेहरू का 26 जून 1959 को जस्टिस विवियन बोस को लिखा गया पत्र बहुत महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री कार्यालय की नई इमारत का उद्घाटन

# गुलाम मानसिकता से निकलना जरूरी : मोदी



नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रार को नए प्रधानमंत्री कार्यालय सेवा तीर्थ का उद्घाटन किया। इसमें पीएमओ के अलावा नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल सचिवालय (एनएससीएस) और कैबिनेट सचिवालय भी हैं।

पीएमओ आज से रायसीना हिल स्थित साउथ ब्लॉक से सेवा तीर्थ में शिफ्ट हो गया है। पीएम ने डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। उन्होंने कहा कि साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक में कई अहम फैसले हुए और नीतियां बनीं, लेकिन ये इमारते ब्रिटिश शासन की हुकूमत की प्रतीक थीं। इस मानसिकता से निकलना जरूरी था। प्रधानमंत्री ने कहा- कोलकाता देश की राजधानी हुआ करता था। 1905 के बंगाल विभाजन के दौर में कोलकाता ब्रिटिश विरोधी आंदोलन का प्रबल केंद्र बन चुका था इसलिए 1911 में अंग्रेजों ने भारत की राजधानी को दिल्ली शिफ्ट किया। उसके बाद अंग्रेजी हुकूमत की जरूरतों और सोच को ध्यान में रखकर नॉर्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक जैसी इमारतें बनी थीं। पुराने भवनों में जगह की कमी थी। सुविधाओं की सीमाएं थी। करीब 100 साल पुरानी इमारतें अंदर से जर्जर होती जा रही थी। मैं समझता हूं कि इन चुनौतियों के बारे में भी देश को निरंतर बताया जाना चाहिए।

### सेवा तीर्थ पर लिखा है-नागरिक देवो भव

स्पीच से कुछ देर पहले प्रधानमंत्री ने सेवा तीर्थ कॉम्प्लेक्स की पट्टिका का अनावरण किया। दीवार पर'सेवा तीर्थ' के नीचे 'नागरिक देवो भव' लिखा गया है। प्रधानमंत्री का ऑफिस 1947 से साउथ ब्लॉक में रहा है। ये इमारत करीब 78 सालों से देश की सत्ता का केंद्र रही है। 2014 से मोदी सरकार ने ब्रिटिश शासकों के प्रतीकों से दूर जाने के लिए लगातार कदम उठाए हैं। केंद्र सरकार के सभी मंत्रियों, सभी सांसदों, सरकार के सभी कर्मचारी, अन्य महानुभाव और मेरे साथियों, आज हम सभी एक नए इतिहास को बनते देख रहे हैं। 13 फरवरी का ये दिन भारत की विकासयात्रा में एक नए आरंभ का साक्षी बन रहा है। जरूरी है कि विकसित भारत की हमारी कल्पना केवल नीतियों और योजनाओं में नहीं, हमारे कार्यस्थलों, हमारी इमारतों में भी दिखाई दे।

# बांग्लादेश में 20 साल बाद बीएनके की जीत

### तारिक रहमान का पीएम बनना तय; ममता ने भाई कहकर बधाई दी



ढाका, 13 फरवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश में हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनके) ने बड़ी जीत दर्ज की है। प्रथोम ओलो के मुताबिक बीएनके+गठबंधन ने 299 सीटों में से 212 सीटें हासिल कर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया। अब तक 297 सीटों के नतीजे घोषित हो चुके हैं।

जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को अब तक 77 सीटें मिली हैं। देश में करीब 20 साल बाद बीएनपी की सरकार बनेगी। 2008 से 2024 तक वहां शेख हसीना की आवामी लीग सत्ता में थी। इस जीत के साथ बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है। तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीत हासिल की है। तारिक रहमान की जीत पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा, 'मेरे भाई तारिक, उनकी टीम और बाकी सभी को बधाई। बांग्लादेश में 35 साल बाद कोई पुरुष प्रधानमंत्री बनेगा। 1988 में काजी जफर अहमद प्रधानमंत्री बने थे।

### प्रधानमंत्री ने मिया अमोर मोटली को दी जीत पर बधाई

नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बारबाडोस के चुनावों में मिया अमोर मोटली को उनकी ऐतिहासिक लगातार तीसरी जीत पर बधाई दी है। मोदी ने कहा कि भारत, बारबाडोस के साथ अपनी दीर्घकालिक मित्रता को अत्यधिक महत्व देता है, जो सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर विस्तार कर रही है।




### लोकसभा में 'हरदीप पुरी इस्तीफा दो' के नारे लगे, संसद की कार्यवाही 9 मार्च तक स्थगित

नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेंसियां)। बजट सत्र के 13वें दिन लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही पूरे दिन नहीं चल पाईं। लोकसभा की कार्यवाही करीब 10 मिनट ही चल पाई। वहीं, राज्यसभा की कार्यवाही दो घंटे तक चल पाई। अब दोनों सदनों की कार्यवाही 9 मार्च से शुरू होगी।

शुक्रवार को सुबह 11 बजे सदन शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने 'हरदीप पुरी इस्तीफा दो' के नारे लगाने शुरू कर दिए। इसके 5 मिनट बाद ही सदन स्थगित कर दी गई। 12 बजे सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई। इस बार हंगामे के बीच एजुकेशन और कानून मंत्रालय से जुड़े कुछ बिल पेश किए। इसके बाद चेयर पर मौजूद संध्या राय ने लोकसभा 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। संसद का बजट सत्र दो चरण में हो रहा है। पहला- 28 जनवरी से 13 फरवरी तक है। दूसरा चरण 23 दिन के ब्रेक के बाद 9 मार्च से शुरू होगा, जो 2 अप्रैल तक चलेगा।

> किसान संगठनों के नेताओं से मिले राहुल गांधी

# किसान हितों से समझौता कभी नहीं करेंगे



नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में देशभर के किसान संगठनों के नेताओं से मुलाकात की।

इस बैठक में भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन शुरू करने और किसानों व खेत मजदूरों की रोजी-रोटी बचाने की जरूरत पर बात हुई। किसान नेताओं ने इस व्यापार समझौते का विरोध किया। उनका कहना था कि समझौते से मक्का, सोयाबीन, कपास, फल और मेवे उगाने वाले किसानों की रोजी-रोटी पर असर पड़ेगा। कांग्रेस के अनुसार, राहुल गांधी ने कहा कि इस समझौते से कृषि उत्पादों के आयात का रास्ता खुल गया है। आगे अन्य फसलें भी इससे प्रभावित हो सकती हैं। बैठक में इस समझौते के विरोध में बड़े स्तर पर राष्ट्रीय आंदोलन करने पर बात हुई। यह बैठक उस बयान के एक दिन बाद हुई, जिसमें राहुल गांधी ने कहा था कि सरकार उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करे, केस करे या विशेषाधिकार प्रस्ताव लाए, लेकिन वे किसानों के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे।

### 'खडगे ने नाराजगी जताई

नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेंसियां)। राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने पिछले संबोधन के बड़े हिस्से को सदन के रिकॉर्ड से हटाने पर नाराजगी जताई। खरगे ने कहा कि 4 फरवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान उनके भाषण का एक बड़ा हिस्सा बिना किसी औचित्य के आधिकारिक रिकॉर्ड से हटा दिया गया था। खरगे ने इस कदम को 'लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ' बताया। इसी के साथ उन्होंने कहा कि हटाए गए भाषण में सरकार की नीतियों की आलोचनाएं शामिल थीं, जिसे उन्होंने एक विपक्षी सदस्य के रूप में उजागर करना अपना कर्तव्य बताया। इसी के उन्होंने हटाए गए भाषण के हिस्सों को बहाल करने का भी आग्रह किया।

## मणिपुर हिंसा मामले में कोर्ट ने सीबीआई से मांगी रिपोर्ट

इंफाल, 13 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मणिपुर में 2023 में हुई जातीय हिंसा के मामलों पर सुनवाई की। कोर्ट ने सीबीआई को आदेश दिया कि वह जातीय हिंसा से जुटी 11 एफआईआर की जांच पर दो हफ्ते के अंदर स्टेटस रिपोर्ट पेश करे। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने एक महत्वपूर्ण सुझाव भी दिया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के बजाय मणिपुर हाई कोर्ट या गुवाहाटी हाई कोर्ट को इन मामलों के ट्रायल और जांच की निगरानी करनी चाहिए। बेंच के अनुसार, मणिपुर हाई कोर्ट में अब नए चीफ जस्टिस आ चुके हैं, इसलिए वे स्थानीय हालात को बेहतर तरीके से संभाल सकते हैं।

**कोर्ट ने दिया निर्देश**

कोर्ट ने केंद्र और मणिपुर सरकार को निर्देश दिया कि वे जस्टिस गीता मित्तल कमेटी की सिफारिशों को हर हाल में लागू करें। यह कमेटी पीड़ितों के पुनर्वास और उनके कल्याण के लिए बनाई गई थी। इस कमेटी में तीन पूर्व महिला जज शामिल हैं, जो अब तक पीड़ितों की मदद के लिए कई रिपोर्ट सौंप चुकी हैं।

मणिपुर में मई 2023 से शुरू हुई हिंसा में अब तक 200 से ज्यादा लोग जान गंवा चुके हैं। हजारों लोग बेघर हुए हैं और कई घायल हुए हैं। यह हिंसा तब भड़की थी जब मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग के खिलाफ प्रदर्शन किया गया था।

### भारतीय सेना करेगी अंतरराष्ट्रीय मिलिट्री एडवेंचर चैलेंज कप का आयोजन

**8 देशों की सैन्य टीम होंगी शामिल**

नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय सेना पहली बार अंतरराष्ट्रीय मिलिट्री एडवेंचर चैलेंज कप (आईएमएसीसी) 2026 का आयोजन करने जा रही है। यह प्रतियोगिता 18 से 23 फरवरी 2026 तक पूर्वी हिमालय की तलहटी में आयोजित होगी। एक सप्ताह के आयोजन में भारत और मित्र देशों की सैन्य टीमें साहसिक और सहनशक्ति से जुड़ी कठिन प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेंगी। 23 फरवरी तक चलने वाला यह एक महत्वपूर्ण आयोजन है। इस आयोजन में सात मित्र देश भूटान, ब्राजील, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, नेपाल, श्रीलंका और सऊदी अरब की सैन्य टीमें शामिल होंगी।

## केरल बना शहरी नीति बनाने वाला देश का पहला राज्य

### 2050 तक का रोडमैप तैयार

तिरुवनंतपुरम, 13 फरवरी (एजेंसियां)। भविष्य की चुनौतियों और बढ़ते शहरीकरण को देखते हुए केरल अपनी खुद की व्यापक शहरी नीति तैयार करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की अध्यक्षता में हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में इस शहरी नीति के मसौदे को मंजूरी दी गई।

यह नीति स्थानीय स्वशासन विभाग द्वारा तैयार की गई है, जो करीब दो साल की लगातार मेहनत का नतीजा है। इस पहल की घोषणा पहली बार राज्य के 2023-24 के बजट में की गई थी। यह नीति केवल ईंट-पत्थरों के विकास की बात नहीं करती, बल्कि साल 2050 तक केरल को जलवायु-अनुकूल शहरों का एक अटूट नेटवर्क बनाने का विजन रखती है। इस नीति का उद्देश्य केरल के शहरीकरण को एक वैज्ञानिक दिशा देना है। अनुमान के मुताबिक, 2050 तक केरल की लगभग 80 प्रतिशत आबादी शहरी हो जाएगी। शहरी विकास का विस्तार पहाड़ी इलाकों और तटीय पट्टी के बीच घनी आबादी वाले क्षेत्रों में विकेंद्रीकृत तरीके से होने की उम्मीद है। यह नीति शहरीकरण को राज्य के आर्थिक विकास में सहायक बनाने के तरीके भी बताती है।

# नगरपालिका चुनाव कांग्रेस की बड़ी बढ़त , 1350 वार्ड जीती

### बीआरएस उम्मीदवार लगभग 725 वार्डों में विजयी



हैदराबाद, 13 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। तेलंगाना नगर निगम चुनाव में मतगणना का दौर जारी है। नगरपालिका चुनाव 2026 के मतगणना परिणामों में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी ने साफ तौर पर बढ़त बनाई है। कांग्रेस पार्टी ने लगभग 1,500 वार्डों में जीत दर्ज की है और बीआरएस इसके बाद दूसरे स्थान पर है। राज्य चुनाव आयोग के मुताबिक मतदान 73.01 प्रतिशत दर्ज हुआ है। मतगणना के आखिरी रुझानों के अनुसार कांग्रेस उम्मीदवारों ने करीब 1350 वार्डों में जीत हासिल की, जबकि बीआरएस उम्मीदवारों ने लगभग 725 वार्डों में विजय प्राप्त की। भारतीय जनता पार्टी ने भी लगभग 286 वार्डों में जीत दर्ज की है। वहीं आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने 59 और सीपीआई (एम) ने 13 वार्डों में जीत प्राप्त की है। मतगणना सुबह 8 बजे शुरू हुई और दोपहर तक कई वार्डों के नतीजे घोषित हो चुके थे। विजयी उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं, और पार्टी नेता अपनी-अपनी जीत की घोषणा कर रहे हैं। जीतने वाले पार्षदों और निगम सदस्यों को 16 फरवरी को सुबह 11:30 बजे शपथ ग्रहण कराया जाएगा। इसी के बाद विशेष बैठक में नगरपालिकाओं के महापौर व उपमहापौर तथा निगमों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। चुनाव में 2,569 वार्डों में वोटों की गिनती हुई, जिसमें मतदाता संख्या 52,17,413 में से 38,09,406 लोगों ने अपना मताधिकार प्रयोग किया, जो 73.01% मतदान का आंकड़ा दर्शाता है। पोलिंग 116 नगरपालिकाओं और सात नगर निगमों में शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

सशक्त भारत के लिए कर्मयोग अभियान

## नैतिकता-आध्यात्मिकता बिना विकास अधूरा : राष्ट्रपति



नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को नई दिल्ली में एक विशेष अखिल भारतीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने ब्रह्म कुमारी संस्थान के देशव्यापी अभियान 'सशक्त भारत के लिए कर्मयोग' की शुरुआत की। राष्ट्रपति ने गुरुग्राम में स्थित ओम शांति रिट्रीट सेंटर के रजत जयंती समारोह का भी शुभारंभ किया।

संबोधन में राष्ट्रपति ने क्या कहा? अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि देश के संतुलित विकास के लिए केवल भौतिक प्रगति काफी नहीं है। इसके साथ नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिकता का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि आर्थिक उन्नति से समृद्धि आती है और तकनीक से काम में कुशलता बढ़ती है। ये दोनों चीजें एक मजबूत राष्ट्र की नींव रखती हैं। लेकिन अगर विकास में नैतिकता नहीं होगी, तो समाज का संतुलन बिगड़ सकता है। राष्ट्रपति ने कहा अनैतिक आर्थिक प्रगति धन और संसाधनों के केंद्रीकरण नुकसान और समाज के कमजोर वर्गों के शोषण का कारण बन सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि नैतिक मूल्यों के बिना तकनीक का इस्तेमाल पूरी मानवता के लिए विनाशकारी हो सकता है।

**नैतिकता और आध्यात्मिकता को बताया समाज के लिए जरूरी**

आध्यात्मिकता के महत्व पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह हमें ईमानदारी, दया और अहिंसा जैसे गुण सिखाती है। ये गुण एक शांतिपूर्ण और न्यायपूर्ण समाज बनाने के लिए आवश्यक हैं। जब हमारे विचार आध्यात्मिक होते हैं, तो हम स्वार्थ छोड़कर सबके भले के बारे में सोचते हैं। उन्होंने कहा कि देश का नेतृत्व आध्यात्मिकता के आधार पर ही निष्पक्ष फैसले ले सकता है।



## अगली बार छाती में गोली मारेंगे... लॉरेंस के बर्थडे पर बिश्नोई गैंग ने पुर्तगाल में की फायरिंग

नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेंसियां)। लॉरेंस बिश्नोई के बर्थडे पर पुर्तगाल में फायरिंग हुई। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने फायरिंग का दावा किया। पुर्तगाल में एक दुकान पर फायरिंग का दावा किया गया। इसको लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी सामने आया। पोस्ट में लिखा गया कि राम-राम सभी भाइयों को आज जो (एवी विटोर गैलो 5ए मारिन्हा ग्रांडे, पुर्तगाल) में जो सुख जवंधा की दुकान पर फायरिंग हुई है।

इसकी जिम्मेदारी, हरी बॉक्सर और सुनील मीणा लेते हैं। पोस्ट में बताया कि ये हमारे भरतीय भाइयों से काम करवाकर उनके हक के पैसे रखता है। पोस्ट में लिखा गया कि ये उनके पासपोर्ट रख कर ब्लैकमेल करता है इसलिए इससे आज ये टेलर दिखाया है।

# क्या है संविधान का अनुच्छेद 142

## जिसका इस्तेमाल कर सुप्रीम कोर्ट ने गरीब छात्र को दिला दी मेडिकल सीट



नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने कुछ दिन पहले एक ऐसा फैसला सुनाया, जिसकी हर तरफ चर्चा हो रही है। इस फैसले में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्य कांत की बेंच ने एक गरीब छात्र को वर्चुअल तरीके से सुना और कुछ ही देर में उसे मेडिकल सीट देने का फैसला सुना दिया।

मध्य प्रदेश के छात्र अथर्व चतुर्वेदी ने दो बार नीट क्लियर किया था, लेकिन उसे मेडिकल में दाखिला नहीं मिल पाया। इसके बाद उसने हाईकोर्ट में गुहार लगाई, लेकिन याचिका खारिज कर दी गई। आखिरकार सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर सुनवाई की और छात्र को बड़ी राहत देते हुए राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) और मध्य प्रदेश सरकार को निर्देश दिया कि उसे एमबीबीएस कोर्स में एडमिशन दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने ये फैसला अपनी एक खास शक्ति को इस्तेमाल करते हुए दिया। संविधान के अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल कर सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने छात्र को ये बड़ी राहत दी। ऐसे में आज हम आपको बताएंगे कि ये अनुच्छेद 142 क्या है और इससे सुप्रीम कोर्ट को कौन सी पावर मिल जाती है।

संविधान में सुप्रीम कोर्ट को अंतिम या संपूर्ण न्याय करने के लिए खास ताकत दी गई है, जिसे अनुच्छेद 142 में बताया गया है। ये आर्टिकल सुप्रीम कोर्ट को पूरा न्याय करने का अधिकार देता है। इसका इस्तेमाल कर सुप्रीम कोर्ट किसी भी फैसले को पलट सकता है और न्याय के लिए फैसला दे सकता है। मध्य प्रदेश के छात्र वाले फैसले से पहले सुप्रीम कोर्ट कई बार इस खास ताकत का इस्तेमाल कर चुका है। सुप्रीम कोर्ट के ऐसे फैसलों को लागू करवाने का काम संसद से होता है, संसद में इसे लेकर कानून बनाया जाता है और फिर देशभर में ये लागू हो जाता है। अगर संसद कोई कानून नहीं बनाता है तो राष्ट्रपति तय करते हैं कि फैसले को कैसे लागू किया जाएगा।

### ताजा मामला क्या है?

ताजा मामले की बात करें तो मध्य प्रदेश के छात्र अथर्व चतुर्वेदी ने खुद ही अपना पक्ष सुप्रीम कोर्ट में रखा और बताया कि कैसे उन्हें मेडिकल सीट नहीं मिली है। ये सब तब हुआ जब सुप्रीम कोर्ट की बेंच उठ रही थी, छात्र को देखकर सभी जज रुके और उसकी दलीलें खड़े-खड़े ही सुनने लगे। करीब 10 मिनट चली इस सुनवाई के बाद सीजेआई के नेतृत्व वाली बेंच ने छात्र के हक में फैसला सुना दिया और उसे मेडिकल सीट देने का निर्देश दिया।

## ईडी का गांजा व्यवसायी के यहां छापा
## 200 करोड़ के लेनदेन को लेकर चल रही पूछताछ




मिर्जापुर, 13 फरवरी (एजेंसियां)। ईडी नई दिल्ली की टीम लालगंज के बरौधा बाजार के रहने वाले बनारसी लाल गुप्ता के यहां शुक्रवार की सुबह लगभग साढ़े छह बजे धमकी पड़ी। पूरे मकान को साथ में आए सीआरपीएफ की टीम ने घेर लिया। टीम अंदर गई और दस्तावेज की जांच करने लगी। इसके साथ ही परसिया राजा के अब्दुल बारी के यहां भी दबिश दी गई। बताया गया कि दोनों के खाते में सौ करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन हुआ है। जिसके बाद ईडी की निगाह इनके खाते के लेनदेन पड़ी। बताया गया कि तीन वष पूर्व छत्तीसगढ़ में दस क्विंटल गांजा एक ट्रक में बरमद हुआ था। जिसमें बनवारी लाल गुप्ता का नाम प्रकाश में आया था। वहीं अब्दुल बारी की ट्रक था। इनके खाते को टीम ने चेक किया तो 200 करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन होना पाया गया है। टीम अब घर में रखे दस्तावेज का खंगाल रही है कि इतने रुपये इनके पास कैसे आए। इनका संबंध किन - किन लोगों से है। आरोपितों से पूछताछ भी की जा रही है।

## अमेरिका में जान गंवाने वाली कुरनूल की छात्रा के पिता की मौत, मुआवजे में मिलने हैं 262 करोड़



कुरनूल, 13 फरवरी (एजेंसियां)। कुछ साल पहले अमेरिका में पुलिस की एक दुर्घटना में 23 वर्षीय भारतीय छात्रा जाह्नवी कंदुला का निधन हो गया था। अब उसके परिवार को उस समय दूसरा बड़ा झटका लगा जब 29 मिलियन अमेरिकी डॉलर के मुआवजे के समझौते की घोषणा से ठीक दो दिन पहले उनके पिता का निधन हो गया। 23 जनवरी, 2023 को जाह्नवी सड़क पार कर रही थी, उस समय एक तेज रफ्तार सिएटल पुलिस वाहन ने उसे टक्कर मार दी। उस समय संबंधित अधिकारी एक आपातकालीन कॉल का जवाब दे रहा था। जाह्नवी के एक रिश्तेदार ने बताया कि सेवानिवृत्त पुलिस कांस्टेबल कंदुला श्रीकांत का 10 फरवरी को कुरनूल जिले में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।

उन्होंने आगे कहा कि श्रीकांत का अंतिम संस्कार बुधवार को अडोनी में किया गया, जबकि परिवार एक और विनाशकारी क्षति से जूझ रहा था। परिवार इस समय शोक में है और मुआवजे की राशि के बारे में बात करना उचित नहीं है। वहीं, जाह्नवी नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी के सिएटल कैंपस में सूचना प्रणाली में मास्टर की छात्रा थीं।

## अवैध दुकान गिराने पहुंचा बुलडोजर
### देखते ही दुकानदार को आया अटैक, हो गई मौत

जबलपुर, 13 फरवरी (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के जबलपुर में बुलडोजर कार्रवाई के दौरान हार्ट अटैक आने से एक दुकानदार की मौत हो गई। बताया जाता है कि बुलडोजर कार्रवाई के बीच में दुकान संचालक मिंटू अग्रवाल को दिल का दौरा पड़ा, जिसके बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए अस्पताल लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश फैल गया। कई घंटों तक चले प्रदर्शन के बाद रात में युवक का पोस्टमार्टम कराया गया।

तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। घटना बरगी थाना क्षेत्र की है। जबलपुर जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर बरगी थाना क्षेत्र के कस्बे में पटेल तिराहे पर प्रशासनिक तहसील कार्यालय और पुलिस की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही थी। मौके पर तीन जेसीबी मशीनें लगाई गई थीं और करीब 40 साल पुरानी दुकानों को हटाने की प्रक्रिया जारी थी। इसी दौरान मिंटू अग्रवाल अपनी दुकान से सामान हटवा रहे थे। बताया जा रहा है कि कार्रवाई के दौरान बार-बार समय को लेकर घोषणा की जा रही थी और दुकानदार के द्वारा 10 मिनिट का समय मांगा जा रहा था। इसी बीच उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## ज्योतिषी के कहने पर महिला ने मां का गला घोंटकर की हत्या

बेंगलूरू, 13 फरवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक से एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। एक 33 वर्षीय महिला ने कथित तौर पर अपनी मां का सोते समय तकिए से गला घोंट दिया। इसके साथ ही एक ज्योतिषी के दावों से प्रभावित होकर इसे स्वाभाविक मृत्यु बताने की कोशिश की। यह जानकारी शुक्रवार को पुलिस ने दी। उन्होंने बताया कि यह घटना बुधवार रात को तुमकुरु तालुक के अनुपनहल्ली गांव में हुई। हालांकि ग्रामीणों ने अधिकारियों को सूचित किया। मृतक की पहचान पुष्पावती (55) के रूप में हुई है। आरोपी सुचित्रा (33) अपने पति के साथ तुमकुरु शहर के श्रीनगर इलाके में रहती थी। पुलिस के मुताबिक, सुचित्रा के पिता की लगभग डेढ़ साल पहले स्वास्थ्य समस्याओं के कारण मृत्यु हो गई थी।

## किरायेदारों-नौकरों और पेइंग गेस्ट की पूरी जानकारी नजदीकी थाने में देना जरूरी, मोहाली डीसी



मोहाली, 13 फरवरी (एजेंसियां)। मोहाली की डीसी कोमल मित्तल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्राप्त अधिकारों का उपयोग करते हुए आदेश जारी किए हैं। जिले की सीमा में आने वाली सभी म्यूनिसिपल काउंसिलों, नगर पंचायतों और ग्राम पंचायतों के अधिकार क्षेत्र में रहने वाला कोई भी व्यक्ति यदि अपने घर में किरायेदार, नौकर या पेइंग गेस्ट रखता है तो उसका पूरा विवरण एक सप्ताह के भीतर नजदीकी पुलिस थाने में देना अनिवार्य होगा।

यह आदेश उन लोगों पर भी लागू होगा जिन्होंने पहले से रह रहे किरायेदारों या नौकरों की जानकारी अब तक पुलिस को नहीं दी है। जारी आदेशों में कहा गया है कि जिले में अन्य राज्यों व जिलों से बड़ी संख्या में लोग रोजगार, शिक्षा और अन्य कार्यों के लिए आ रहे हैं। कुछ मामलों में आपराधिक पृष्ठभूमि या असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों द्वारा कानून व्यवस्था भंग होने की आशंका बनी रहती है। इसलिए शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से यह आदेश 11 फरवरी 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक प्रभावी रहेंगे।

## कैप्टन अमरिंदर को समन करने वाले ईडी अधिकारी का तबादला चेन्नई भेजे गए रवि तिवाड़ी

जालंधर, 13 फरवरी (एजेंसियां)। पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह और उनके बेटे रणइंदर सिंह को समन भेजने वाले प्रवर्तन निदेशालय के अतिरिक्त निदेशक पर वित्त मंत्रालय ने कार्रवाई करते हुए उनका तबादला कर दिया है। समन जारी होने के दो दिन के भीतर ही अधिकारी रवि तिवाड़ी को चेन्नई स्थानांतरित किए जाने से राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। हाल ही में ईडी ने एक पुराने मामले की जांच के सिलसिले में कैप्टन अमरिंदर सिंह और उनके बेटे रणइंदर सिंह को तलब किया था। स्वास्थ्य कारणों से कैप्टन पेश नहीं हो सके, जबकि रणइंदर सिंह भी निर्धारित तिथि पर उपस्थित नहीं हुए। सूत्रों का कहना है कि अगली तारीख दिए जाने से पहले ही संबंधित अतिरिक्त निदेशक का तबादला आदेश जारी हो गया। कैप्टन को समन भेजे जाने के बाद प्रदेश की राजनीति में हलचल बढ़ गई थी।

# समर स्पेशल पैकेज, एडवांस पेमेंट
## चुनाव से पहले तमिलनाडु की 1 करोड़ 31 लाख महिलाओं के खाते में आए 5-5 हजार




चैन्नई, 13 फरवरी (एजेंसियां)। तमिलनाडु में अगले कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं, ऐसे में वहां पर भी राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। सत्तारुढ़ डीएमके भी वोटर्स को लुभाने के लिए ताबड़तोड़ चुनावी घोषणाएं कर रही है और इसमें भी महिलाओं पर खास ध्यान दे रही है। मुख्यमंत्री स्टालिन ने आज शुक्रवार को बताया कि कलैगनार महिला अधिकार योजना के तहत राज्य भर की करीब 1.31 करोड़ महिलाओं के बैंक खाते में 5 हजार रुपये जमा कराए गए हैं। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बताया कि कलैगनार महिला अधिकार योजना के तहत महिला लाभार्थियों को 3 हजार रुपये एडवांस में दिए गए, साथ ही "समर स्पेशल पैकेज" के तहत अतिरिक्त 2 हजार रुपये भी दिए गए हैं। सोशल मीडिया एक्स पर अपने पोस्ट में, मुख्यमंत्री ने कहा कि 3 हजार की रकम फरवरी, मार्च और अप्रैल महीनों के लिए एडवांस पेमेंट के तौर पर दी गई थी।

### कुछ लोग रोकने की कोशिश कर रहे थे: स्टालिन

हालांकि उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि "कुछ लोग" आने वाले चुनाव का हवाला देकर महिलाओं को दिए जा रहे राहत को 3 महीने के लिए रोकने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन दावा किया कि उनकी सरकार ने समय से पहले ही यह काम कर दिया ताकि लाभार्थी महिलाओं को इसमें कोई दिक्कत न हो। पोस्ट में उन्होंने कहा, "तमिलनाडु की महिलाओं के लिए, विमेंस राइट्स ग्रांट यह स्टालिन का वादा है। कोई भी रुकावट डालने की कोशिश करे, लेकिन मैं इससे पीछे नहीं हटूंगा। चुनावों का हवाला देकर, वे इस मदद को 3 महीने के लिए रोकने की कोशिश कर रहे हैं।

लेकिन हमारी द्रविडियन मॉडल सरकार ने उनसे पहले ही यह काम कर दिया है।"

### सत्ता में लौटे तो मदद राशि होगी दोगुनी: स्टालिन

उन्होंने आगे कहा, "फरवरी, मार्च और अप्रैल महीनों के लिए महिलाओं को एडवांस के तौर पर 3 हजार रुपये दिए गए, साथ ही 2 हजार रुपये का समर स्पेशल पैकेज भी दिया गया। कलैगनार विमेंस राइट्स स्कीम के तहत राज्य की सभी 1.31 करोड़ लाभार्थियों को आज सुबह कुल 5 हजार रुपये डाले गए।" मुख्यमंत्री ने मदद राशि को बढ़ाने का वादा करते हुए कहा, "अगर हम फिर से सत्ता में लौटे तो "द्रविडियन मॉडल 2.0" के तहत मदद की राशि को दोगुना करते हुए एक हजार से बढ़ाकर 2 हजार रुपये प्रति महीने कर देंगे। यह वो वादा है जो मुथुवेल करुणानिधि स्टालिन अपनी बहनों से करता है।"

### अन्नाद्रमुक भी कर रहा वादा

इस बीच, मुख्य विपक्षी दल ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (अन्नाद्रमुक) ने पिछले दिनों 5 चुनावी वादों का एक सेट पेश किया, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों, बुजुर्ग विधवाओं, अविवाहित बुजुर्ग महिलाओं, पतियों द्वारा छोड़ी गई महिलाओं, विकलांग व्यक्तियों और ट्रांसजेंडर लोगों के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन 1,200 रुपये से बढ़ाकर 2 हजार रुपये करने की बात शामिल है।

अन्नाद्रमुक की ओर से किए गए अन्य चुनावी वादों में छात्रों और उनके माता-पिता के कल्याण की रक्षा के लिए बैंकों से लिए गए एजुकेशन लोन को माफ करने, चावल राशन कार्ड धारकों को हर साल 3 एलपीजी सिलेंडर, पारंपरिक खेल जल्लीकट्टू के दौरान खिलाड़ियों के चोट लगने या मृत्यु होने पर मुआवजे को ऐलान के साथ-साथ अल्पसंख्यक समुदायों की महिलाओं को स्वरोजगार उद्यम शुरू करने के लिए ब्याज मुक्त ऋण भी शामिल है।

## हिमांशु भाऊ गैंग का नाम लेकर 10 करोड़ की संपत्ति हड़पने की कोशिश, आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस ने एक ऐसे शख्स को गिरफ्तार किया है, जो खुद को कुख्यात हिमांशु भाऊ गैंग का सदस्य बताकर लोगों को डराता था। लेकिन जांच में वह अकेला ही निकला। आरोपी विकास उर्फ विक्की पीड़ित को करीब 10 करोड़ रुपये कीमत की संपत्ति अपने नाम कराने के लिए लगातार धमका रहा था। पुलिस टीम ने योजनाबद्ध कार्रवाई कर उसे पकड़ लिया और उसके पास से अपराध में इस्तेमाल किया गया एक आई-फोन भी बरामद किया गया। पुलिस के मुताबिक, 26 नवंबर 2025 को अशोक विहार निवासी रजत गुप्ता ने शिकायत दी थी कि एक अज्ञात व्यक्ति अंतरराष्ट्रीय व्हाट्सएप कॉल के जरिए खुद को हिमांशु भाऊ गैंग का सदस्य बताकर उन्हें धमका रहा है।

## कर्नाटक में सिर फुटव्वल, सिद्धारमैया-डीके शिवकुमार की जंग में गृह मंत्री की एंट्री, सर से ऊपर निकला पानी



बेंगलूरू, 13 फरवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद को लेकर जारी बयानबाजी और पलटवार के बीच गृह मंत्री जी परमेश्वर ने पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि पार्टी हाई कमान ने अतीत में ऐसी कई स्थितियों को संभाला है और उचित समय पर फैसला लेगी। परमेश्वर ने नेताओं से संयम बरतने और इस मुद्दे पर चुप रहने की अपील की, क्योंकि जनता सब देख रही है और उसकी उम्मीदें अलग हैं। बेंगुरु में शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में परमेश्वर ने कहा, "काफी हो गया, अब यह रुकना चाहिए। लोग हमें देख रहे हैं और उनकी अपेक्षाएं अलग हैं। इस मामले को हाईकमान पर छोड़ देना चाहिए। वे जानते हैं कि कब फैसला लेना है और वे लेंगे। कांग्रेस पार्टी के लिए यह नया नहीं है। पार्टी नेतृत्व ने अतीत में ऐसी कई स्थितियों का सामना किया है और जरूरी कदम उठाए हैं। उन्होंने कर्नाटक में भी ऐसी घटनाएं कई बार होने का जिक्र किया और कहा, "मुझे लगता है कि हमें नेताओं के रूप में संयम बरतना चाहिए।" पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की चेतावनी के बावजूद नेताओं द्वारा बयान जारी रखने पर परमेश्वर ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि हमारे अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने स्पष्ट रूप से राज्य नेताओं से इस मुद्दे पर मुंह बंद रखने को कहा था। इससे मजबूत शब्द वे नहीं इस्तेमाल कर सकते थे। फिर भी अगर हमारे विधायक और नेता बोलते रहेंगे तो अच्छा नहीं लगेगा। परमेश्वर ने जोर दिया कि अब शासन पर फोकस करने का समय है। जनता की अपेक्षाएं अलग हैं और एक-दूसरे के विरोधी बयान जारी करना उचित नहीं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हाईकमान सब देख रहा है और मैं भी उचित समय पर हाईकमान से बात करूंगा।

## हाईवे पर तेज रफ्तार का कहर एसयूवी और मोटरसाइकिल की टक्कर में सात की मौत

बंगलूरू, 13 फरवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक की राजधानी बंगलूरू की सड़कों पर शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। बंगलूरू के होसकोटे के पास शुक्रवार सुबह एक भयानक सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार यह हादसा एम सत्यवर गांव के पास होसकोटे-डाबास्पेटे नेशनल हाईवे पर हुआ। जानकारी के अनुसार, होसकोटे से देवनहली की ओर जा रही एक एसयूवी ने पीछे से एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारी। पुलिस का कहना है कि शुरुआती टक्कर के बाद एसयूवी का चालक नियंत्रण खो बैठा और एक कैंटर वाहन से टकरा गया। इसके बाद एक और कार भी हादसे में हादसे में सात लोगों की मौत हो गई

## 'पैसे लो, लेकिन वोट अपनी मर्जी से दो' रैली में स्टालिन पर गरजे विजय



चेन्नई, 13 फरवरी (एजेंसियां)। तमिलनाडु में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासत में गर्माहट बढ़ गई है। चुनावी रण में राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारियां भी तेज कर दी है। इसी चुनावी गहमागहमी के बीच तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के प्रमुख और अभिनेता दलपति विजय ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए सत्ताधारी दल डीएमके सरकार पर जमकर निशाना साधा। इसके साथ ही रैली के दौरान विजय ने मंच से लोगों को शपथ भी दिलाई। विजय ने अपने संबोधन में कहा कि मेरा वोट मेरा अधिकार है। कोई हमें खरीद नहीं सकता। हमारा वोट 'सीटी' के लिए है। बता दें कि यहां 'सीटी' उनकी पार्टी का चुनाव चिन्ह है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने वोट का सही इस्तेमाल करें और किसी के बहकावे में न आएं। इसके साथ ही विजय ने अपने संबोधन में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर निशाना भी साधा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मेरे लिए एसओपी का मतलब है स्टालिन ऑपरेटिंग प्रोसीजर है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के समय लोगों को पैसे बांटे जाते हैं। विजय ने कहा कि अगर कोई हजारों रुपये देने आए तो वह पैसा ले लें, क्योंकि वह आपका ही पैसा है। लेकिन पैसा लेने के बाद वोट अपनी मर्जी से दीजिए और ऐसे लोगों को 'सीटी बजाकर' विदा कर दीजिए। अपने राजनीतिक अनुभव को लेकर उठ रहे सवालों पर विजय ने कहा कि जो लोग मेरे अनुभव पर सवाल उठा रहे हैं, उनके पास घोटाले करने के अलावा कौन-सा अनुभव है? हां, हमारे पास अनुभव नहीं है।।। हमें लूट का अनुभव नहीं है।

## अवैध हुक्का बार पर छापामारी, पुलिस ने मालिक समेत 14 लोगों को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली में मध्य जिले के नबी करीम थाना क्षेत्र में आवासीय परिसर में अवैध तरीके से चल रहे हुक्का बार पर छापामारी कर पुलिस ने मालिक समेत 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा वहां से 10 नाबालिग को भी पकड़ा गया है। गिरफ्तार हुक्का बार मालिक की पहचान अमरपुरी नबी करीम के मोहम्मद रब्बानी के रूप में हुई है। बाकी 13 आरोपी व 10 नाबालिग वहां हुक्का पीते पकड़े गए। पुलिस ने मौके से छह हुक्का, पानी की पाइप व अन्य उपकरण बरामद किए हैं। उपायुक्त अनंत मित्तल के मुताबिक, नबी करीम पुलिस को सूचना मिली थी कि लक्ष्मणपुरी नबी करीम में आवासीय परिसर में अवैध तरीके से हुक्का बार चलाया जा रहा है। सूचना पर इंस्पेक्टर शिव करन सिंह के नेतृत्व में टीम बनाई गई। फिर आठ फरवरी की देर रात पुलिस टीम ने छापामारी की। छापामारी के दौरान 23 लोग हुक्का पीते पाए गए, जिनमें से 10 नाबालिग थे। पुलिस ने मौके से सभी हुक्का सेट और धूम्रपान सामग्री जब्त की गई। हुक्का बार के मालिक मोहम्मद रब्बानी को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं, पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया

## नहीं चली हिमाचल प्रदेश सरकार की कोई दलील पंचायतीराज चुनाव पर एचसी ने दिया सख्त आदेश



शिमला, 13 फरवरी (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज और शहरी निकायों के चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट से भी राज्य सरकार को राहत नहीं मिली है। पंचायत चुनावों को लेकर शुक्रवार (13 फरवरी, 2026) को सुप्रीम कोर्ट ने स्थिति स्पष्ट कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिए हैं कि 31 मई से पहले हर हाल में चुनाव करवाने होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पुनर्सीमांकन के नाम पर संवैधानिक संस्थाओं के चुनाव को नहीं टाला जा सकता। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की खंडपीठ ने यह फैसला सुनाया है। राज्य की कांग्रेस सरकार ने हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लीव पिटिशन (एसएलपी) दायर की थी। हिमाचल हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि 30 अप्रैल से पहले प्रदेश में पंचायती राज चुनाव संपन्न कराए जाएं। अदालत ने यह आदेश जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद दिया था। हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ राज्य सरकार ने सर्वोच्च अदालत का दरवाजा खटखटाया था। राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में कहा था कि हिमाचल प्रदेश में हाल ही में भारी बारिश और आपदा के कारण नुकसान हुआ है। कई स्थानों पर सड़क मार्ग का कार्य अभी जारी है।

## मोहम्मद दीपक की जिम की सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट्स ने ली मेंबरशिप

देहरादून, 13 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तराखंड के दीपक कुमार के प्रति सुप्रीम कोर्ट के वकीलों ने एकजुटता दिखाई है और 10 हजार रुपये देकर उनके जिम की सदस्यता ली है। सुप्रीम कोर्ट के एक वकील ने नाम न बताने की शर्त पर यह जानकारी दी है। यह वही दीपक कुमार है, जो अपना नाम मोहम्मद दीपक बताने के बाद चर्चा में आया था। कोटद्वार में दीपक कुमार का 'हल्क' जिम है, जिसमें कभी 150 से ज्यादा लोग जिम करने आते थे, लेकिन इस विवाद के बाद जिम में सदस्यों की संख्या कम हो गई है। एक दुकान के नाम को लेकर हुए विवाद के बाद अब उनका जिम लगभग खाली हो गया है

अब कुछ नियमित सदस्य ही यहां जिम के लिए आते हैं। नाम न छापने की शर्त पर एक वकील ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के करीब 12 सीनियर एडवोकेट्स ने 10,000 रुपये का शुल्क चुकाकर एक साल के लिए जिम की मेंबरशिप ली है। वकील ने कहा कि मूल योगदानकर्ता के नाम वाला सदस्यता कार्ड जिम को लेकर उत्साही उन स्थानीय लोगों को प्रदान किया जाएगा जो शुल्क का भुगतान करने में असमर्थ हैं। वकील ने कहा कि दीपक को कुछ अन्य जजों की ओर से भी निःशुल्क कानूनी पैरवी की पेशकश की गई है।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

शनिवार, 14 फरवरी, 2026 3

सुविचार: किसी को प्रेम देना सबसे बड़ा उपहार है और किसी का प्रेम पाना सबसे बड़ा सम्मान है!

## एपी चुनाव आयुक्त ने टीजीएसईसी का दौरा किया



हैदराबाद, 13 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। आंध्र प्रदेश राज्य चुनाव आयुक्त, नीलम साहनी, ने आज राज्य चुनाव आयोग कार्यालय का दौरा किया। उन्होंने टीजीएसईसी कार्यालय, मसाब टैंक, हैदराबाद से वेबकास्टिंग के माध्यम से नगर निगम चुनावों की मतगणना के रुझानों के बारे में जानकारी ली। तेलंगाना राज्य चुनाव आयुक्त, आई. रानी कुमुदिनी ने वेबकास्टिंग के जरिए नगर निगम चुनावों के मतदान और मतगणना प्रक्रिया के लिए किए गए विस्तृत इंतजामों की जानकारी दी। कार्यक्रम में डीजी पुलिस महेश भागवत , कमिश्नर जीएचएमसी आरबी कर्णन , रेरा अध्यक्ष डॉ. एन. सत्यनारायण आईएएस (सेवानिवृत्त), टीजीएसईसी सचिव लिंग्या नायक और टीजीएसईसी (एसईसीयूआरई) सचिव मंदा मकारांडु भी उपस्थित थे।

## सिक्का उछालकर तय हुआ परिणाम, बीआरएस उम्मीदवार विजयी



सिद्दिपेट, 13 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। दुब्बक नगरपालिका चुनाव में एक वार्ड का परिणाम सिक्का उछालकर तय करना पड़ा। बीआरएस उम्मीदवार येल्लव्वा और उनकी भाजपा प्रतिद्वंदी को समान रूप से 357-357 वोट मिले, जिसके बाद अधिकारियों ने नियमों के तहत सिक्का उछालकर विजेता का निर्णय किया। किस्मत ने बीआरएस उम्मीदवार का साथ दिया और उन्हें विजयी घोषित किया गया। इस जीत के साथ बीआरएस अब तक घोषित 20 में से सात वार्डों में बढ़त बना चुकी है और नगरपालिका पर कब्जा जमाने की उम्मीद कर रही है। भाजपा एक वार्ड जीतने में सफल रही है, जबकि कांग्रेस अभी तक खाता नहीं खोल सकी है। अब तक कुल आठ वार्डों के परिणाम घोषित किए गए हैं, शेष वार्डों के नतीजों का इंतजार किया जा रहा है।

## नौ लाख के गांजे के साथ दो युवक गिरफ्तार

### ओडिशा से सिकंदराबाद ला रहे थे गांजा



हैदराबाद, 13 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। ओडिशा के बालुगांव से सिकंदराबाद तक गांजा की अंतरराज्यीय तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए राजकीय रेलवे पुलिस सिकंदराबाद (जीआरपी) तथा रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ)ने संयुक्त अभियान में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से अठारह किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत नौ लाख चौदह हजार चार सौ रुपये बताई गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अभिषेक सिंह उर्फ गोलू सिंह, निवासी बलिया जिला उत्तर प्रदेश, (25)तथा अभिषेक कुमार सिंह उर्फ अभिनाश, मूल निवासी दक्षिण चौबीस परगना पश्चिम बंगाल (23) के रूप में हुई है। दोनों आपस में रिश्तेदार हैं और जीविका के लिए विभिन्न कार्य करते थे। अधिक धन कमाने की लालसा में वे गांजा तस्करी में शामिल हो गए। पुलिस के अनुसार लगभग दो माह पूर्व अभिषेक सिंह रोजगार की तलाश में भुवनेश्वर गया था, जहां उसकी मुलाकात डिगल नामक व्यक्ति से हुई, जो चिल्का, ओडिशा का निवासी है और अवैध रूप से गांजा विभिन्न राज्यों में पहुंचाने का कार्य करता है।

डिगल ने प्रत्येक यात्रा के लिए पंद्रह हजार रुपये देने का प्रस्ताव रखा, जिसे अभिषेक सिंह ने स्वीकार कर लिया। दस फरवरी दो हजार छब्बीस को डिगल ने उसे दूरभाष पर संपर्क कर एक और विश्वसनीय व्यक्ति साथ लाने को कहा। इसके बाद अभिषेक सिंह गोलू ने अभिषेक कुमार सिंह को योजना बताई और वह भी तैयार हो गया। दोनों भुवनेश्वर से रेलगाड़ी द्वारा सिकंदराबाद के लिए रवाना हुए। ग्यारह फरवरी को बालुगांव रेलवे स्टेशन पर डिगल ने उन्हें अठारह किलोग्राम दो सौ अठासी ग्राम गांजा से भरे दो बैग सौंपे और निर्देश दिया कि सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन के सामान्य प्रतीक्षालय में पहुंचकर एक व्यक्ति को माल सौंप दें। बारह फरवरी को प्रातः लगभग साढ़े ग्यारह बजे दोनों सिकंदराबाद पहुंचे और प्रतीक्षालय में इंतजार करने लगे।

इसी दौरान सतर्कता जांच कर रही राजकीय रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने उन्हें पकड़ लिया तथा गांजा जब्त कर लिया। मुख्य आरोपी डिगल घटना के बाद से फरार है और उसकी तलाश की जा रही है। वरिष्ठ अधिकारियों के पर्यवेक्षण में यह पूरी कार्रवाई सफलतापूर्वक संपन्न की गई।

CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Savitha. W/o, JC 774023H, Sub, Govind Raj R, R/o, Dist: Bangalore, Karnataka changed my name from Savitha to N Savitha Govindaraju vide Affidavit No.BN 820931 dt. 11.02.2026, before Spl Judicial Magistrate, Hyderabad.

सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

## सिद्दिपेट में बाघ को पकड़ने के प्रयास तेज, आरक्षित वन में लगाया पिंजरा

चौदराम (सिद्दिपेट), 13 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सिद्दिपेट जिले के गांवों में दहशत फैला रहे बाघ को बेहोश कर पकड़ने के लिए वन विभाग ने अभियान तेज कर दिया है। स्थानीय पशु चिकित्सकों ने पुणे से आई विशेष रेस्क्यू टीम के साथ गुरुवार रात शिंगाराम गांव के बाहरी इलाके में पिंजरा लगाकर बाघ को पकड़ने का प्रयास किया।

हालांकि बाघ वहां नहीं आया और रात में पश्चिम दिशा की ओर चौदराम गांव की तरफ बढ़ गया। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने उसके पदचिह्न देखे और वन अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद टीमें चौदराम पहुंचीं और आरक्षित वन क्षेत्र में पिंजरा लगाकर निगरानी शुरू कर दी गई।

वन विभाग ने चौदराम और गुंडाराम गांवों के बीच आरक्षित वन से गुजरने वाली सड़क को बंद कर दिया है। कृषि क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति रोक दी गई है और 15 किलोमीटर के दायरे के गांवों को सतर्क कर शाम और सुबह खेतों से दूर रहने की सलाह दी गई है। सिद्दिपेट के वन रेंज अधिकारी सैयद इकरामुद्दीन ने बताया कि ग्रामीणों को लगातार सतर्क किया जा रहा है। घने जंगल और पहाड़ी क्षेत्र के कारण ड्रोन निगरानी में भी कठिनाई आ रही है।

## नगर पालिका चुनावों में जनता का समर्थन मिला : महेश गौड़



हैदराबाद, 13 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस समिति (टीपीसीसी ) के अध्यक्ष व एमएलसी महेश कुमार गौड़ ने शुक्रवार को कहा कि नगर पालिका चुनावों में कांग्रेस की शानदार विजय राज्य सरकार के 'प्रजा पालना'(जन शासन) मॉडल को जनता का मजबूत समर्थन है। पत्रकारों से बात करते हुए टीपीसीसी प्रमुख ने दावा किया कि कांग्रेस ने पूरे तेलंगाना में निर्णायक जनादेश प्राप्त किया है, जिसमें 90 से अधिक नगरपालिकाएँ, 4 नगर निगम, 1,300 से अधिक वार्ड और 154 से अधिक डिवीज़न जीते हैं। उन्होंने कहा कि यह परिणाम जनता के पार्टी के शासन और विकास एजेंडा में विश्वास को दोबारा साबित करता है। गौड़ ने इस विजय का श्रेय मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के नेतृत्व, पारदर्शी प्रशासन, कल्याण योजनाओं, सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण, किसान सहायता और युवा रोजगार पहलों के प्रति ध्यान केंद्रित रहने को दिया। इस परिणाम को 'तेलंगाना राइजिंग 2047' की दीर्घकालिक दृष्टि के लिए 'नवीन आशीर्वाद' बताते हुए उन्होंने कहा कि इस जनादेश के साथ विकास को तेज करने और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की बड़ी जिम्मेदारी भी आती है। गौड़ ने विपक्षी दलों की भी आलोचना की और उन पर मतदाताओं को गुमराह करने का आरोप लगाया, यह कहते हुए कि मतदाताओं ने नकारात्मक राजनीति के बजाय विकास को चुना है। उन्होंने कहा कि सरकार शहरी प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जिसमें पेयजल आपूर्ति, सड़कें, स्वच्छता और बिजली सुविधाओं को मजबूत करना शामिल है। गौड़ ने विजय हासिल करने में पार्टी के उम्मीदवारों, नेताओं और जमीनी कार्यकर्ताओं को बधाई दी और पारदर्शी, जनताकेंद्रित शासन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

## एनएफडीबी का 'एक्स' अकाउंट हैक

### साइबर क्राइम पुलिस ने शुरू की जांच

हैदराबाद, 13 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। अज्ञात व्यक्तियों ने कथित तौर पर राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड (एनएफडीबी) के आधिकारिक 'एक्स' खाते को हैक कर उस पर नियंत्रण कर लिया। मामले की जानकारी मिलते ही केंद्रीय एजेंसी ने पुलिस से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार अधिकारियों को तब संदेह हुआ जब वे फरवरी के पहले सप्ताह से अपने सत्यापित खाते तक पहुंच नहीं बना पा रहे थे। आरोप है कि हैकरों ने खाते का नाम बदल दिया और संदिग्ध सामग्री पोस्ट करनी शुरू कर दी, जिससे संस्था की साख को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई। वरिष्ठ अधिकारियों की शिकायत पर हैदराबाद साइबर क्राइम पुलिस ने गुरुवार को मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। एजेंसी ने बताया कि इस खाते को केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी फॉलो करते हैं, इसलिए किसी भी आपत्तिजनक पोस्ट से विश्वसनीयता प्रभावित हो सकती है। एनएफडीबी का कार्यालय पीवीएनआर एक्सप्रेसवे के पास स्थित है। अधिकारियों ने 'एक्स' प्रबंधन को भी घटना की सूचना देकर खाते को शीघ्र बहाल करने की मांग की है। साइबर अपराध प्राधिकरण अब हैकिंग के पीछे शामिल लोगों का पता लगाने में जुटे हैं।

## जीत के बाद विवाद, बीआरएस पार्षद के पति पर हमला

सिद्दिपेट, 13 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। गजवेल नगरपालिका में शुक्रवार को बीआरएस की निर्वाचित पार्षद की जीत के कुछ घंटों बाद ही विवाद की स्थिति बन गई। दूसरे वार्ड से बीआरएस उम्मीदवार ममता की जीत के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर उनके पति पर हमला करने का आरोप लगा है। बताया गया कि जीत के बाद बीआरएस कार्यकर्ता ममता से पराजित कांग्रेस उम्मीदवार के घर के पास से नारे लगाते हुए गुजरे। इससे नाराज होकर कांग्रेस उम्मीदवार और उनके समर्थकों ने कथित तौर पर ममता के पति संतोष तथा अन्य बीआरएस कार्यकर्ताओं पर हमला कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल रहा। घटना के संबंध में बीआरएस नेता ने गजवेल नगर पुलिस थाने में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## स्वच्छता कर्मियों पर विशेष फोकस के साथ नि:शुल्क कैंसर स्क्रीनिंग शिविर

### जीएचएमसी की स्टाफ को कैंसर से बचाने के लिए विशेष पहल



हैदराबाद, 13 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। कैंसर बीमारी चुपचाप फैलती जा रही है। उचित सुविधाओं के अभाव और लापरवाही के कारण कई लोग समय पर स्वास्थ्य जांच नहीं करा पा रहे हैं। इसी पृष्ठभूमि में जीएचएमसी ने अपने कर्मचारियों, स्वच्छता कर्मियों और स्टाफ को कैंसर से सुरक्षित रखने के लिए विशेष पहल शुरू की है।

इस कार्यक्रम के तहत स्वच्छता कर्मियों और कर्मचारियों के लिए कार्किनोस हेल्थ केयर के सहयोग से जीएचएमसी मुख्य कार्यालय में मोबाइल नि:शुल्क कैंसर जागरूकता एवं स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया है। महिलाओं के लिए ओरल, स्तन (ब्रेस्ट) और सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग जांचें तथा पुरुषों के लिए ओरल कैंसर की स्क्रीनिंग जांच की जा रही है। कैंसर के प्रति भय दूर करने, जागरूकता कार्यक्रम चलाने, बीमारी से बचाव के लिए एहतियाती कदम उठाने तथा जोखिम वाले व्यक्तियों की पहचान के लिए स्क्रीनिंग जांचें की जा रही हैं। इन जांचों के माध्यम से बीमारी का प्रारंभिक चरण में पता लगाकर आवश्यक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस कार्यक्रम को इंडियन कैंसर सोसाइटी द्वारा वित्तीय सहयोग प्रदान किया जा रहा है। अब तक 20 सर्किलों को कवर किया जा चुका है।

आयुक्त आर.वी. कर्णन ने जीएचएमसी मुख्य कार्यालय में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। मोबाइल नि:शुल्क कैंसर जागरूकता एवं स्क्रीनिंग शिविरों के संचालन की आयुक्त आर.वी. कर्णन लगातार निगरानी कर रहे हैं और अधिकारियों को निर्देश दे रहे हैं कि प्राथमिक स्तर पर प्रभावी जांच सुनिश्चित की जाए। जूनियर सहायक, हेल्थ सेक्शन, जीएचएमसी, शैलजा ने कहा कि जीएचएमसी कर्मचारियों के लिए मोबाइल नि:शुल्क कैंसर जागरूकता एवं स्क्रीनिंग शिविर आयोजित कर रही है। स्वच्छता कर्मियों पर विशेष ध्यान देते हुए यह शिविर चलाया जा रहा है। यदि बीमारी प्रारंभिक स्तर पर पहचान ली जाए तो उपचार आसान हो जाता है।

स्वच्छता कर्मियों के लिए यह शिविर अत्यंत लाभकारी है। स्वच्छता कर्मी, मलकपेट, जी. प्रमिला ने कहा कि स्वच्छता कर्मियों और कर्मचारियों के लिए जीएचएमसी की विशेष पहल पर मोबाइल नि:शुल्क कैंसर जागरूकता एवं स्क्रीनिंग शिविर आयोजित करना सराहनीय है। यह हमारे स्वास्थ्य के प्रति जीएचएमसी की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हमने जीएचएमसी मुख्य कार्यालय में जांच कराई है और अपने सहकर्मी स्वच्छता कर्मियों को भी स्क्रीनिंग जांच कराने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।



**आगामी 15 फरवरी को रामचंद्र डोंग्रेजी महाराज गौशाला द्वारा मेडचल स्थित श्री उमिया माता मंदिर मे आयोजित जन्म शताब्दी महोत्सव कार्यक्रम स्थल भूमिपूजन किया गया तथा कार्यक्रम मे पधारने हेतु विभिन्न संस्थाओ के पदाधिकारीयो, समाजबंधु आदि गणमान्यो को निमंत्रीत किया गया। अवसर पर जसमत पटेल, अशोक पटेल, मनसुख पटेल, वसंत पटेल, कांतीलाल गोराणी, अमृत पटेल, रिद्धीश जागीरदार, तरूण महेता, मुकेश चौहान, हसमुख पटेल, प्रवीण पटेल एवं अन्य उपस्थित थे।**

## कांग्रेस ने नगरपालिका चुनावों में भारी बढ़त बनाई : उत्तम

### मंत्री ने कल्याण योजनाओं को विजय का श्रेय दिया

हैदराबाद, 13 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। सिंचाई मंत्री एन. उत्तम कुमार रेड्डी ने तेलंगाना में हुए नगरपालिका चुनावों में कांग्रेस पार्टी की लगभग सर्वव्यापी विजय को विकासप्रधान गति बताया है। मंत्री ने कहा कि कल्याण योजनाओं और संगठनात्मक मजबूती ने शहरी स्थानीय निकायों में शानदार जीत सुनिश्चित की है, और परिणामों में जनता का सरकार की पहलों तथा शासन व्यवस्था में भरोसा झलकता है। कांग्रेस अब पहले से कहीं अधिक संगठित है और कार्यकर्तानेताओं के संयुक्त प्रयासों का नतीजा स्पष्ट जनादेश के रूप में सामने आया है। उत्तम कुमार रेड्डी ने विजय का श्रेय विशेष रूप से उन कल्याण कार्यक्रमों को दिया जो शहरी मतदाताओं के बीच पार्टी की पहुंच को बढ़ा रहे हैं, जैसे कि फ्री फाइन राइस वितरण, महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा, इंदिरम्मा हाउसिंग, कृषि के लिए समय पर पानी की छुट और उन्नत धान क्रय रिकॉर्ड आदि। उन्होंने इसे कांग्रेस सरकार के मध्यअवधि शासन समर्थन का मजबूत मूल्यांकन बताया और कहा कि अधिकांश नगरपालिकाओं में पार्टी ने निर्णायक बढ़त बनाई है, जिससे विकास तथा कल्याण एजेंडे में जनता का विश्वास स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

## बीसी आत्मआश्रय पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : कुमारस्वामी

### पुलिस अधिकारी के प्रति अपशब्दों पर बीसी दल का तीखा हल्ला

हैदराबाद, 13 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। संगारेड्डी में चुनावी ड्यूटी के दौरान सर्कल इंस्पेक्टर शिवकुमार के साथ कथित अपशब्दों और अभद्र व्यवहार की कड़ी निंदा करते हुए बीसी दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व बीसी आरक्षण साधना समन्वय जेएसी के अध्यक्ष डुंड्रा कुमारस्वामी ने कहा है कि किसी बीसी अधिकारी की गरिमा पर हमला पूरे पिछड़ा वर्ग समुदाय के सम्मान पर हमला है। बीसी दल कार्यालय, काचिगुडा में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कुमारस्वामी ने इस घटना को "बीसी भावनाओं के लिए गहरा आघात" बताया और चेतावनी दी कि पिछड़ा वर्ग के आत्मसम्मान पर किसी भी प्रकार के हमले को चुपचाप स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कानूनन ड्यूटी निभा रहे पुलिस अधिकारी को सार्वजनिक रूप से अपमानित करना लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करता है और लोकसंस्थाओं के प्रति सम्मान को गिराता है। सीआई शिवकुमार के यादव समुदाय से होने का उल्लेख करते हुए कुमारस्वामी ने कहा कि कई बीसी युवाओं ने कठिन परिश्रम और प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से पद प्राप्त किए हैं, और ऐसे घटनाक्रम नए उम्मीदवारों के उत्साह को धूमिल कर सकते हैं। कुमारस्वामी ने कहा कि कांग्रेस द्वारा किए गए कामारेड्डी घोषणापत्र के आश्वासनों के आधार पर बीसी समुदाय ने कांग्रेस को विश्वास के साथ समर्थन दिया था। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को अपने आचरण में जिम्मेदारी और उत्तरदायित्व का प्रदर्शन करना चाहिए। सरकार से उचित जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि वे इस मुद्दे को राष्ट्रीय नेतृत्व के ध्यान में लाने के लिए राहुल गांधी को पत्र लिखेंगे

## छात्रा को परेशान करने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

हैदराबाद, 13 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मेडिपल्ली उपनगर में शुक्रवार को एक 19 वर्षीय कॉलेज छात्रा द्वारा प्रस्ताव ठुकराए जाने के बाद कथित तौर पर उसे परेशान करने के आरोप में पुलिस ने 33 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, बोडुप्पल निवासी सुरेश नाम का संदिग्ध पीड़िता के पड़ोस में ही रहता था। बताया जाता है कि उसकी युवती से जान-पहचान हुई और बाद में उसने उसका मोबाइल नंबर प्राप्त कर लिया। समय बीतने के साथ, वह उस पर दबाव डालने लगा, यह दावा करते हुए कि वह उससे प्यार करता है और उससे शादी करने के लिए दबाव डालता रहा। पुलिस ने बताया कि उत्पीड़न तब और बढ़ गया जब वह व्यक्ति कथित तौर पर कॉलेज जाते समय नियमित रूप से उसका पीछा करता था और उसकी अरुचि के बावजूद उसे परेशान करता रहता था। बार-बार हो रहे उत्पीड़न को सहन न कर पाने के कारण छात्रा ने मेडिपल्ली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। उसके बयान के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## माली समाज सेवा संस्थान द्वारा

### 'महाशिवरात्रि विशाल जागरण' कल

हैदराबाद, 13 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। माली समाज सेवा संस्था, हैदराबाद (तेलंगाना) द्वारा महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में 24वाँ वार्षिकोत्सव एवं 'एक शाम श्री शिवजी भगवान के नाम' महाशिवरात्रि विशाल जागरण का आयोजन महाशिवरात्रि रविवार 15 फरवरी को रात्रि 9.30 बजे से शृंग ऋषि भवन,फीलखाना में किया जायेगा । उक्त जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति में मंत्री चेलाराम परिहार (सुरेश) द्वारा दी गई। महाशिवरात्रि महोत्सव के अन्तर्गत सायं 7 बजे से सभी समाज बन्धुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था रखी गई है । रात्रि 9.30 बजे से आयोजित 'एक शाम श्री शिवजी भगवान के नाम' महाशिवरात्रि विशाल जागरण कार्यक्रम में राजस्थान के भजन गायक लालगिरी महाराज एण्ड पार्टी, मिठौड़ा, बालोतरा द्वारा प्रस्तुत किए जायेंगे ।

माली समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष भगवानाराम सुंदेशा, मंत्री भगाराम सुंदेशा, चेलाराम परिहार (सुरेश) एवं कोषाध्यक्ष बाबुलाल सोलंकी ने सभी समाज बन्धुओं को कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पधार कर प्रसाद एवं भजन लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है ।

## महादेव के नाम विशाल जागरण कल

हैदराबाद, 13 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। गोशामहल स्थिति मालाणी जाट समाज के तत्वावधान में एक शाम महादेवजी के नाम विशाल जागरण महाशिवरात्रि पर्व के आयोजन किया गया है। अध्यक्ष भंवरलाल गोदारा, उपाध्यक्ष बाबूलाल भादु, कोषाध्यक्ष हरीश रोपड़िया, सह सचिव रूपाराम साईं, की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में महोत्सव की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा करते हुए विभिन्न व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। श्री गोदारा ने बताया कि एक दिवसीय महाशिवपुराण महोत्सव गोशामहल स्थिति में हजारी भवन में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

रविवार रात्रि में भगवान शिव का भव्य दरबार सजाया जाएगा। दीप प्रज्वलन के साथ जागरण का शुभारंभ होगा। भजन गायक दलपतजी जाट व महेशजी पंवार सादड़ी एण्ड पार्टी द्वारा पूरी रात्रि भजनों की सुमधुर प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठेगा। विशिष्ट अतिथियों का समाज की ओर से सम्मान किया जाएगा। कार्यस्थल पर महा प्रसादी व्यवस्था रहेगी। महोत्सव को सफल बनाने हेतु समाज के विभिन्न सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

## चौथी मंजिल से गिरकर इंटर छात्रा की मौत

पटना, 13 फरवरी (एजेंसियां)। फुलवारी शरीफ में 12वीं की छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। छात्रा सुबह कोचिंग पहुंची फिर चंद मिनट में ही चौथे फ्लोर से गिर गई। जिससे उसकी मौत हो गई। परिवार ने इसे हत्या बताया है। पिता और भाई का कहना है कि पिंकी की बॉडी पर चोट के निशान मिले। पिछले हिस्से में नुकीली चीज से मारा गया है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। कोचिंग के सीसीटीवी में छात्रा दिखाई दे रही है। इसमें वो हड़बड़ी में सीढ़ियों पर जाती दिख रही है। उसके पीछे 2 लड़के भी जाते दिख रहे हैं। थोड़ी देर बाद छात्रा बिल्डिंग से नीचे गिरती दिख रही है। घटना एम्स गोलंबर के पास हरी नगर कॉलोनी की है।

# तेज प्रताप-ऐश्वर्या-अनुष्का: तलाक सुलह या नया बवाल

पटना, 13 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार की सियासत से ज्यादा इस वक्त चर्चा में है एक पारिवारिक संग्राम। तेज प्रताप यादव, ऐश्वर्या राय और अनुष्का यादव- तीनों नाम फिर सुर्खियों में हैं। पटना की फैमिली कोर्ट में 24 फरवरी को तलाक मामले की अहम सुनवाई होनी है। तीसरी बार मध्यस्थता की कोशिश होगी, यानी 'सुलह की एक और पारी'। फैमिली कोर्ट के प्रिंसिपल जज सुनील दत्त पांडेय के समक्ष दोनों पक्ष आमने-सामने होंगे। अदालत ने आपसी सहमति से समाधान निकालने का निर्देश दिया है। इससे पहले दो बार मध्यस्थता हो चुकी है, लेकिन नतीजा शून्य रहा। एक बैठक चिड़ियाघर में और दूसरी बड़े होटल में हुई थी। बताया जाता है कि इस बार अदालत ज्यादा गंभीर रुख में है।

### आरोप-प्रत्यारोप का दौर

ऐश्वर्या ने अपनी सास राबड़ी देवी पर घरेलू हिंसा का आरोप लगाया था। वहीं तेज प्रताप तलाक पर अड़े बताए जाते हैं। कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि पर्याप्त साक्ष्य नहीं हुए तो याचिका खारिज भी हो सकती है। अगर वैवाहिक संबंधों से बाहर रिश्ते के आरोप साबित होते हैं, तो मामला नया मोड़ ले सकता है। यानी कोर्टरूम में हर दलील अहम होगी।

### गुजारा भत्ता और आवास विवाद

फैमिली कोर्ट ऐश्वर्या को अंतरिम गुजारा भत्ता देने का आदेश दे चुका है। गोला रोड स्थित फ्लैट को लेकर भी विवाद रहा। ऐश्वर्या ने एसके पुरी में सुविधायुक्त आवास और डेढ़ लाख रुपये मासिक भत्ता की मांग की है। दोनों का विवाह 12 मई 2018 को हुआ था। छह महीने बाद ही नवंबर 2018 में तलाक की अर्जी दाखिल कर दी गई थी।



### अनुष्का एंगल ने बढ़ाई हलचल

मई 2025 में सोशल मीडिया पर अनुष्का के साथ तस्वीर वायरल हुई। पोस्ट में 12 साल के रिश्ते का दावा किया गया था। बाद में तेज प्रताप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रिश्ते से इनकार किया। अब अनुष्का के मां बनने और बेटी 'उज्जैनी' के जन्म की खबर ने नया बवाल खड़ा कर दिया है।



### 24 फरवरी पर टिकी निगाहें

अब सबकी नजर 24 फरवरी की सुनवाई पर है। क्या तीसरी मध्यस्थता सफल होगी? या फिर तलाक की राह और साफ होगी? सियासत, परिवार और अदालत तीनों के बीच फंसा यह मामला आने वाले दिनों में और भी दिलचस्प मोड़ ले सकता है।

## एक्सप्रेस की बोगी में जंजीर से लटका मिला शव

पूर्वी चंपारण, 13 फरवरी (एजेंसियां)। आनंद विहार से रक्सौल पहुंची सत्याग्रह एक्सप्रेस के स्लीपर कोच संख्या-5 की बर्थ संख्या 57 पर एक 35 वर्षीय युवक ने लोहे की जंजीर से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। ट्रेन रात्रि करीब 11 बजे वाशिंग पिट पहुंची, जहां ऑन ड्यूटी रेलकर्मियों की नजर युवक पर पड़ी। इसकी सूचना तत्काल आरपीएफ और रेल पुलिस को दी गई। इसके बाद शव को कोच से नीचे उतारा गया। मृत युवक की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। रेल डीएसपी बेतिया राजेश कुमार ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल की जांच की। प्रारंभिक जांच में शरीर पर किसी प्रकार के बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं।

## एक्टर राजपाल यादव के लिए एएसपी अनुज चौधरी मदद के लिए आगे आए

लखनऊ, 13 फरवरी (एजेंसियां)। अपने विवादित बयानों से सुर्खियों में रहने वाले एएसपी अनुज चौधरी का नाम एक बार फिर से चर्चा में है। तिहाड़ जेल में सजा काट रहे मशहूर कॉमेडियन और अभिनेता राजपाल यादव की मदद के लिए एएसपी अनुज चौधरी सामने आए हैं। फिरोजाबाद जिले के एएसपी अनुज चौधरी ने राजपाल यादव के लिए 51 हजार रुपये देने का ऐलान किया है। इसकी जानकारी खुद अनुज चौधरी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करते हुए दी है। खास बात यह है कि एएसपी यह रकम किसी फंड से नहीं बल्कि अपनी सैलरी से देंगे। राजपाल यादव की प्रशंसा करते हुए एएसपी अनुज चौधरी ने कहा कि वह अभिनेता के बड़े प्रशंसक हैं। 'मैंने राजपाल यादव की कई फिल्में देखी हैं और मुझे उनसे अच्छा कलाकार कोई नहीं लगता। एक कलाकार के तौर पर मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं और उनकी इस कठिन परिस्थिति को देखते हुए अपनी सैलरी से 51 हजार रुपये की मदद देना चाहता हूं।'

## कोडीन सीरप मामले में बड़ी कार्रवाई 5.5 करोड़ की संपत्ति जब्त

कानपुर, 13 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में कोडीन युक्त कफ सिरप के अवैध भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कानपुर और वाराणसी पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 5.5 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति जब्त की है तथा 35 लाख रुपये से अधिक की धनराशि वाला बैंक खाता फ्रीज कराया है। पुलिस के अनुसार, कानपुर निवासी विनोद अग्रवाल पहले से ही कोडीन सिरप मामले में जेल में है। उसके विरुद्ध कलक्टरगंज थाने में विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि अभियुक्त ने अवैध कोडीन सिरप कारोबार से अर्जित धनराशि से विभिन्न संपत्तियां अर्जित की थीं। गुरुवार को वाराणसी पुलिस की टीम ने सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में एनडीपीएस एक्ट की धारा 68(एफ) के अंतर्गत जब्ती की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान कानपुर नगर के ग्वालटोली, चकेरी, कलक्टरगंज एवं जाजमऊ क्षेत्र में स्थित लगभग पांच करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां जब्त की गईं।

## अपहृत डॉक्टर समस्तीपुर से सकुशल बरामद

पटना, 13 फरवरी (एजेंसियां)। पटना में दिनदहाड़े हुए एक सनसनीखेज अपहरण कांड का पुलिस ने महज 24 घंटे में खुलासा कर दिया। फुलवारी शरीफ के जानीपुर इलाके से अगवा किए गए डॉक्टर को समस्तीपुर से सुरक्षित बरामद कर लिया गया। अपराधियों ने 70 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी और रकम नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। इस ऑपरेशन को पटना पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है।

## 'वंदे-मातरम लागू किया तो बीजेपी ने छीन लिया मंत्री पद

झांसी, 13 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम् को लेकर नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। गृह मंत्रालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि अब सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों और अन्य औपचारिक आयोजनों में 'वंदे मातरम्' बजाया जाएगा। इस दौरान वहां मौजूद हर युवक का खड़ा होना अनिवार्य होगा। वहीं, करीब 27 साल पहले इसी मुद्दे पर बड़ा विवाद खड़ा हुआ था। झांसी के पूर्व विधायक और उत्तर प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री रहे डॉ रविन्द्र शुक्ल ने स्कूलों में 'वंदे मातरम्' अनिवार्य करने का फैसला लिया था। उस समय इस फैसले को लेकर राजनीतिक हलचल मच गई थी। बाद में उन्हें मंत्री पद से हटा दिया गया था। उस दौरान भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी। 'वंदे मातरम्' लागू होने के बाद रविंद्र शुक्ल ने कहा- यदि सरकार उस समय ही स्पष्ट रुख अपना लेती, तो भाजपा को वनवास नहीं झेलना पड़ता और वह इतने लंबे समय तक उत्तर प्रदेश की सत्ता से बाहर नहीं रहती। अब इसे पूरे देश में लागू किया गया है। देर से ही सही, लेकिन फैसला सही लिया गया है।

## सुमन समझकर फेरे लिए निकली 3 बच्चों की मां

सुल्तानपुर, 13 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जो 'निकाह' और 'फेरों' के नाम पर वसूली का धंधा चला रहा था। राजस्थान से आए एक परिवार को झांसा देकर शादी रचाने वाली 'लुटेरी दुल्हन' और उसके गैंग को पुलिस ने दबोच लिया है। पकड़ी गई दुल्हन न सिर्फ पहले से शादीशुदा निकली, बल्कि वह तीन बच्चों की मां भी है। धमकी से घबराए जगदीश ने तुरंत धनपतगंज पुलिस को फोन किया। पुलिस ने जब मौके पर पहुंचकर दुल्हन से कड़ाई से पूछताछ की, तो चौंकाने वाली सच्चाई सामने आई। जिसे सुमन समझकर शादी की गई थी, उसका असली नाम मुस्कान है।

# यूजीसी बिल को लेकर पल्लवी पटेल ने सरकार को दी चुनौती

**लखनऊ, 13 फरवरी (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में यूजीसी बिल को लेकर अपना दल कमेरावादी पार्टी नेता और सिराथू सीट से विधायक पल्लवी ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने जानबूझकर यूजीसी बिल को कोर्ट के दांवपेंच में फंसा दिया है। लेकिन, एक दिन यहीं सरकार घुटनों पर आकर इसे लागू करेगी। पल्लवी पटेल ने राज्यपाल के अभिभाषण पर अपनी बात रखते हुए कहा कि मैं भारतीय जनता पार्टी से पूछना चाहती हूं कि आपकी दृष्टि बदलाव, सुधार और रिफॉर्म क्या है? क्या आपकी नजर मे रिफॉर्म सिर्फ आंकड़ों तक सीमित है या सत्ता प्राप्ति तक सीमित है। क्योंकि, झूठे आंकड़े पेश करके सुधार विकास के दावे करके छवि नहीं सुधार सकते हैं।

### यूजीसी बिल को लेकर सरकार को घेरा

सिराथू विधायक ने कहा कि जिस बदलाव, सुधार और रिफॉर्म की हम बात कर रहे हैं उसका उद्देश्य है न्याय, समानता और दक्षता है लेकिन, बीजेपी की सरकार ने इस विचार के उद्देश्य की धज्जियां उड़ा दी है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं है तो क्या कारण था कि देश के उच्च संस्थानों में समानता के भाव को उजागर करने के लिए जिस यूजीसी एक्ट 2026 को संसदीय समिति की संस्तुति के बाद और कोर्ट के निर्देशानुसार लाया गया क्यों आपने उसे लाकर पिछड़ा वंचित समाज को खुश होने का अवसर दिया और फिर सोची समझी रणनीति के तहत सड़कों पर तनाव पैदा करने का काम किया। इसके बाद इसे न्यायपालिका के पेचीदा घुमाव में फंसा दिया।



### भारतीय जनता पार्टी पर उठाए सवाल

पल्लवी पटेल ने सवाल किया आपको ये करके क्या मिला? यूजीसी समानता अधिनियम के लागू होने के बाद यहां सालों से चले आ रहे वंचित और अगड़ा समाज की खाई को पाटा जा सकता था लेकिन आपने इस खाई को और गहरा कर दिया। ये तो वहीं बात हुई चित भी अपनी और पट भी अपनी। जितना सवाल आज इस सरकार पर उठ रहा है उतना है सवाल आज हम जन प्रतिनिधियों पर भी उठ रहा है। क्योंकि वंचित समाज आज उच्च शिक्षा और सम्मान के लिए अपने जनप्रतिनिधियों की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है। ये हम सबकी जिम्मेदारी है कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर इस पर चर्चा की जाए।।

### 'घुटनों पर आकर लागू करेगी सरकार'




उन्होंने रामधारी सिंह दिनकर की कविता पढ़ते हुए कहा कि 'जो तटस्थ है समय लिख देगा उसका भी अपराध।।' पल्लवी ने कहा कि मैं भविष्य वक्ता तो नहीं लेकिन याद रखिए जिस बीजेपी सरकार ने इस यूजीसी बिल को कोर्ट में फंसाकर का काम किया वहीं घुटनों पर आकर इस बिल को लागू करेगी। बीजेपी का हर कदम रिफॉर्म नहीं होता है।



# लैंबोर्गिनी कांड यूपी विधानसभा में भी गूंजा

## सपा विधायक नसीम सोलंकी ने उठाया मुद्दा

कानपुर, 13 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश विधानसभा कानपुर के लैंबोर्गिनी केस की गूँज सुनाई दी। समाजवादी पार्टी की विधायक नसीम सोलंकी ने राज्यपाल के अभिभाषण पर अपनी बात रखते हुए इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने कानपुर शहर में नशे के बढ़ती समस्या पर चिंता जताते हुए कहा कि इस हादसे में गाड़ी चला रहा ड्राइवर भी नशे की हालत में था। इस बात को प्राथमिकता देते हुए ध्यान दिया जाना चाहिए। कानपुर की सीसामऊ सीट से सपा विधायक नसीम सोलंकी ने महिलाओं की सुरक्षा और नशे की बढ़ते जाल का मुद्दा सदन में उठाया। सपा विधायक ने कहा कि राज्य में सबसे गंभीर विषय महिलाओं की सुरक्षा बड़ा विषय है। शहरों में छेड़छाड़ और घरेलू हिंसा ने महिलाओं में असुरक्षा की भावना पैदा की है।

### नसीम सोलंकी ने किया लैंबोर्गिनी कांड का जिक्र

सपा विधायक आगे कहा कि कानपुर के शहरी क्षेत्रों में नशे का फैलता जाल बेहद चिंतनीय विषय हैं। आज की युवा पीढ़ी नशे के जाल की गिरफ्त में आ जाती हैं। उन्होंने कहा कि ये बात मैं इसलिए कह रही हूं क्योंकि कानपुर में अभी एक हादसा हुआ है लैंबोर्गिनी कार का, उसमें भी जो ड्राइवर था वो नशे की हालत में था। तो इस बात पर प्राथमिकता रखते हुए ध्यान दिया जाना चाहिए।

### योगी सरकार से की ये मांग

नसीम सोलंकी ने इस दौरान सदन में धार्मिक स्थलों को सौंदर्यीकरण और महिलाओं के स्पेशल बसें चलाने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि सीसामऊ क्षेत्र में धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों को सौंदर्यीकरण कराया जाए।

## पुलिस का नशा तस्करों पर एक्शन, 2.5 करोड़ का 500 किलो गांजा बरामद

अलीगढ़, 13 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेशः अलीगढ़ पुलिस ने गांजा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ढाई करोड़ रुपये की कीमत का 500 किलो गांजा बरामद किया है। इस ऑपरेशन में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि छह अन्य आरोपी फरार हैं। बताया जाता है कि ये आरोपी बड़े स्तर पर गांजे की खेप को अलग-अलग राज्यों से लाकर अलीगढ़ में सप्लाई करने का काम करते थे। दरअसल पूरा मामला जिला अलीगढ़ के कोतवाली इगलास का है, जहां पुलिस ने अंतर्जनपदीय गांजा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है।

## सुसाइड केस में बेघर होगा 3 शादियों वाला पिता


निशिका (16 साल)


प्राची (14 साल)


पाखी (12 साल)

गाजियाबाद, 13 फरवरी (एजेंसियां)। टीला मोड़ थाना क्षेत्र की 'भारत सिटी सोसाइटी' में 4 फरवरी की सुबह जो चीखें गूंजी थीं, उनका दर्द अब गहरे रहस्यों में बदल गया है। तीन नाबालिग बहनों की मौत के बाद अब इस केस में ऐसे खुलासे हो रहे हैं, जिसने पुलिस और सोसाइटी के लोगों को सुन्न कर दिया है। एक तरफ पिता चेतन अपनी तीन बेटियों की मौत के गम में डूबे हैं, वहीं उन्हें एक और झटका लगा। फ्लैट मालिकों ने चेतन को नीचे बुलाकर साफ कह दिया कि वे तुरंत फ्लैट खाली कर दें। चेतन ने पुलिस जांच का हवाला देकर समय मांगा, लेकिन मालिकों ने जल्द खाली न करने पर 'कानूनी नोटिस' की चेतावनी दे दी है।

### बंदूक के साथ फोटो खिंचाई, पति को गुलाब देकर शराब पिलाई

## रीलबाज महिला के खिलाफ पुलिस ने शुरू की जांच

मुंगेर, 13 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार के मुंगेर में सोशल मीडिया पर बीते तीन दिनों से एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे लेकर लोगों के बीच चर्चा का माहौल बना हुआ है। वायरल वीडियो में एक महिला अपने पति को गुलाब और शराब देते हुए दिखाई दे रही है। इसी महिला की पिस्टल के साथ खिंचवाई गई तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस



के अनुसार वायरल वीडियो 7 फरवरी का बताया जा रहा है। वीडियो में कंचन देवी नामक महिला रोज डे के अवसर पर अपने पति को गुलाब भेंट करती हुई नजर आ रही है। इसके बाद वह अपने पति को एक गिलास में शराब और शराब की बोतल देते हुए वीडियो रिकॉर्ड करती है, जिसे इंस्टाग्राम और फेसबुक पर साझा किया गया। यह वीडियो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो के वायरल होने के बाद यह मामला चर्चा में आ गया।

## 'औवेसी 15 मिनट वाले नेता': शाहनवाज हुसैन ने औवेसी पर कसा तंज



कानपुर, 13 फरवरी (एजेंसियां)। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा- औवेसी भड़काऊ भाईजान हैं। मुसलमानों को भड़का कर खुद हैदराबाद के महल में रहते हैं। गरीब मुसलमानों को टकराव के रास्ते पर लाकर तनाव पैदा करते हैं। वो 15 मिनट वाले नेता हैं।

जो समझदार लोग हैं, वो उनके झांसे में नहीं आते हैं। कानपुर पहुंचे शाहनवाज हुसैन ने कहा- विदेशी ताकतों के इशारे पर राहुल गांधी देश को बदनाम कर रहें है। शाहनवाज हुसैन बीजेपी नेता सलीम अहमद के जाजमऊ स्थित निवास पर एक निजी कार्यक्रम में पहुंचे थे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। उनके साथ लखनऊ से अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली भी पहुंचे। शाहनवाज हुसैन ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद पार्टी में और और मुसलमानों को लेकर चर्चा की।

उन्होंने कहा- देश में जिस तरह से राहुल गांधी विपक्ष की भूमिका में हैं। ऐसा लगता है जैसे कि 99 सीट जीतकर उनका सत्ता पर अधिकार हो गया। राहुल ने देश को गुमराह करने का काम किया। अमेरिका से डील हुई तो कह दिया देश बेच दिया। विदेशी ताकतों के इशारों पर राहुल गांधी देश को बदनाम कर रहें है। नरेन्द्र मोदी ने सौगंध ली है कि देश नहीं बिकने दूंगा। राहुल गांधी अपना व्यवहार बदलें। विपक्ष के नेता की कुछ मर्यादा भी होती है। हमारे अटल जी, आडवाणी जी, सुषमा स्वराज जी नेता रहीं।

उन्होंने विपक्ष के नेता के तौर पर मर्यादा स्थापित की थी। एसआईआर बिहार में सबसे पहले हुआ। कोई दिक्कत नहीं आई। लेकिन अब जिस तरह से विपक्ष कर रहा है वो गलत है। एसआईआर चुनाव आयोग करा रहा है। अब ममता बनर्जी को लग रहा है कि वो चुनाव हार जाएंगी तो इस पर विरोध हो रहा है।

# सरकारी जमीन कब्जाने वाले 18 भूमाफियाओं पर लगेगा रासुका, संपत्ति भी होगी कुर्क

प्रयागराज, 13 फरवरी (एजेंसियां)। सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों पर अब रासुका के तहत कार्रवाई की जाएगी। हाल ही में भूमाफिया घोषित किए गए 18 लोगों के खिलाफ भी एनएसए एक्ट की कार्रवाई की जाएगी। इसकी प्रक्रिया शुरू करा दी गई है। वहीं, अवैध प्लाटिंग कर अर्जित धन की वसूली के लिए भूमाफिया की संपत्ति भी कुर्क की जाएगी। इसके अलावा प्रत्येक तहसील से चिह्नित किए जा रहे प्रापर्टी डीलरों को जल्द ही भूमाफिया घोषित किया जाएगा। शहर पश्चिमी क्षेत्र में माफिया अतीक अहमद और अशरफ के संबंधियों व करीबियों द्वारा एटीएस, चुनाव आयोग समेत अन्य सरकारी भूमि पर कब्जा कर उसे बेचने के मामले में 18 आरोपितों को दो दिन पहले जिला स्तरीय एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स की बैठक में भूमाफिया घोषित किया गया था। अब इनके खिलाफ गैंग्स्टर, गुंडा एक्ट के साथ ही रासुका के तहत कार्रवाई के निर्देश डीएम मनीष कुमार वर्मा की ओर से संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। डीएम ने सोरांव, सदर, फूलपुर व करछना एसडीएम एवं



एसीपी को निर्देशित करते हुए कहा कि सक्रिय भूमाफिया को भी चिह्नित करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई कराएं। सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकारी जमीन पर कब्जा की सूची उपलब्ध देकर कड़ी कार्यवाही करें। विभाग ये प्रमाणपत्र उपलब्ध कराएं कि उनकी जमीन पर कोई अवैध कब्जा नहीं है।

सभी एसडीएम को 15 दिनों में तहसील स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक कर भूमाफिया को चिह्नित करने तथा उनके द्वारा अतिक्रमण की गई जमीन को खाली कराने के निर्देश दिए। जिसके विरुद्ध बार-बार जमीन कब्जा करने की शिकायत हो तो उसे शासनादेश के निर्देश पर भूमाफिया के रूप में चिह्नित कर कड़ी कार्रवाई की जाए। सरकारी भूमि पर कब्जा कर प्लाटिंग करने वालों पर शिकंजा कसा जा रहा है। दो दिन पहले 18 लोगों को भूमाफिया घोषित करते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे। अब इन आरोपितों पर रासुका के तहत भी कार्रवाई कराने के लिए निर्देशित किया गया है। सभी आरोपितों को जेल भेजने को भी निर्देश दिए गए हैं।

### नकल होते पकड़े जाने पर प्रबंधक और प्रिंसिपल पर दर्ज होगा मुकदमा

प्रयागराजः यूपी बोर्ड की 10वीं व 12वीं की परीक्षा को लेकर डीएम मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि किसी भी केंद्र पर नकल होते पकड़े जाने पर वहां के प्रबंधक और प्रिंसिपल तथा स्टाफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। सामूहिक नकल पकड़ी गई तो गैंग्स्टर व रासुका के तहत कार्रवाई कराई जाएगी। बताया कि नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी कैमरों से निगरानी कराई जाएगी।

# सपा प्रवक्ता मनोज यादव गिरफ्तार



बाराबंकी, 13 फरवरी (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज यादव को बाराबंकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। समाजवादी पार्टी ने शुक्रवार सुबह एक्स हैंडल पर लिखा था कि समाजवादी पार्टी के टीवी पैनलिस्ट मनोज यादव कल रात से लापता हैं जोकि बहुत गम्भीर विषय है। पार्टी का कहना है कि इसके बाद बाराबंकी के सफदरगंज थाने की पुलिस ने मनोज यादव की गिरफ्तारी के बारे में बताया। जानकारी के अनुसार, सपा नेता मनोज यादव पर धमकी देने और जाति सूचक शब्द बोलने का आरोप है। इस संबंध में बाराबंकी पुलिस ने सफदरगंज थाने में केस दर्ज किया था। ये मुकदमा 11 फरवरी को दर्ज हुआ था। मनोज यादव ग्राम भगोलापुरवा थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी के निवासी हैं। जानकारी के मुताबिक, मनोज यादव पिछले दो दिन से लापता थे। उनकी पत्नी ने लखनऊ के गोमतीनगर थाने में गुमशुदगी की शिकायत दी थी। उनके गायब होने के बाद सपा के आधिकारिक एक्स हैंडल से भी ट्वीट किया गया। एक्स हैंडल पर शिकायत की कॉपी शेयर करते हुए कहा गया है कि समाजवादी पार्टी के टीवी पैनलिस्ट मनोज यादव कल रात से लापता हैं। यह अत्यंत चिंताजनक और गंभीर विषय है। पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल खोजबीन तेज करे। उनके साथ किसी भी प्रकार की अनहोनी न हो। बाराबंकी पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि दिनांक 11/02/2026 को थाना सफदरगंज पर धमकी देने ,जाति सूचक शब्द बोलना आदि आरोपों पर मु0अ0सं0 50/26 पंजीकृत किया गया था।

## उद्धव ठाकरे की शिवसेना और राज ठाकरे की एमएनएस के बीच शुरू हुआ 'खोखा वॉर'

# क्यों दोनों गठबंधन में पैदा हुई दरार



मुंबई, 13 फरवरी (एजेंसियां)। उद्धव ठाकरे की शिवसेना और राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) गठबंधन के बीच दरार पैदा हो गई है। दोनों पार्टियों के नेता एक-दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप कर रहे हैं। दरअसल, हाल ही में शिवसेना (यूबीटी) ने चंद्रपूर महानगरपालिका में बीजेपी के साथ मिलकर सत्ता स्थापित की। इस समर्थन के ऐवज में शिवसेना (यूबीटी) को सवा साल के लिए मेयर पद देने का भरोसा बीजेपी ने दिया है।

**एमएनएस ने शिवसेना (यूबीटी) पर लगाया गंभीर आरोप**

राज ठाकरे की पार्टी एमएनएस के नेता संदीप देशपांडे ने आरोप लगाया गया कि इस समर्थन के बदले शिवसेना (यूबीटी) के हर पार्षदों को 'एक खोखा' यानी 1 करोड़ रुपए दिए गए हैं। शिवसेना (यूबीटी) ने इस आरोप पर ऐतराज जताते हुए कहा है कि एमएनएस के आरोप झूठें हैं, दम है वो सबूत पेश करें। इस पर संदीप देशपांडे ने पलटवार करते हुए ट्वीट कर लिखा कि जिस दिन आप जनता को 'पच्चास खोखा (50 करोड़)' का सबूत देंगे उस दिन मैं भी सौ फ़ीसदी चंद्रपूर में हुए 'एक खोखा' का सबूत दूंगा। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) के चंद्रपुर डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट संदीप गिरहे ने देशपांडे पर पलटवार करते हुए कहा कि अगर एमएनएस लीडर यह सबूत पेश करते हैं कि कॉर्पोरेटरों को पैसे मिले हैं तो वह इस्तीफा दे देंगे। गिरहे ने लोकल कांग्रेस लीडर्स पर जिले में शिवसेना (यूबीटी) के पदाधिकारियों की बेइज्जती करने का भी आरोप लगाया। शिवसेना में बगावत के बाद ठाकरे सेना ने आरोप लगाया कि बीजेपी ने हर विधायक को 50 करोड़ दिए। पच्चास करोड़ के लिए विधायकों ने उद्धव की सरकार को गिरा दिया। यूबीटी की तरफ से बाकायदा नारा गढ़ा गया तो बहुत प्रचलित हुए। पन्नास खोखे।।

एकदम ओके (पच्चास करोड़, एकदम ओके)।।।। शिवसेना (यूबीटी) ने 50 करोड़ लेने का आरोप तो शिंदे सेना के विधायकों पर लगाया लेकिन आजतक सबूत नहीं पेश किया। इसी को मुद्दा बनाते हुए एमएनएस उद्धव सेना पर तंज कस रही है। बता दें कि चंद्रपुर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन में अपने मेयर कैंडिडेट को जिताने में कामयाब हो गई। शिवसेना (यूबीटी) ने बीजेपी का समर्थन किया है। जबकि कांग्रेस यहां पर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। कांग्रेस यहां सिर्फ एक वोट से हार गई।

## आप विधायक नरिंदर कौर का दावा- ' सीएम ने बीजेपी का टिकट ऑफर किया' सैनी बोले- 'यह मनगढंत कहानी है'

गुरूग्राम, 13 फरवरी (एजेंसियां)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आम आदमी पार्टी के विधायक नरिंदर कौर के दावों को गलत बताया है। पंजाब की संगरूर सीट से विधायक नरिंदर कौर भरज ने दावा किया था कि नायब सिंह सैनी ने उनसे संपर्क किया था और बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ने का ऑफर दिया था। इसके जवाब में सैनी ने कहा कि वह नरिंदर कौन को नहीं जानते हैं और उन्होंने कई ऑफर नहीं दिया है। सैनी ने कहा कि उनके ऊपर लगे आरोप निराधार हैं। इसके साथ ही उन्होंने आम आदमी पार्टी पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के लोग अपने गलत कामों को छिपाने के लिए यह सब कर रहे हैं। नायब सिंह सैनी ने कहा, आरोप है कि ऑपरेशन लोटस के तहत मुझसे कॉन्टैक्ट किया गया।

# विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी श्वेताम्बरी को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत



नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को फिल्म निर्देशक विक्रम भट्ट की पत्नी श्वेतांबरी भट्ट को अंतरिम जमानत दे दी है। विक्रम और उनकी पत्नी उदयपुर की सेंट्रल जेल में करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी के मामले में सजा काट रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमल्या बागची की पीठ ने श्वेतांबरी और विक्रम द्वारा दायर याचिका पर नोटिस जारी करते हुए यह आदेश दिया।

विक्रम-श्वेतांबरी की याचिका में राजस्थान हाई कोर्ट द्वारा जमानत न देने के फैसले को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश सीनियर वकील मुकुल रोहतगी ने दलील दी कि राजस्थान पुलिस मुंबई स्थित उनके घर पहुंची और दोनों को वहीं से गिरफ्तार कर लिया। रोहतगी ने कम से कम पत्नी के लिए अंतरिम जमानत की मांग की। शिकायतकर्ता अजय मुरदिया की ओर से पेश वकील ने कहा कि यह 44 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला है। लाइव लॉ डॉट इन के मुताबिक, पीठ ने पूछा कि क्या यह आपराधिक मामला बकाया राशि वसूलने का तरीका है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा, “दुर्भाग्यवश, उन्होंने एफआईआर रद्द करने की मांग नहीं की है। राजस्थान को कैसे चुना गया? बहुत दुर्भाग्यपूर्ण।” रोहतगी ने कहा कि शिकायतकर्ता चाहता था कि उसके ऊपर फिल्में बनाई जाएं। मुकुल रोहतगी ने कहा, “दोनों फिल्में फ्लॉप हो गईं।

इसमें उनकी गलती नहीं है। निर्देशक और उनकी पत्नी को जेल में नहीं डाल सकते।” कोर्ट ने आदेश दिया कि श्वेतांबरी भट्ट को तुरंत अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाए। जब प्रतिवादी के वकील ने कहा कि यह मान लेना गलत है कि महिला अपराध नहीं कर सकती, मुख्य न्यायाधीश ने पूछा, “क्या आप चाहते हैं कि हम दोनों को जमानत पर रिहा करें?”

## सेना ने तैयार किया खास पोर्टलः जवानों तक देरी से नहीं पहुंचेगी सैन्य रसद

चंडीगढ़, 13 फरवरी (एजेंसियां)। सेना की यूनिटों, कोर, कमांड व दुर्गम क्षेत्रों में तैनात टुकड़ियों को सैन्य रसद की आपूर्ति में अब देरी नहीं होगी। इस प्रक्रिया में संभावित गड़बड़ियों पर भी लगाम कसेगी जबकि इसकी रियल टाइम जानकारी भी डैशबोर्ड के जरिये अपडेट होती रहेगी। इसके लिए सेना ने एक खास पोर्टल तैयार किया है जो इस सारी प्रक्रिया को संघटित करते हुए इसमें पारदर्शिता बढ़ाएगा। यूनिट स्तर से लेकर सेना मुख्यालय तक आला अफसर भी इसके जरिये सेना रसद प्रणाली की निगरानी कर सकेंगे। सैन्य यूनिटों तक विभिन्न रसद सामग्री पहुंचाने की जिम्मेदारी मूल रूप से दो विंगों की होती है। एक विंग जवानों के लिए रोजमर्रा संबंधी सामग्री की आपूर्ति करती है जबकि दूसरी विंग युद्धक गाड़ियों से लेकर गोला-बारूद, जवानों की वर्दी, बूट, बैडिंग इत्यादि चीजें उपलब्ध करवाती है।

# बठिंडा के जिद्दा गांव पहुंची एनआईए

## सितंबर माह में हुए धमाके की जांच संभाली, घटनास्थल खंगाला




बठिंडा, 13 फरवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम शुक्रवार को बठिंडा जिले के गांव जिद्दा पहुंची। टीम ने सितंबर माह में हुए ब्लास्ट मामले की जांच के सिलसिले में घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ मिलकर साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू की है जानकारी के अनुसार गांव जिद्दा निवासी 19 वर्षीय गुरप्रीत सिंह के घर विस्फोटक सामग्री से बम तैयार करते समय धमाका हो गया था।

विस्फोट की आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी थी, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्षेत्र की घेराबंदी की और हालात को नियंत्रण में लिया। तब ये जांच पंजाब पुलिस के हाथ थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच केंद्रीय एजेंसी एनआईए को सौंप दी गई। शुक्रवार को पहुंची एनआईए टीम ने विस्फोट स्थल की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी करवाई। आसपास के लोगों से पूछताछ भी की गई है। सूत्रों के मुताबिक एजेंसी इस बात की तह तक जाने का प्रयास कर रही है कि विस्फोट के पीछे कोई बड़ा नेटवर्क तो नहीं था और इसका उद्देश्य क्या था। फिलहाल मीडिया से बात करने से मना कर दिया गया है। गांव में केंद्रीय एजेंसी की एंट्री के बाद यह मामला फिर चर्चा में आ गया है। स्थानीय स्तर पर सवाल उठ रहे हैं कि युवक के पास विस्फोटक सामग्री कहां से आई और क्या किसी बाहरी संगठन का हाथ था।

हालांकि आधिकारिक तौर पर अभी तक किसी बड़े लिंक की पुष्टि नहीं की गई है। इस बीच क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस और खुफिया एजेंसियां लगातार निगरानी बनाए हुए हैं। एनआईए की टीम तकनीकी विश्लेषण के जरिए हर पहलू की जांच कर रही है, ताकि मामले की सच्चाई सामने लाई जा सके।

## सपा में शामिल होंगे नसीमुद्दीन सिद्दीकी

# हाल ही में छोड़ी थी कांग्रेस; मिलने जा रहा एसपी को चुनावी फायदा?



लखनऊ, 13 फरवरी (एजेंसियां)। बीते दिनों कांग्रेस पार्टी छोड़ने वाले नसीमुद्दीन सिद्दीकी सपा में शामिल होंगे। उन्हें जल्द ही पार्टी की औपचारिक सदस्यता दी जाएगी। बीते दिनों उन्होंने पार्टी में खुद की उपेक्षा की बात कहते हुए कांग्रेस से किनारा किया था। कांग्रेस छोड़ने के बाद इस बात की अटकलें लग रहीं थीं कि वह बसपा में शामिल हो सकते हैं। मालूम हो कि नसीमुद्दीन सिद्दीकी बसपा सरकार में कैबिनेट मंत्री थे और पार्टी में उनका अच्छा रसूख था।

**यूपी के कद्दावर नेता में थी गिनती**

नसीमुद्दीन सिद्दीकी कद्दावर नेता माने जाते हैं और इससे पहले बसपा की सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। उनका राजनीतिक अनुभव और पकड़ पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मजबूत मानी जाती है। कांग्रेस छोड़ने के बाद प्रदेश या केंद्रीय नेतृत्व ने उनके जाने पर किसी भी तरह की टिप्पणी नहीं की थी।

**सपा को मिला एक मुस्लिम चेहरा**

नसीमुद्दीन सिद्दीकी के सपा में आने के बाद पार्टी को एक मजबूत मुस्लिम चेहरा मिला। आजम खां के लगातार जेल में रहने के बाद पार्टी के पास जमीनी रूप से जुड़ा ऐसा कोई चेहरा नहीं था। राजनीतिक जानकारों के अनुसार इससे सपा को कुछ लाभ हो सकता है।

# 'भारत-बांग्लादेश के रिश्ते फिर होंगे मजबूत'

## तारिक रहमान की जीत पर बोलीं प्रियंका चतुर्वेदी



मुंबई, 13 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली में शिवसेना (यूबीटी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने बांग्लादेश के चुनावी घटनाक्रम और भारत की संसद के हालिया सत्र पर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने एक तरफ बांग्लादेश में नई जिम्मेदारी संभालने वाले नेता को बधाई दी, तो दूसरी तरफ संसद सत्र को लेकर गंभीर सवाल भी उठाए। बांग्लादेश के चुनावों को लेकर उन्होंने कहा, “मैं तारिक रहमान को बधाई देती हूं। मुझे उम्मीद है कि बांग्लादेश ने उन्हें जो बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है, जो उन्हें इतने प्रदर्शनों के बाद मिली है और जिस दौरान अर्थव्यवस्था भी प्रभावित हुई है, वे लोकतंत्र को बहाल करेंगे और भारत-बांग्लादेश संबंधों को फिर से मजबूत करेंगे।

मुझे आशा है कि जब लोकतंत्र बहाल होगा, तो हमारे लंबे समय से चले आ रहे संबंध फिर गति पकड़ेंगे और वे इस क्षेत्र में नकारात्मक प्रभावों, खासकर पाकिस्तान से दूरी बनाए रखेंगे।” उनके इस बयान को भारत-बांग्लादेश रिश्तों के संदर्भ में अहम माना जा रहा है। उन्होंने साफ संकेत दिया कि दोनों देशों के बीच पुराने और मजबूत संबंधों को आगे बढ़ाने की जरूरत है।

**संसद सत्र पर तीखी टिप्पणी**

संसद सत्र को लेकर प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, “मैं कहूंगी कि जिस तरह हर नियम का उल्लंघन हुआ और संवैधानिक अधिकारों को कमजोर करने की कोशिश की गई, उसके कारण यह सत्र इतिहास के पन्नों में दागदार अक्षरों में लिखा जाएगा। विपक्ष के नेता (एलओपी) की आवाज दबाने का प्रयास किया गया। उन्होंने आगे कहा, देश के प्रधानमंत्री ने महिलाओं और महिला सांसदों पर आरोप लगाए। हमने स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित होते देखा और जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल हुआ, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था। एक सांसद ने खड़े होकर पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफ घृणित आरोप लगाए। यह सब देखना बेहद अफसोसजनक और शर्मनाक था।” उन्होंने आगे कहा, “पूर्व सेना प्रमुख द्वारा लिखी गई एक किताब के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना और उसे आपराधिक कृत्य बताना भी दुर्भाग्यपूर्ण रहा।

इस पूरे घटनाक्रम में मीडिया की भूमिका भी कम नहीं रही। मुझे उम्मीद है कि दूसरे सत्र में व्यापक चर्चा होगी। उन्होंने कहा, बजट से जुड़े कई अहम बिंदुओं की घोषणा की गई, लेकिन पिछले साल के बजट का क्या हुआ? आगामी बजट पर स्थायी समिति किस तरह चर्चा करेगी और आवंटित धनराशि का उपयोग कैसे होगा? मैं इन सभी मुद्दों पर व्यापक चर्चा की अपेक्षा करती हूं।” प्रियंका चतुर्वेदी ने साफ किया कि आने वाले सत्र में सरकार को इन मुद्दों पर खुलकर चर्चा करनी चाहिए, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया मजबूत हो सके।

# अल फलाह यूनिवर्सिटी के चेयरमैन सिद्दीकी की न्यायिक हिरासत बढ़ी




नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली की साकेत कोर्ट ने अल फलाह यूनिवर्सिटी के चेयरमैन जवाद अहमद सिद्दीकी की न्यायिक हिरासत को 14 दिन बढ़ाया है। शुक्रवार को इसी केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जवाद अहमद सिद्दीकी की याचिका के जवाब में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी किया। जवाद अहमद सिद्दीकी ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी याचिका दायर करते हुए आरोपपत्र से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग की थी। शुक्रवार को मामले में सुनवाई करते हुए एडिशनल सेशंस जज शीतल चौधरी प्रधान ने ईडी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। साकेत कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 27 मार्च को होगी। ईडी ने 16 जनवरी को कथित मनी-लॉन्ड्रिंग केस में सिद्दीकी और अल फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। जांच एजेंसी ने दावा किया कि सिद्दीकी और ट्रस्ट ने यूनिवर्सिटी और इससे जुड़े संस्थानों के माध्यम से अवैध तरीके से पैसे जुटाए।

ईडी ने जांच में फर्जी राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) मान्यता दिखाकर छात्रों से फीस वसूलने, सरकारी एजेंसियों को गुमराह करने, फर्जी डॉक्टरों की नियुक्ति और अन्य वित्तीय अनियमितताओं के सबूत मिलने का भी दावा किया। इस मामले की शुरुआत नवंबर 2025 में दिल्ली के लाल किले के पास हुए कार बम ब्लास्ट से जुड़ी जांच से हुई थी, जिसमें यूनिवर्सिटी के कुछ लोगों का नाम आया था। यूनिवर्सिटी में काम करने वाले डॉक्टरों में से एक कथित तौर पर 10 नवंबर 2025 को लाल किले के पास हुए कार विस्फोट में शामिल था। इसके बाद ईडी ने यूनिवर्सिटी की करीब 140 करोड़ की संपत्तियां जब्त कीं, जिसमें 54 एकड़ जमीन और इमारतें शामिल हैं। ईडी का दावा है कि सिद्दीकी ने ट्रस्ट और यूनिवर्सिटी पर पूरी तरह नियंत्रण रखा और अवैध कमाई का मुख्य लाभार्थी रहा। जांच में करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी और छात्रों के साथ छल का खुलासा हुआ है।

## बिहार विधानसभा से आई तस्वीर ने बढ़ाई सियासी हलचल

## सिद्दीकी से आशीर्वाद लेते दिखे मंत्री अशोक चौधरी



पटना, 13 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार विधान परिषद के पहली पाली के सत्र समाप्त होने के बाद एक तस्वीर ने राजनीतिक गलियारों में नई चर्चा छेड़ दी। तस्वीर में मंत्री अशोक चौधरी वरिष्ठ नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी से आशीर्वाद लेते नजर आए। सदन की कार्यवाही खत्म होने के तुरंत बाद यह दृश्य सामने आया। मौजूद लोगों ने इसे सम्मान और सौहार्द का प्रतीक बताया। हालांकि, राजनीतिक हलकों में इसके अलग-अलग मायने निकाले जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है। राजनीति में तस्वीरें अक्सर संकेत देती हैं। अशोक चौधरी सत्तापक्ष के प्रमुख चेहरों में गिने जाते हैं। वहीं अब्दुल बारी सिद्दीकी विपक्ष के वरिष्ठ और अनुभवी नेता हैं।ऐसे में दोनों नेताओं की यह मुलाकात चर्चा का विषय बन गई। कुछ इसे राजनीतिक सौजन्य बता रहे हैं। तो कुछ इसे बदलते समीकरणों का संकेत मान रहे हैं। सिद्दीकी लंबे समय से बिहार की राजनीति में सक्रिय हैं। अशोक चौधरी भी संगठन और सरकार में मजबूत पकड़ रखते हैं। आशीर्वाद लेने की इस तस्वीर को अनुभव के सम्मान से जोड़ा जा रहा है। राजनीतिक जानकार इसे परंपरागत भारतीय संस्कृति का हिस्सा बता रहे हैं। हालांकि, सत्र के दौरान हुए मुद्दों को देखते हुए कयास भी लगाए जा रहे हैं। फिलहाल किसी भी पक्ष ने इस पर औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# जेडीयू का लालू-राबड़ी पर निशाना

## नीतीश कुमार की पार्टी बोली- 'जंगल के जानवर का मन शहर में नहीं लगेगा'



पटना, 13 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार में बजट सत्र चल रहा है। इस दौरान सत्ताधारी दल और विपक्ष के नेताओं के बीच जुबानी जंग भी तेज है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी के नेता ने लालू-राबड़ी के शासनकाल का जिक्र करते हुए जंगलराज पर निशाना साधा। बिहार विधानसभा परिसर में मीडिया से बातचीत में जेडीयू के विधायक श्याम रजक ने कहा कि जंगल का जो जानवर है उसको अगर शहर में ले आइएगा तो मन नहीं लगेगा। जंगल में ही उसको मन लगेगा। श्याम रजक ने आगे कहा, जो जंगलराज के लोग थे उनको ये (एनडीए शासन का) राज शोभा नहीं देगा, क्योंकि यहां अमन चैन है। सब कुछ है। घटनाएं होती हैं तो उस पर कार्रवाई भी होती है, अपराधी पकड़े भी जाते हैं, सजा भी होती है, लेकिन जंगलराज वाले लोगों को अच्छा नहीं लग रहा है क्योंकि जंगल का जो जानवर होता है वो जंगल में ही शोभा देता है। हत्या और लूट जैसी घटनाओं से जुड़े सवाल पर श्याम रजक ने जवाब देते हुए कहा, हर दिन नहीं हो रही है। मैं ये नहीं कह रहा कि घटनाएं नहीं हुई हैं, घटनाएं हुई हैं और ये हम लोगों के लिए चिंता का विषय है। सरकार, प्रशासन, पुलिस सक्रियता के साथ लगी हुई है।

**'जानकारी ले लीजिए... कौन लोग राज चलाते थे'**

इस सवाल पर कि विपक्ष का कहना है कि 2005 से पहले भी घटनाएं होती थीं तो गिरफ्तारी होती थी और कार्रवाई होती थी तो वो कैसे जंगलराज हो गया? इसका मतलब अभी भी तो जंगलराज है? इस पर श्याम रजक ने कहा, मैं उदाहण दूं कि कितने लोगों की गिरफ्तारी होती थी? मैं भी उसका अंग रहा हूं... मुझे वो लोग नहीं बताएं कि गिरफ्तारी होती थी और लोग पकड़े जाते थे। सारे लोग तो अगल-बगल बैठे होते थे। नाम लूंगा तो दूसरा बवाल हो जाएगा। अब्दुल बारी सिद्दीकी अच्छे आदमी हैं। मैं उनके बारे में नहीं कह रहा हूं, लेकिन उस राज (आरजेडी) में क्या-क्या नहीं होता था, जानकारी ले लीजिए कि कौन लोग राज चलाते थे।

## क्या बुलडोजर की जगह ब्रह्मोस भेजेंगे? अखिलेश यादव ने सीएम योगी आदित्यनाथ पर कसा तंज



लखनऊ, 13 फरवरी (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तीखा हमला किया है। उन्होंने अपने ही अंदाज में दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी के अंदर सीएम योगी आदित्यनाथ और केंद्र सरकार के बीच की लड़ाई बहुत ज्यादा बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि अब क्या वो इसके लिए बुलडोजर की जगह ब्रह्मोस भेजेंगे।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव अक्सर सीएम योगी और केंद्र सरकार के बीच खटपट को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। इसी बात को लेकर उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्टर कर फिर से तंज कसा। अखिलेश यादव ने लिखा- 'अब क्या बुलडोज़र की जगह ब्रह्मोस भेजेंगे... दिल्ली-लखनऊ की लड़ाई कुछ ज़्यादा ही आगे बढ़ गयी है क्या?' ये पहली बार नहीं है जब अखिलेश यादव ने दिल्ली की केंद्र सरकार और प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के बीत झगड़ा होने का दावा किया है। वो अक्सर इसे लेकर मुख्यमंत्री को आड़े हाथों लेते रहे हैं। इससे पहले भी उन्होंने बिना नाम लिए दावा किया था पीएम मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में मेट्रो रेल तक शुरू कर नहीं करवा पा रहे हैं।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मेट्रो नहीं बननी दी। दोनों के बीच में जो झगड़ा है, केंद्र और राज्य सरकार के बीच इतनी बड़ी खाई है कि वाराणसी में मेट्रो रेल को बनने नहीं दिया जा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि इनके उत्तर प्रदेश के नेता दिल्ली वालों को सलाम तक नहीं ठोकते है और न ही नमस्ते करते हैं। सपा अध्यक्ष ने अमेरिका साथ हुई डील का जिक्र करते हुए भी कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने किसानों के ऊपर जो संकट आने वाला है उसे लेकर कोई तैयारी नहीं की है। उन्होंने यूपी के बजट पर कहा कि ये उत्तर प्रदेश से बीजेपी की विदाई का बजट है।

# किसने कराया था काशी में बाबा विश्वनाथ के मंदिर का पुनर्निर्माण ?





वाराणसी को काशी के नाम से जाना जाता है। काशी भगवान शिव की नगरी मानी जाती है। मान्यता है कि काशी नगरी भगवान शिव के त्रिशूल पर टिकी है। यहां देवों के देव महादेव बाबा विश्वनाथ के रूप में विराजमान हैं। ये भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। कहते हैं कि यहां मृतक आत्माओं को स्वयं भगवान शिव मोक्ष प्रदान करते हैं।

काशी विश्वनाथ मंदिर देश और दुनिया में प्रसिद्ध है। यहां बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए आते हैं। बाबा विश्वनाथ का मंदिर सदियों पुराना बताया जाता है। इस मंदिर को 18 अप्रैल 1669 को क्रूर मुगल शासक औरंगजेब ने ध्वस्त करवा दिया था। इसके बाद एक बार फिर इस मंदिर का पुनर्निर्माण कराया गया था। आइए जानते हैं कि काशी विश्वनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण की पूरी कहानी।

### औरंगजेब के फरमान के बाद मंदिर किया गया ध्वस्त

इतिहासकार बताते हैं कि औरंगजेब के फरमान के बाद 1669 में मुगल सेना ने बाबा विश्वनाथ का मंदिर ध्वस्त कर दिया था। मंदिर के महंत शिवलिंग को लेकर ज्ञानवापी कुंड में कूद गए थे, ताकि स्वयंभू ज्योतिर्लिंग को कोई क्षति न पहुंचे। मुगल सेना ने मंदिर के बाहर स्थापित विशाल नंदी की प्रतिमा को तोड़ने की भी कोशिश की थी, लेकिन तमाम प्रयासों के बाद भी वे नंदी की प्रतिमा को नहीं तोड़ने में असफल रहे थे।

### रानी अहिल्या बाई होल्कर ने करवाया पुनर्निमाण

साल 1777 में इंदौर के होल्कर राजघराने की रानी अहिल्या बाई होल्कर ने बाबा विश्वनाथ के मंदिर का पुनर्निर्माण कराने की ठानी। उन्होंने अगले तीन साल में मंदिर पुनर्निर्माण करवाया। साल 1777-80 के बीच रानी अहिल्याबाई होल्कर ने मंदिर निर्माण की कोशिशें दोबारा शुरू किया और वो इसमें सफल भी हुईं।

### शास्त्रसम्मत तरह से हुई मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा

रानी अहिल्याबाई ने बाबा विश्वनाथ के मंदिर के गर्भगृह का निर्माण फिर से करवाया और शास्त्रसम्मत तरीके से मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा भी करवाई। 11 शास्त्रीय आचार्यों द्वारा प्राण-प्रतिष्ठा के लिए पूजा की गई। रानी अहिल्याबाई ने शिवरात्रि के दिन मंदिर के पुनर्निमाण का संकल्प लिया था और शिवरात्रि पर ही मंदिर खोला गया।

# कैसे डूबा राम सेतु ?





### आस्था की नजर से राम सेतु

वाल्मीकि रामायण में वर्णन मिलता है कि श्रीराम ने वानर सेना की मदद से समुद्र पर पुल बनवाया था। कथा कहती है कि नल और नील ने ऐसे पत्थरों का इस्तेमाल किया जो पानी पर तैरते थे। कई लोग आज भी रामेश्वरम के आसपास मिलने वाले हल्के पत्थरों को इसी कहानी से जोड़ते हैं।

### धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख

रामायण के अलावा कुछ पुराणों और लोककथाओं में भी इस सेतु का जिक्र आता है। दक्षिण भारत के कई मंदिरों में इसे दिव्य निर्माण माना जाता है। स्थानीय लोग बताते हैं कि पुराने समय में यहां पानी कम गहरा था और लोग पैदल या नाव से पार के टापुओं तक जाते थे।

### भूगोल और सैटेलाइट की तस्वीरें

आधुनिक दौर में यह मुद्दा तब ज्यादा चर्चा में आया जब सैटेलाइट तस्वीरों में भारत और श्रीलंका के बीच उथली चट्टानों की लंबी श्रृंखला साफ दिखी। भूगोल के जानकार इसे "शोल्स" यानी रेतीली पट्टियों और चूना-पत्थर की परतों का प्राकृतिक समूह बताते हैं।

### वैज्ञानिक क्या कहते हैं?

कुछ भूवैज्ञानिकों के अनुसार यह इलाका हजारों साल में समुद्री धाराओं, रेत जमने और प्रवाल संरचनाओं से बना हो सकता है। वहीं कुछ शोधकर्ताओं ने यह संभावना भी जताई कि कभी यहां जमीन का जुड़ा हुआ भाग रहा होगा, जो बाद में समुद्र-स्तर बढ़ने से डूब गया। हालांकि अब तक ऐसा कोई पुख्ता प्रमाण सामने नहीं आया जो इसे निश्चित रूप से मानव-निर्मित साबित करे।

### "डूबने" की कहानी कहां से आई?

लोकमान्यताओं में कहा जाता है कि युद्ध के बाद विभीषण के अनुरोध पर श्रीराम ने सेतु को निष्क्रिय कर दिया, ताकि भविष्य में कोई आक्रमण न हो। दूसरी ओर, प्राकृतिक कारण भी बताए जाते हैं-तूफान, चक्रवात और समुद्री कटाव। इतिहास में दर्ज है कि इस क्षेत्र में भीषण तूफानों ने कई बार तटीय भूभाग बदल दिए। 1964 का रामेश्वरम चक्रवात इसका उदाहरण है, जिसने धनुषकोडी को लगभग उजाड़ दिया था। ऐसे में यह मानना गलत नहीं कि सदियों में समुद्र की गहराई और भू-आकृति बदली होगी।

### लोगों के अनुभव और स्थानीय नजरिया

रामेश्वरम आने वाले श्रद्धालु आज भी नाव से उन उथले हिस्सों तक जाते हैं जहां पानी कमर तक आता है। मछुआरे बताते हैं कि कुछ जगह समुद्र अचानक उथला हो जाता है, जैसे नीचे कोई कठोर सतह हो। पर्यटन गाइड इसे "राम का पुल" कहकर दिखाते हैं, जबकि वैज्ञानिक इसे प्राकृतिक संरचना कहते हैं। सच यह है कि आम आदमी के लिए यह सिर्फ भूगोल का सवाल नहीं, भावनाओं का विषय भी है। आस्था और विज्ञान यहां आमने-सामने नहीं, बल्कि साथ-साथ चलते नजर आते हैं।

### रहस्य अब भी बाकी

राम सेतु को लेकर अंतिम सच अभी भी धुंध में है। धार्मिक दृष्टि इसे दिव्य मानती है, जबकि विज्ञान इसे प्राकृतिक प्रक्रिया का नतीजा बताता है। शायद भविष्य की नई तकनीकें इस पहेली की और परतें खोलें। तब तक यह सेतु इतिहास, आस्था और खोज-तीनों के बीच खड़ा एक जीवंत प्रतीक बना रहेगा।

# महाशिवरात्रिः गृहस्थों और साधकों के लिए अलग-अलग विशेष पूजा मुहूर्त



महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान शिव की आराधना का फल तब और अधिक बढ़ जाता है, जब उसे शास्त्रोक्त समय पर किया जाए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शिवरात्रि के दौरान कुछ खास समय पर महादेव और उनके गण विशेष रूप से सक्रिय होते हैं। यहाँ पूजा के दो मुख्य काल दिए गए हैं।

**1. प्रदोष कालः गृहस्थों के लिए सर्वोत्तम समय**

गृहस्थ जीवन जीने वाले लोगों के लिए प्रदोष काल में शिव पूजा करना अत्यंत शुभ और फलदायी माना गया है।

समय का निर्धारणः प्रदोष काल को 'गोधूलि वेला' भी कहा जाता है। यह सूर्यास्त के समय शुरू होकर अगले लगभग 1.5 से 2 घंटे तक रहता है।

धार्मिक मान्यताः माना जाता है कि इस समय भगवान शिव अपने नंदी और गणों के साथ तीनों लोकों का भ्रमण करते हैं। वे अपने तीसरे नेत्र से संपूर्ण सृष्टि का अवलोकन कर रहे होते हैं।

पूजा का महत्वः शास्त्रों के अनुसार, प्रलय काल के दौरान महादेव इसी समय तांडव करते हैं। इसलिए, शिवरात्रि पर इस समय शिव की आराधना करने से वे शांत और प्रसन्न होते हैं, जिससे परिवार में सुख-शांति बनी रहती है।

**2. निशीथ कालः साधकों के लिए विशेष समयः**

जो भक्त किसी विशेष मनोकामना, तंत्र साधना या कठिन आध्यात्मिक अभ्यास में लीन हैं, उनके लिए निशीथ काल सबसे महत्वपूर्ण है।

**समय का निर्धारणः** निशीथ काल रात्रि का आठवां मुहूर्त होता है, जिसे मध्य-रात्रि या अर्धरात्रि भी कहा जाता है। घड़ी के अनुसार यह समय आमतौर पर रात 12:00 बजे के आसपास प्रारंभ होता है।

**साधना का महत्वः** रुद्र यामल और तंत्रसार जैसे प्राचीन ग्रंथों के अनुसार, यह समय भैरव, महाकाल और माता काली की साधना के लिए अचूक माना जाता है।

**फलः** इस समय की गई साधना सिद्धियों को प्राप्त करने और बाधाओं को नष्ट करने में सहायक होती है।

# कुंभ राशि में बना लक्ष्मी नारायण योग



कुंभ राशि में सूर्य के साथ बुध की युति से बुधादित्य योग, बुध की शुक्र के साथ युति से लक्ष्मी नारायण योग बना है। यह योग यह सुख-सुविधाओं और व्यापारिक बुद्धि को बढ़ाता है। कुंभ राशि शनि की राशि है, जहाँ शुक्र और बुध दोनों ही शनि के मित्र होने के कारण बहुत सहज और शक्तिशाली महसूस करते हैं। आइए जानते हैं किन राशियों को इसका सबसे अधिक लाभ मिलेगा।

### मेष राशि

मेष राशि के लिए यह योग एकादश भाव (आय स्थान) में बनेगा। आपकी आमदनी के नए स्रोत खुलेंगे। पुराने निवेश से बड़ा मुनाफा मिल सकता है। बड़े भाई-बहनों और मित्रों का सहयोग आपके करियर को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

### मिथुन राशि

मिथुन राशि वालों के लिए यह योग भाग्य स्थान (9वें भाव) में बनेगा। लंबी दूरी की यात्राएं सफल होंगी। छात्रों को उच्च शिक्षा में बड़ी सफलता मिल सकती है। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी और भाग्य का पूरा साथ मिलेगा।

### तुला राशि

तुला राशि के जातकों के लिए यह योग पंचम भाव (संतान, शिक्षा और प्रेम) में बनेगा। यदि आप कला, लेखन या रचनात्मक क्षेत्र में हैं, तो यह समय आपके लिए स्वर्ण काल जैसा होगा। अचानक धन लाभ के योग बनेंगे और प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी।

### कुंभ राशि

यह योग आपकी ही राशि (लग्न भाव) में बन रहा है, इसलिए सबसे अधिक लाभ आपको ही मिलेगा। आपके व्यक्तित्व में आकर्षण बढ़ेगा। अटके हुए काम पूरे होंगे और समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

### लक्ष्मी नारायण योग के मुख्य लाभः

व्यापार में वृद्धिः बुध बुद्धि का कारक है, व्यापारिक निर्णय सटीक बैठेंगे।

**सुख-सुविधाएंः** शुक्र भौतिक सुख देता है, जिससे नया वाहन या मकान खरीदने के योग बनते हैं।

**पारीवारिक खुशहालीः** परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**सलाहः** हालांकि यह योग बहुत शुभ है, लेकिन यदि आपकी व्यक्तिगत कुंडली में शनि की स्थिति कमजोर है, तो इसका पूरा लाभ लेने के लिए 'ॐ नमः शिवाय' का जाप करना और शुक्रवार के दिन सफेद वस्तुओं का दान करना लाभकारी रहेगा।

# महाशिवरात्रि पर भांग क्यों पी जाती है?

महाशिवरात्रि और भांग का संबंध गहरा भी है और दिलचस्प भी। अक्सर लोग इसे केवल मौज-मस्ती से जोड़कर देखते हैं, लेकिन इसके पीछे धार्मिक, पौराणिक और वैज्ञानिक कारण छिपे हैं। शिवजी को भांग अर्पित करने और भांग पीने का प्रचलन प्राचीनकाल से ही चला आ रहा है। यहाँ प्रमुख कारण दिए गए हैं कि महाशिवरात्रि पर भांग का सेवन क्यों किया जाता है और कैसे उतारे भांग का नशा।

### हलाहल विष का प्रभाव कम करना

पौराणिक कथा के अनुसार, समुद्र मंथन के दौरान जब 'हलाहल' नामक भयंकर विष निकला, तो ब्रह्मांड को बचाने के लिए भगवान शिव ने उसे अपने कंठ में धारण कर लिया। विष की तीव्रता से शिव का शरीर अत्यधिक गर्म होने लगा। मान्यताओं के अनुसार, भांग, धतूरा और बेलपत्र जैसी औषधियों में शीतलता होती है, जिनका उपयोग शिव के शरीर की गर्मी और विष के प्रभाव को शांत करने के लिए किया गया था। देवताओं ने इसका लेप बनाकर उनके शरीर पर लगाया था।



### शिव के 'आनंद' स्वरूप का प्रतीक

भगवान शिव को 'औघड़' और 'विरागी' माना गया है। वे संसार के मोह-माया से दूर गहरे ध्यान में रहते हैं। भांग को एक ऐसी औषधि माना जाता है जो एकाग्रता बढ़ाने और मन को बाहरी दुनिया से काटकर अंतर्मन से जोड़ने में मदद करती है। भक्त इसे शिव के इसी दिव्य आनंद के प्रसाद के रूप में लेते हैं, लेकिन यहां यह स्पष्ट करना है कि शिवजी भांग नहीं पीते थे।

### आयुर्वेद और औषधि का महत्व

प्राचीन काल में भांग को एक महत्वपूर्ण जड़ी-बूटी माना जाता था। महाशिवरात्रि फाल्गुन मास में आती है, जब मौसम बदल रहा होता है। आयुर्वेद के अनुसार, सीमित मात्रा में भांग का सेवन पाचन में सुधार और शरीर की थकान दूर करने में सहायक होता था। इसे 'विजया' भी कहा जाता है, जिसका अर्थ है दुखों और रोगों पर विजय पाने वाली।

### भांग का नशा उतारने के 5 आसान उपाय

**1. खटाई का सेवनः** नींबू पानी (बिना चीनी/नमक), छाछ, दही या इमली का पना पिलाएं। खटास नशे को काटने में सबसे कारगर है।

**2. गुनगुना सरसों तेलः** यदि व्यक्ति बेहोशी की हालत में हो, तो हल्का गुनगुना सरसों का तेल 1-2 बूंद कानों में डालने से राहत मिलती है।

**3. शुद्ध देसी घीः** देसी घी की अधिक मात्रा का सेवन करने से भी भांग का असर कम होने लगता है।

**4. अरहर की कच्ची दालः** अरहर की कच्ची दाल को पीसकर पानी के साथ पिलाने से नशे की तीव्रता कम होती है।

**5. चने और संतराः** भुने हुए चने खिलाएं या संतरे का सेवन कराएं। बार-बार सादा नींबू पानी पिलाना भी फायदेमंद है।

ध्यान रखेंः भांग का नशा होने पर व्यक्ति को भारी भोजन या मीठी चीजों से दूर रखें, क्योंकि इससे नशा और बढ़ सकता है।

# रुद्राक्ष क्या है ? कैसे हुई इसकी उत्पत्ति

### रुद्राक्ष क्या होता है?

रुद्राक्ष असल में एक पेड़ का बीज है, जो ज़्यादातर नेपाल, भारत और इंडोनेशिया के कुछ हिस्सों में पाया जाता है। इस पेड़ का नाम Elaeocarpus ganitrus है, लेकिन आम लोग इसे रुद्राक्ष के पेड़ के नाम से जानते हैं। जब इसका फल सूखता है, तो अंदर से कठोर बीज निकलता है, जिसकी सतह पर प्राकृतिक धारियां या खांचे होते हैं। इन्हीं खांचों को "मुख" कहा जाता है जैसे 1 मुखी, 5 मुखी, 7 मुखी रुद्राक्ष वगैरह। दिलचस्प बात ये है कि ये कोई इंसान द्वारा तराशा हुआ मनका नहीं, बल्कि प्रकृति की बनाई बनावट है। यही वजह है कि लोग इसे खास और पवित्र मानते हैं।

### शिव के आंसुओं की कहानी कहां से आई?



कहानी के मुताबिक, भगवान शिव ने बहुत समय तक गहरा ध्यान लगाया। जब उन्होंने आंखें खोलीं, तो दुनिया के दुख देखकर उनकी आंखों से आंसू गिर पड़े। जहां-जहां वो आंसू धरती पर गिरे, वहां रुद्राक्ष के पेड़ उग आए। इसी वजह से "रुद्र" यानी शिव और "अक्ष" यानी आंसू-मिलकर बना नाम "रुद्राक्ष"। ये कहानी लोगों के मन में एक भाव पैदा करती है कि ये सिर्फ बीज नहीं, बल्कि करुणा और संरक्षण का प्रतीक है। इसीलिए कई लोग इसे गले में पहनते समय सिर्फ फैशन नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव महसूस करते हैं।

### *प्रतीक के रूप में रुद्राक्ष*

धार्मिक मान्यता से अलग देखें तो भी ये कहानी एक गहरी बात कहती है-रुद्राक्ष दुख हरने, मन शांत करने और अंदर की घबराहट कम करने का प्रतीक बन गया। शायद यही वजह है कि तनाव भरी जिंदगी में लोग इसे पहनकर एक मानसिक सहारा महसूस करते हैं।

### *लोग रुद्राक्ष क्यों पहनते हैं?*

### *मन की शांति और फोकस*

योग और ध्यान करने वाले लोग मानते हैं कि रुद्राक्ष पहनने से ध्यान में स्थिरता आती है। कई लोगों का अनुभव है कि गुस्सा थोड़ा कम होता है, नींद बेहतर आती है और दिमाग कम भटकता है। भले ये वैज्ञानिक रूप से पूरी तरह साबित न हो, पर व्यक्तिगत अनुभवों ने इसकी लोकप्रियता बढ़ाई है।

### रोजमर्रा की जिंदगी में भरोसा

आपने देखा होगा-किसी ऑटो ड्राइवर के गले में, किसी बिज़नेसमैन की कलाई में, या किसी बुजुर्ग के हाथ में रुद्राक्ष की माला। हर किसी की अपनी वजह होती है-किसी को सुरक्षा का एहसास, किसी को किस्मत का सहारा, तो किसी को बस भगवान शिव से जुड़ाव।

### *असली और नकली का फर्क*

### *पहचान कैसे करें?*

आज बाजार में प्लास्टिक या नकली मनकों को भी रुद्राक्ष बताकर बेचा जाता है। असली रुद्राक्ष आमतौर पर पानी में डूब जाता है, उसकी सतह पर प्राकृतिक रेखाएं होती हैं, और हर मनका थोड़ा अलग दिखता है। लेकिन सिर्फ ये टेस्ट काफी नहीं-विश्वसनीय जगह से लेना बेहतर माना जाता है।

### आस्था, प्रकृति और इंसान का रिश्ता

रुद्राक्ष की कहानी सिर्फ धर्म नहीं, बल्कि इंसान और प्रकृति के रिश्ते की भी कहानी है। एक पेड़ का बीज, जिसे लोगों ने भावना, विश्वास और अनुभवों से जोड़कर पवित्र बना दिया। चाहे आप इसे चमत्कार मानें या मन का सहारा-ये साफ है कि रुद्राक्ष ने लोगों को मानसिक ताकत देने का काम किया है।

स्वतंत्र वार्ता

शनिवार, 14 फरवरी - 2026

# भारत का राफेल दांव

भारत की सुरक्षा जरूरतों को देखते हुए राफेल लड़ाकू विमानों की नई खरीद चर्चा का केंद्र बन गई है। रक्षा अधिग्रहण परिषद ने फ्रांस की कंपनी दसाल्ट एविएशन से लगभग 3.25 बिलियन यूरो (करीब 280.4 अरब डॉलर) में 114 राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की मंजूरी दी है। यह कदम केवल रक्षा सौदा नहीं, बल्कि भारत की वायु शक्ति की संतुलित ताकत और मजबूत करने की दिशा में एक रणनीतिक आवश्यकता भी है। बता दें कि इस प्रक्रिया को अंतिम रूप मिलने में अभी कुछ समय लगेगा, लेकिन यह तय है कि भारतीय वायुसेना के लिए नए लड़ाकू विमानों की जरूरत अब टाली नहीं जा सकती। प्रस्ताव के अनुसार भारत सीधे 18 राफेल विमान खरीदेगा, जबकि बाकी 96 विमानों का निर्माण भारत में निजी क्षेत्र की कंपनियों के साथ साझेदारी में किया जाएगा। इससे एक ओर जहां घरेलू रक्षा उद्योग को प्रोत्साहन मिलेगा, वहीं दूसरी ओर तकनीकी हस्तांतरण और रोजगार सृजन के नए अवसर भी पैदा होंगे। लेकिन वास्तविक चुनौती तो समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने की है। अतीत में कई रक्षा सौदे कागजों पर तेजी से आगे बढ़े, लेकिन आपूर्ति में देरी से उनकी उपयोगिता हांफने लगी थी। वर्तमान में भारतीय वायुसेना के पास लड़ाकू विमानों के स्क्वाड्रनों की संख्या घटकर 29 रह गई है, जबकि आवश्यकता इससे बहुत ज्यादा की है। अभी भारतीय सेना के पास 36 राफेल विमान मौजूद हैं, परंतु उनकी पूर्ण तैनाती हर मोर्चे पर नहीं की जा सकती। विशेषज्ञों के अनुसार कम से कम 42 स्क्वाड्रन की जरूरत है ताकि दो मोर्चों पर संभावित खतरे से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। इस सौदे का एक अहम पहलू यह भी है कि राफेल का इस्तेमाल प्रशिक्षण विमानों के रूप में भी किया जा सकता है। लंबे समय तक भारतीय वायुसेना को प्रशिक्षण विमानों की कमी का सामना करना पड़ा है। अगर नए सौदे में दो सीट वाले विमानों की संख्या बढ़ती है, तो इससे पायलट प्रशिक्षण की क्षमता में सुधार आएगा। यह भी ध्यान रखने की बात है कि पुराने मिग और मिराज 2000 जैसे विमान अब बूढे हो चले हैं, आने वाले वर्षों में ये सेवा से बाहर होते जाएंगे। भारत और फ्रांस के बीच रक्षा सहयोग केवल खरीद तक सीमित नहीं है, बल्कि तकनीकी साझेदारी और दीर्घकालिक रणनीतिक विश्वास पर आधारित है। फिर भी बड़ा प्रश्न यही है कि क्या फ्रांस तेजी से विमान आपूर्ति करने में सक्षम होगा? अक्सर देखा गया है कि समझौते तो जल्दी हो जाते हैं, मगर सप्लाई में लंबा समय लग जाता है। भारत को इस बार स्पष्ट समयसीमा और कठोर शर्तों के साथ आगे बढ़ना होगा। दूसरी बड़ी चिंता इंजन और तकनीकी आपूर्ति की है। स्वदेशी तेजस विमान परियोजना भी इंजन की कमी और विदेशी निर्भरता के कारण धीमी पड़ती रही है। 1980 के दशक से स्वदेशी लड़ाकू विमान निर्माण की कोशिशें जारी हैं, लेकिन अब भी भारत विदेशी सहयोग पर निर्भर है। इसलिए राफेल की संख्या बढ़ाना जरूरी है। यदि भारत आने वाले दशक में अपनी वायु शक्ति को संतुलित और आधुनिक बनाना चाहता है, तो उसे तेज डिलीवरी, मजबूत प्रशिक्षण व्यवस्था और अनुसंधान आधारित रक्षा नीति पर समान रूप से काम करना होगा। भारत की असली सफलता तब मानी जाएगी जब सौदे के साथ-साथ आपूर्ति समय पर हो, स्वदेशी क्षमता बढ़े और भारतीय वायुसेना को वह ताकत मिले जिसकी उसे लंबे समय से प्रतीक्षा है।

# अब बांग्लादेश में नहीं गलेगी चीन की दाल



अशोक भाटिया

17 साल के देश निकाला के बाद देश लौटे एक नेता के नेतृत्व में, तारिक रहमान की बांगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी ( ने गुरुवार को हुए अहम राष्ट्रीय चुनाव में बड़ी जीत हासिल की है जुलाई 2024 के विद्रोह के बाद पहला चुनाव है, जिस भेज ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के 15 साल के सख्त शासन को खत्म कर दिया था। बांग्लादेश के चुनाव आयोग के अनुसार, गुरुवार को हुए मतदान में लगभग 170 मिलियन लोगों के देश में 127 मिलियन से ज़्यादा योग्य वोटर शामिल थे, जिसमें देश भर की 299 संसदीय सीटों पर 1,981 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे थे।जैसे-जैसे आधी रात के बाद भी गिनती जारी रही, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) सत्ता वापस पाने के और करीब पहुँच गई। अगस्त 2024 में अवामी लीग सरकार के गिरने के बाद बने अंतरिम प्रशासन की जगह लेने के लिए हुए अहम आम चुनाव में, पार्टी ने अपने पुराने साथी जमात-ए-इस्लामी पर बड़ी बढ़त बना ली है। शेख हसीना की अब खत्म हो चुकी अवामी लीग के मैदान से गायब होने के कारण, चुनाव बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी के बीच सीधा मुकाबला बन गया है। गुरुवार देर रात आए अनऑफिशियल नतीजों से पता चला कि बीएनपी ज़्यादातर सीटों पर आगे चल रही है। इत्तेफ़ाक अखबार के अनऑफिशियल नतीजों के मुताबिक, बीएनपी ने 158 सीटें, जमात ने 41 और अन्य ने पाँच सीटें जीती हैं। जिन 299 सीटों पर वोटिंग हुई थी, उनमें से 204 पर गिनती पूरी हो चुकी थी। रिपोर्ट से पता चला कि बीएनपी ने चुनाव जीत लिया है। इलेक्शन कमीशन के अधिकारियों ने बताया कि बीएनपी चेयरमैन और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा ज़िया के बेटे तारिक रहमान ने अपने होम डिस्ट्रिक्ट बुगुरा में जीत हासिल की। रहमान को 2,16,284 वोट मिले, जबकि उनके सबसे करीबी विरोधी और जमात के उम्मीदवार अबिदुर रहमान को 97,626 वोट मिले। बीएनपी ने पहले घोषणा की थी कि अगर वह सत्ता में आती है, तो रहमान बांग्लादेश के अगले प्रधानमंत्री होंगे, जिससे मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार का 18 महीने का शासन खत्म हो जाएगा।

अब तक के नतीजों में नई सरकार की तस्वीर होने के बाद मन जा रहा है कि युनूस राज के खत्म होते ही अब चीन की दाल भी नहीं गलेगी। कारण कि अमेरिका ने चीन के बढ़ते दबदबे को रोकने का पूरा प्लान तैयार कर लिया है। जी हां, वॉशिंगटन अब बांग्लादेश को अमेरिकी और उसके दोस्त देशों के हथियार सिस्टम ऑफर करेगा, ताकि चीन की हथियारों की दुकानदारी पर ब्रेक लगे। इससे न केवल बांग्लादेश को फायदा होगा, बल्कि भारत को भी राहत मिलेगी। कारण कि बांग्लादेश में चीन दखल भारत के पड़ोसी देश में कम होगी। अमेरिकी राजदूत ब्रेंट टी। क्रिस्टेंसन ने रॉयटर्स को दिए इंटरव्यू में साफ कहा कि दक्षिण एशिया में चीन का असर बढ़ रहा है और अमेरिका बांग्लादेश की नई सरकार के साथ मिलकर इसके जोखिम बताएगा। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, ढाका में वॉशिंगटन के एम्बेसडर ने क्रिस्टेंसन ने कहा कि अमेरिका साउथ एशिया में चीन की बढ़ती मौजूदगी को लेकर परेशान है और बांग्लादेश की अगली सरकार को चीनी हार्डवेयर के ऑप्शन के तौर पर अमेरिकी और उसके सहयोगी डिफेंस सिस्टम देने का प्लान बना रहा है।

बांग्लादेश की राजनीति में बड़ा उलटफेर अगस्त 2024 में हुआ था। तब जेन जी के नेतृत्व में हुए विद्रोह ने भारत समर्थक प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हटा दिया। इस विरोध-प्रदर्शन की वजह से शेख हसीना दिल्ली भाग आईं। उसके बाद से भारत का बांग्लादेश में असर कम हो गया। इसी फायदा उठाते हुए चीन ने तेजी से कदम बढ़ाए। हाल ही में चीन ने बांग्लादेश के साथ रक्षा समझौता किया, जिसमें भारत बॉर्डर के पास ड्रोन फैक्ट्री बनाने का प्लान है। अमेरिका के साथ-साथ यह भारत के लिए भी चिंता की बात है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि बांग्लादेश में चीन का अधिक दखल भारत की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। सबसे पहले जानते हैं कि हाल फिलहाल में चीन ने बांग्लादेश में क्या किया है। दरअसल, चीन ने हाल ही में भारत बॉर्डर के पास एक ड्रोन फैक्ट्री बनाने के लिए बांग्लादेश के साथ एक डिफेंस एग्रीमेंट किया है। इससे अमेरिकी और अन्य एशियाई डिप्लोमैट्स परेशान हैं। इतना ही नहीं, बांग्लादेश चीन के साथ मिलकर डेवलप किया गया एक मल्टी-रोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट, JF-17 थंडर फाइटर जेट खरीदने के लिए पाकिस्तान से भी बातचीत कर रहा है। ये सब चीन की सैन्य साझेदारी को मजबूत कर रहा है।

अमेरिकी एम्बेसडर क्रिस्टेंसन ने कहा, 'अमेरिका साउथ एशिया में चीन के बढ़ते असर को लेकर परेशान है और चीन के साथ कुछ तरह के जुड़ाव के रिस्क को साफ तौर पर बताने के लिए बांग्लादेशी सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए कमिटेड है।' उन्होंने और अधिक जानकारी दिए बिना कहा, 'बांग्लादेश को उसकी मिलिट्री क्षमता की जरूरतों को पूरा करने में मदद करने के लिए अमेरिका कई ऑप्शन देगा है, जिसमें अमेरिकी सिस्टम और सहयोगी पार्टनर के सिस्टम शामिल हैं, ताकि चीनी सिस्टम के विकल्प दिए जा सकें।' उन्होंने साफ-साफ इशारा कर दिया कि चीन के हथियारों के बजाय अमेरिकी या उसके दोस्तों के सिस्टम बांग्लादेश के लिए ज्यादा भरोसेमंद और सुरक्षित होंगे। अब बात करे इन नतीजों के आने का बाद भारत में क्या बदलेगा अब अमेरिका भारत-बांग्लादेश रिश्तों को सुधारने पर भी जोर दे रहा है राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सरकार चाहती है कि दोनों पड़ोसी देशों के बीच अच्छे ताल्लुक हों, ताकि इलाके में स्थिरता बनी रहे। शेख हसीना के भागने के बाद दिल्ली-ढाका रिश्ते खराब हो गए हैं। वीजा सर्विस प्रभावित हुईं, और क्रिकेट मैचों तक पर असर पड़ा। दोनों देशों के बीच व्यापार और सांस्कृतिक रिश्ते ठंडे पड़े हैं।अमेरिका का मानना है कि अगर बांग्लादेश नई सरकार के साथ भारत से दोस्ती बढ़ाए, तो दक्षिण एशिया में शांति बनी रहेगी।भारत के लिए यह अच्छी खबर है, क्योंकि चीन की बॉर्डर पर ड्रोन फैक्ट्री से सुरक्षा खतरा कम होगा। अमेरिकी प्लान से भारत को अप्रत्यक्ष फायदा मिलेगा, क्योंकि बांग्लादेश अगर अमेरिकी हथियार चुनता है, तो चीन-पाकिस्तान का गठजोड़ कमजोर पड़ेगा।खुद क्रिस्टेंसन ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन इस क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने के लिए बांग्लादेश और भारत के बीच अच्छे रिश्ते देखना चाहता है। अमेरिका अब बांग्लादेश में व्यापारिक कूटनीति को सबसे ऊपर रख रहा है। क्रिस्टेंसन ने कहा कि कई अमेरिकी कंपनियां बांग्लादेश में इन्वेस्ट करने के बारे में सोच रही हैं, लेकिन वे चाहेंगे कि अगली बांग्लादेशी सरकार जल्दी और साफ़ संकेत दे कि वह बिज़नेस के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, 'कमर्शियल डिप्लोमेसी हमारी टॉप प्रायोरिटी में से एक है, और हम अंतरिम सरकार के साथ हुई प्रोग्रेस को आगे बढ़ाने के लिए नई सरकार के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं, खासकर कमर्शियल, इकोनॉमिक और सिक्योरिटी संबंधों को मज़बूत करने में।' चेवरॉन जैसी ऊर्जा कंपनी दशकों से बांग्लादेश में काम कर रही है, लेकिन अन्य अमेरिकी ब्रांड कम दिखते हैं।

# बांग्लादेश में बदलाव, भारत पर पड़ेगा सकारात्मक प्रभाव



संजय सक्सेना

बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार को जबरदस्ती अपदस्थ करने के बाद प्रदेश की बागडोर संभालने वाले युनुस मोहम्मद ने देश को अराजकता के दौर में पहुंचा दिया था, लेकिन लगता है कि अब बांग्लादेश का राजनीतिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। आम चुनाव के नतीजों के बाद यह तय है कि बांग्लादेश में अब राष्ट्रवादी दल की अगुवाई वाली नई सरकार बनने जा रही है। इस दल को विधानसभा में स्पष्ट बहुमत हासिल हो गया है। तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने की संभावना प्रबल है।तारिक को उदारवादी और सभी को साथ लेकर चलने वाला नेता माना जाता है। यही वजह है कि बांग्लादेश के हिंदुओं ने भी तारिक की पार्टी के पक्ष में बढ़-चढ़कर मतदान किया था। वहीं, मौजूदा कार्यवाहक प्रधानमंत्री की भूमिका निभा रहे युनुस मोहम्मद की राजनीतिक यात्रा पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। यह बदलाव न केवल बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति को प्रभावित करेगा, बल्कि पड़ोसी देश भारत के साथ उसके संबंधों और वहां रहने वाले अल्पसंख्यक हिंदुओं की स्थिति पर भी गहरा असर डालेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि नई सरकार अल्पसंख्यक हिंदुओं के लिए सुरक्षित माहौल बना सकती है और भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने में सकारात्मक भूमिका निभा सकती है।

बांग्लादेश के 13वें राष्ट्रीय संसदीय चुनाव में बांग्लादेश राष्ट्रवादी दल को भारी सफलता मिली है। अनौपचारिक गिनती के अनुसार, दल ने 300 सदस्यीय संसद में 175 से अधिक सीटों पर बढ़त बना ली है, जो स्पष्ट बहुमत का संकेत देता है। वहीं, इस्लामी जमात-ए-इस्लामी गठबंधन को करीब 60 से 70 सीटें मिली हैं। राष्ट्रीय नागरिक दल ने अपनी पहली कोशिश में छह सीटें जीतीं, जबकि निर्दलीय उम्मीदवारों को चार से अधिक सीटें हासिल हुईं। एक सीट पर उम्मीदवार की मौत के कारण मतदान नहीं हुआ।यह चुनाव शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद पहला है। तारिक रहमान के नेतृत्व वाले दल की जीत से राजनीतिक परिवर्तन की उम्मीद है। मतदान के दौरान नौ लोगों की मौत हुई। उम्मीद की जा रही है कि नई सरकार देश में स्थिरता लाएगी।बांग्लादेश राष्ट्रवादी दल लंबे समय से देश की राजनीति में सक्रिय रहा है। इस दल ने हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों और बहुलवादी समाज की वकालत की है। हाल के चुनावों में मिले बहुमत ने इस दल को सत्ता की कुंजी सौंप दी है। तारिक रहमान, जो दल के प्रमुख नेता हैं, लंदन से सक्रिय राजनीति में लौटने की तैयारी कर रहे हैं। उनकी अगुवाई में नई सरकार बनने से बांग्लादेश में स्थिरता की उम्मीद जगी है। पिछली सरकारों के दौरान अल्पसंख्यक समुदायों पर हुए अत्याचारों की घटनाओं ने समाज को आहत किया था। अब नई सरकार से उम्मीद की जा रही है कि वह हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

अल्पसंख्यक हिंदू बांग्लादेश की कुल आबादी का लगभग आठ प्रतिशत हैं। वे मुख्य रूप से ग्रामीण इलाकों में रहते हैं और कृषि तथा छोटे व्यवसायों पर निर्भर हैं। हाल के वर्षों में मंदिरों पर हमले, जमीन हड़पने और हिंसा की घटनाओं ने इस समुदाय को भयभीत कर दिया था। बांग्लादेश राष्ट्रवादी दल ने चुनाव प्रचार के दौरान स्पष्ट संदेश दिया था कि अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा उनकी प्राथमिकता होगी। तारिक रहमान ने कई बार कहा है कि उनका दल सभी धर्मों के लोगों को समान अवसर देगा। नई सरकार बनने के बाद कानून व्यवस्था मजबूत करने के वादे से हिंदू समुदाय में उत्साह है।नई सरकार अल्पसंख्यकों के लिए कई कदम उठा सकती है। सबसे पहले, मंदिरों और पूजा स्थलों की सुरक्षा के लिए विशेष दस्ते गठित किए जा सकते हैं। दूसरा, जमीन संबंधी विवादों को तत्काल निपटाने के लिए अदालतों में विशेष बेंच बनाई जा सकती हैं। तीसरा, हिंदू समुदाय के युवाओं के लिए शिक्षा और रोजगार के अवसर बढ़ाए जा सकते हैं। इन कदमों से न केवल हिंदुओं का भरोसा बढ़ेगा बल्कि समाज में सद्भाव का वातावरण बनेगा। विशेषज्ञ बताते हैं कि स्थिर सरकार के आने से हिंसा की घटनाएं कम होंगी और अल्पसंख्यक समुदाय आर्थिक रूप से मजबूत होगा। उदाहरण के तौर पर, दल की पिछली सरकारों में अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड सक्रिय रहा था, जिसने कई योजनाएं चलाई थीं। अब ऐसी योजनाओं को नई जान मिलेगी। भारत के साथ बांग्लादेश के संबंध हमेशा महत्वपूर्ण रहे हैं। दोनों देश सांस्कृतिक रूप से जुड़े हैं और सीमा पर व्यापार फलता-फूलता है। पिछली सरकारों के दौरान कुछ मुद्दों पर तनाव जरूर आया था, लेकिन बांग्लादेश राष्ट्रवादी दल भारत के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखता है। तारिक रहमान ने कई मौकों पर कहा है कि भारत उनका मित्र देश है और दोनों देशों को मिलकर आतंकवाद तथा जल बंटवारे जैसे मुद्दों का समाधान करना चाहिए। नई सरकार बनने से ये संबंध और मजबूत होंगे। व्यापार बढ़ेगा, सीमा पर घुसपैठ रुकेगी और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा।भारत बांग्लादेश को निर्यात करता है कपड़ा, दवाइयां और मशीनरी। बदले में बांग्लादेश जूट तथा सब्जियां भेजता है। नई सरकार के आने से यह व्यापार दोगुना हो सकता है। इसके अलावा, गंगा जल बंटवारे पर नए समझौते की संभावना है। दोनों देश मिलकर बाढ़ नियंत्रण परियोजनाएं चला सकते हैं। अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा भारत के लिए भी चिंता का विषय रही है। नई सरकार के सकारात्मक कदमों से भारत को आश्वासन मिलेगा और द्विपक्षीय संबंधों में नई गर्मी आएगी। राजनयिक सूत्रों के अनुसार, नई सरकार दिल्ली का दौरा करेगी और उच्च स्तरीय वार्ता होगी। इससे दोनों देशों के नागरिकों को लाभ होगा।

तारिक रहमान का नेतृत्व भारत के हितों के अनुकूल माना जा रहा है। वे आर्थिक सुधारों पर जोर देंगे, जो भारत के निवेश को आकर्षित करेगा। बांग्लादेश में भारतीय कंपनियां पहले से सक्रिय हैं। नई सरकार के आने से इनका विस्तार होगा। ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग बढ़ेगा। भारत बांग्लादेश को बिजली आपूर्ति करता है, इसे और बढ़ाया जा सकता है। आतंकवाद के खिलाफ दोनों देश साझा रणनीति बना सकते हैं। रोहिंग्या संकट पर भी सहमति बनेगी। कुल मिलाकर, नई सरकार से भारत को लाभ होगा।अल्पसंख्यक हिंदुओं के लिए सकारात्मक प्रभाव लंबे समय तक रहेगा। नई सरकार शिक्षा नीति में बदलाव ला सकती है, जिसमें हिंदू त्योहारों को मान्यता मिलेगी। स्वास्थ्य सेवाओं में समान पहुंच सुनिश्चित होगी।

# वैलेंटाइन डे की 'आड़' में गुमनाम होती जवानों की शहादत



संतोष कुमार तिवारी

जहां देश में युवक और युवती आपसी प्रेम के इजहार को लेकर बड़े ही बेसब्री से 14 फरवरी का इंतजार करते है और पर्व 7 फरवरी से 14 फरवरी तक विभिन्न दिवस के रूप मनाया जाता है लेकिन देश के युवा वैलेंटाइन डे के चक्कर में देश के वीर जवानों की शहादत को ध्यान में न रखकर केवल प्रेम और मोहब्बत के झूठे जंजाल में खुद को बर्बाद कर रहे है।

वैलेंटाइन डे के नाम पर जिस तरह युवक और युवती खुद को प्रेम के नाम पर बर्बाद कर रहे है जो कहीं न कहीं देश के भविष्य को लेकर चिंताजनक है। प्रेम के नाम पर केवल मौज मस्ती और दिखावा युवाओं को पथभ्रष्ट कर रहा है। जहां देश में लोग वीर जवानों की कुर्बानी को याद कर उनके कार्यों को नमन कर रहे है, पुलवामा में हुए हमले के दौरान शहीद हुए जवानों को लोग याद करते है और 14 फरवरी को शहीदों की याद में 'ब्लैक डे' मनाया जाता है लेकिन देश के भविष्य युवा वीरों की शहादत को याद करने की जगह भारतीय संस्कृति को गंदा करने वाले वैलेंटाइन डे जैसे दिन पर मशगूल रहते है। आइये जानते है कि 14 फरवरी को ब्लैक डे क्यों मनाया जाता है?

14 फरवरी को भारत के इतिहास में 'ब्लैक डे' के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन 2019 में पुलवामा में हुआ हमला आतंकवाद का एक विनाशकारी रूप था जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। जम्मू-कश्मीर में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का एक काफिला जम्मू से श्रीनगर की ओर जा रहा था। जैसे ही काफिला अवंतीपोरा के गोरीपोरा के पास पहुंचा, एक वाहन काफिले में शामिल बसों के बहुत करीब आ गया। सैनिकों की ओर से ड्राइवर को सुरक्षित दूरी बनाए रखने के लिए बार-बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद वाहन ने आदेशों की अनदेखी करना जारी रखा।

एक भयावह क्षण में, वाहन बसों में से एक से टकरा गया जिससे एक बड़ा विस्फोट हुआ जिसमें 40 बहादुर सैनिकों की जान चली गई। यह आतंकवादी हमला श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे अवंतीपोरा के गोरीपोरा में हुआ। सीआरपीएफ का काफिला, जिसमें 60 से अधिक सैन्य वाहन और लगभग 2,547 सैनिक शामिल थे, इस क्षेत्र से गुजर रहा था। विस्फोटकों से भरे एक वाहन ने सैन्य बसों में से एक को टक्कर मार दी। टक्कर के कारण एक बड़ा विस्फोट हुआ, जो इतना शक्तिशाली था कि कई किलोमीटर दूर तक सुना जा सकता था. विस्फोट इतना तीव्र था कि इसने आसपास के क्षेत्र को धुएं और आग के घने बादल में घेर लिया। दुखद रूप से इस भीषण हमले में 40 से अधिक सैनिकों की जान चली गई।

पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने अवंतीपोरा में हुए विनाशकारी हमले की जिम्मेदारी ली। यह विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि काफिले में शामिल कई बसें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं थीं। इस हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। आतंकवाद के इस क्रूर कृत्य ने पूरे देश को शोक में डुबो दिया और सभी की निगाहें सरकार और सेना पर टिक गईं जो शहीद सैनिकों का बदला लेने के लिए एक मजबूत और निर्णायक जवाब का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

पुलवामा आतंकवादी हमले के ठीक 12 दिन बाद भारत ने 25 फरवरी 2019 की देर रात पाकिस्तान के बालाकोट पर जवाबी हवाई हमला किया। इस ऑपरेशन के दौरान, लगभग 300 पाकिस्तानी आतंकवादी मारे गए। इस मिशन में लगभग 2,000 भारतीय वायु सेना के जवानों ने भाग लिया और क्षेत्र में आतंकवादी शिविरों पर लगभग 1,000 किलोग्राम बम गिराए। यह ऑपरेशन पूरी गोपनीयता के साथ किया गया और पाकिस्तान को चौंका दिया गया।

इस निर्णायक कार्रवाई को बाद में बालाकोट एयर स्ट्राइक नाम दिया गया। बालाकोट हवाई हमले के दौरान, भारत के मिग-21 बाइसन लड़ाकू विमान ने एक पाकिस्तानी एफ -16 जेट को भी मार गिराया. हालांकि, ऑपरेशन के दौरान, मिग-21 क्षतिग्रस्त हो गया और पाकिस्तान में दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसके परिणामस्वरूप विंग कमांडर अभिनंदन वर्थमान को पाकिस्तानी सेना ने पकड़ लिया। इस कठिन परिस्थिति के बावजूद, अभिनंदन को 1 मार्च, 2019 को पाकिस्तान द्वारा रिहा कर दिया गया। उनकी बहादुरी के लिए भारत सरकार ने उन्हें प्रतिष्ठित 'वीर चक्र' से सम्मानित किया।

देश के वीर जवानों की शहादत पर यदि देश का युवा जिसके कंधे पर देश की जिम्मेदारी है, वह देशभक्ति से हटकर फर्जी प्रेम दिवस मनाने में जुटा हो तो सोचा जा सकता है कि हमारा देश कहां जा रहा है?

देश के युवाओं से अपील है कि आपके कंधे पर देश की जिम्मेदारी है और आप जिस क्षेत्र में है, उस काम को जिम्मेदारी से करें और राष्ट्रहित सर्वोपरि को ध्यान में रखकर कार्य करें। वैलेंटाइन डे के नाम पर जिस तरह देश के युवक्त और युवती अपने क्षणिक प्रेम के लिए भारतीय संस्कृति और संस्कार को तिलांजलि दे रहे है और जवानों की शहादत गुमनाम हो रही है, वह सर्वथा अनुचित है। भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे मजबूत संस्कृति है जो संस्कार से युक्त है।

# नशा महामारी की जड़ को खत्म करना होगा



संजीव ठाकुर

नशा मानव जीवन की उन कमजोरियों में से एक है, जिसने युगों–युगों से व्यक्ति, परिवार और समाज को भीतर से क्षीण किया है। यह केवल आधुनिक समय की समस्या नहीं है, बल्कि इसके बीज पौराणिक काल तक फैले हुए दिखाई देते हैं। किंतु यह भी उतना ही सत्य है कि भारतीय पौराणिक परंपरा ने नशे को कभी जीवन–मूल्य नहीं माना, बल्कि उसे पतन का कारण बताया और आत्मसंयम को श्रेष्ठ गुण के रूप में प्रतिष्ठित किया।

पौराणिक काल में नशे का उल्लेख प्रतीकात्मक और सीमित रूप में मिलता है। देवताओं और असुरों द्वारा समुद्र मंथन से प्राप्त 'सुरा' और 'सोम' का प्रसंग प्रसिद्ध है। किंतु यह समझना आवश्यक है कि सोम कोई सामान्य नशीला पेय नहीं था, बल्कि वह यज्ञीय और औषधीय प्रयोजनों से जुड़ा दिव्य तत्व था, जिसका प्रयोग केवल विशेष अवसरों पर और संयमित रूप में होता था। इसके विपरीत, जब सुरा का प्रयोग असंयम और भोग के लिए हुआ, तो उसका परिणाम विनाशकारी सिद्ध हुआ। पुराणों में असुरों का पतन अक्सर उनकी भोगवादी प्रवृत्ति और मद्यपान से जोड़ा गया है, जो यह संकेत देता है कि नशा विवेक और मर्यादा के क्षय का कारण बनता है।

महाभारत में यदुवंश का विनाश नशे के दुष्परिणामों का सबसे सशक्त उदाहरण है। द्वारका में यादवों के बीच मद्यपान से उत्पन्न उन्माद ने उन्हें आपस में ही विनाश की ओर धकेल दिया। यह प्रसंग स्पष्ट संदेश देता है कि नशा केवल व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे वंश और समाज को नष्ट कर सकता है। रामायण में भी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन पूर्ण संयम और आत्मनियंत्रण का आदर्श है। वहाँ नशा कहीं भी आदर्श जीवन का अंग नहीं बनता, बल्कि त्याग, तप और संयम को ही श्रेष्ठ माना गया है। बौद्ध और जैन परंपराओं ने तो नशे के विरुद्ध और भी स्पष्ट रुख अपनाया। भगवान बुद्ध के पंचशील में नशा न करने की प्रतिज्ञा आत्मिक जागरण की अनिवार्य शर्त है। महावीर स्वामी ने इंद्रिय संयम को मोक्ष का द्वार बताया। इन सभी परंपराओं का मूल संदेश यही है कि नशा मनुष्य को उसके लक्ष्य से भटका देता है और आत्मविकास के मार्ग में बाधा बनता है।

आज के समय में नशे की समस्या कहीं अधिक विकराल रूप ले चुकी है। शराब, तंबाकू, गुटखा, अफीम और सिंथेटिक ड्रग्स ने समाज के हर वर्ग को प्रभावित किया है, विशेषकर युवा पीढ़ी को। नशा आज केवल व्यक्तिगत कमजोरी नहीं, बल्कि संगठित अपराध, बेरोजगारी, पारिवारिक विघटन और मानसिक रोगों का कारण बन चुका है। इसका प्रभाव राष्ट्र की उत्पादकता और सामाजिक ताने-बाने पर भी पड़ता है। नशे के विरुद्ध प्रभावी संघर्ष के लिए बहुआयामी प्रयास आवश्यक हैं। सबसे पहले, सामाजिक चेतना का निर्माण करना होगा। पौराणिक कथाओं और ऐतिहासिक उदाहरणों के माध्यम से यह समझाया जा सकता है कि नशा सदैव पतन का कारण रहा है। शिक्षा संस्थानों में नैतिक शिक्षा, योग, ध्यान और जीवन–कौशल को अनिवार्य किया जाना चाहिए, ताकि युवा तनाव से निपटने के लिए नशे का सहारा न लें।

दूसरे, परिवार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। संवादहीनता और भावनात्मक रिक्तता नशे की ओर पहला कदम होती है। यदि परिवार बच्चों को समय, स्नेह और सही मार्गदर्शन दे, तो नशे की संभावना स्वतः कम हो जाती है। तीसरे, शासन और समाज को मिलकर नशे के व्यापार पर कठोर नियंत्रण करना होगा। केवल कानून नहीं, बल्कि पुनर्वास और परामर्श केंद्रों का विस्तार भी आवश्यक है, ताकि नशे में फँसे व्यक्ति को अपराधी नहीं, रोगी समझकर उपचार दिया जा सके।

# शक़ की दवा है कहीं?



डॉ टी महादेव राव

मॉर्निंग वॉक के लिए तैयार हो रहा था कि श्रीमती ने कहा मैं भी चलूंगी। मैंने कहा तुम तो शाम को वॉक करती हो आज सुबह कैसे?

बस थोड़ी सावधानी के लिए। आज क्या है, इसी वजह से मैं आपके साथ वॉक पर आना चाहती हूं।

आज चौदह फरवरी है। अच्छा वेलेंटाइन डे है। लेकिन इससे वॉक का क्या संबंध है?

पिछले दो तीन सालों में पार्क में जहां आप बैठते हो इसी दिन कितने लोगों की जबरदस्ती शादी करा दी गई याद नहीं है? अपने पड़ोस के हरिलाल की बेटी सुलोचना की शादी उसके बॉय फ्रेंड से करवादी गई कि नहीं। अपने पिछवाड़े वाले अपार्टमेंट में भी इसी तरह की दो तीन घटनाएं हुईं कि नहीं? लेकिन मेरे साथ ऐसा नहीं होगा। खैर।

तुम आना चाहती हो तो आ जाओ। आजकल कुछ भी हो सकता है।

अगर तुम्हारे बगल में कोई आकर बैठ गई तो गड़बड़ दल वाले उसके साथ तुम्हारा ब्याह रचा देंगे।

तब क्या करोगे? हे भगवान! कुछ तो मेरी उम्र का खयाल करके बोला करो।

'आजकल बड़ी उम्र वालों की बड़ी डिमांड है और सबसे खतरनाक भी यही बड़ी उम्र वाले लोग हो गए हैं। सामने बहुत भोले, बड़े संस्कारी और स्वयं को महात्मा कहने तक नहीं चूकने वाले लोग ही आजकल अवैध रिश्तों में और गलत कामों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं जो हाल ही में बाहर आए कुछ सूत्रों से पता चला है। पहले तो हम कहते थे कि जवान लोग पता नहीं कब क्या कर जाएं। लेकिन आजकल खतरा बड़ी उम्र के वालों लोगों से बना हुआ है वह कब क्या कर जाएं इसका कोई भरोसा नहीं है। उनके दिमाग में रावण के गधे के सिर की तरह बीच-बीच में कुलांचे भरता है और पता नहीं क्या कर जाता है?

तुम मुझे पिछले कई सालों से जानती हो उसके बावजूद तुमने मेरे बारे में ऐसा सोचा? खैर आ जाओ साथ चलते हैं। शक की दवा तो संत लुकमान के पास भी नहीं थी। तुम्हारी जानकारी के लिए बता दूं बड़ी उम्र के पुरुष ही नहीं।

महिलाएं ज्यादा खतरनाक हैं। हाल ही में कोई दामाद के साथ, कोई समधी के साथ तो कोई किसी के साथ रिश्तों की परवाह किये बिना भाग रही हैं। इसे क्या कहोगी? इसमें वेलेंटाइन का क्या असर रहा? कभी भी कुछ भी बोलती हो चलो। छोटू आता ही होगा। चलो। कुतर्क करना कोई आपसे सीखे। हर बात का जवाब तैयार रहता है आपके पास। अरे छोटू! आ गए चलो अच्छा हुआ। अच्छा रूपा भी तुम्हारे साथ वॉकिंग के लिए आ रही है।

अच्छी बात है। तुम्हारी भाभी भी चल रही है।

रूपा के साथ श्रीमती जी पीछे-पीछे चलने लगे हम लोग काफी आगे बढ़ गए तो मैंने पूछा रूपा कैसे आज? क्या बताऊं भैया! यह जो शक की बीमारी है न, यह वैलेंटाइन डे पर अपने चरम पर।

मैं बोला चलो भाभी जी भी। हां भाभी जी भी तो औरत ही है औरत का पहला नाम शक ही होता है अब चलो बात करते रहते हैं हम लोग पीछे आते रहेंगे। इतने में उन लोगों ने पीछे से आवाज दी कहां भागे जा रहे हो थोड़ा धीमे चलोगे तो वॉक नहीं होगा क्या? हम दोनों थम गए, उनको आते देखते रहे।






# पावरप्ले का अधिकतम इस्तेमाल करने पर फोकस : ईशान किशन



भारत की शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी ने वर्ष 2024 में पुरुष टी-20 विश्व कप जीतने के बाद से अपनी रणनीति स्पष्ट कर दी है- पावरप्ले में आक्रामक खेल, तेज शुरुआत और फिर टीम की डेप्थ के सहारे 200 से अधिक का स्कोर खड़ा करना। इसी सोच को गुरुवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में ईशान किशन ने शानदार तरीके से मैदान पर उतारा। उन्होंने सिर्फ 24 गेंदों में 61 रन ठोकते हुए नामीबिया पर भारत की रिकॉर्ड 93 रन की जीत की नींव रखी। ईशान ने अपनी पारी में छह चौके और पांच छक्के लगाए। उनके आक्रामक खेल की बदौलत भारत ने छह ओवर में 86 रन बना लिए, जो इस टूर्नामेंट में पावरप्ले के दौरान टीम का अब तक का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है।

हालांकि इसके बाद मध्य ओवरों में टीम थोड़ी लड़खड़ाई और 209 रन तक पहुंचने के रास्ते में दो झटके भी लगे। कुछ समय के लिए ऐसा लगा कि भारत अपनी आक्रामक रणनीति में बदलाव करेगा, खासकर तब जब तेज शॉट खेलने की कोशिश में विकेट गिरते नजर आए। लेकिन ईशान ने क्रीज पर समय बिताने के साथ आक्रामकता जारी रखी। पावरप्ले के अंतिम ओवर में ईशान ने लगातार चार छक्के और एक चौका लगाकर 28 रन बटोरे। भारत ने सिर्फ 6.5 ओवर में 100 रन पूरे कर लिए, जो टूर्नामेंट में सबसे तेज टीम शतक का नया रिकॉर्ड है।

किशन ने गेम खत्म होने पर रिपोर्टर्स से कहा, "हम सभी अच्छे टच में हैं और जितना हो सके पावर प्ले का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं। हम जानते थे कि बाद में, एक बार बॉल स्विंग होना बंद हो जाए तो शायद हम ओवर में अतिरिक्त रन बना सकते हैं। प्लान यही था और गेम दर गेम सिचुएशन अलग होती है। यहां यह अलग था, कल जब हम पाकिस्तान के खिलाफ खेलेंगे, तो यह अलग हो सकता है। इसलिए हमारे लिए अहम है कि हम विकेट, बॉलिंग, बॉलर आदि के बारे में जल्द से जल्द अंदाजा लगाना लगा सकें।

अगर मुझे सिंगल लेकर किसी और को स्ट्राइक देने की जरूरत हुई, तो मैं वह भी करूंगा। इसलिए गेम की सिचुएशन के बारे में पता होना जरूरी है और मुझे लगता है कि अगर आपको पावर प्ले में अच्छी शुरुआत मिलती है, तो आपको हमेशा कोशिश करनी चाहिए।

उनका मानना है कि शीर्ष तीन बल्लेबाजों में से एक को लंबी पारी खेलनी चाहिए।

ईशान ने यह भी कहा कि अब वे पहले की तुलना में अधिक परिपक्व हो गए हैं। पहले वे हर समय मजाक-मस्ती करते थे, लेकिन अब उनका ध्यान बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग पर ज्यादा है।

मुख्य कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में वे अपने खेल पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। साल 2026 ईशान के लिए खास रहा है। टीम में वापसी के बाद उन्होंने छह पारियों में 296 रन बनाए हैं, उनका औसत 49.33 और स्ट्राइक रेट 222.55 है। वे इस समय भारत के सबसे प्रभावी बल्लेबाज बनकर उभरे हैं।

वर्ष 2023 के एकदिवसीय विश्व कप में दो मैच खेलने के बाद वे टीम से बाहर हो गए थे और उनका केंद्रीय अनुबंध भी छिन गया था। लेकिन दो साल की मेहनत और घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्होंने दोबारा जगह बनाई।

# टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की सबसे बड़ी जीत

## 47वीं बार 200+ स्कोर बनाया, हार्दिक ने 109 मीटर लंबा सिक्स लगाया

भारत ने नामीबिया को 93 रन से हराकर टी-20 वर्ल्ड कप में अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। टीम ने इस फॉर्मेट में 47वीं बार 200+ स्कोर का आंकड़ा पार किया। वहीं हार्दिक पंड्या ने 109 मीटर लंबा सिक्स लगाया। गुरुवार को पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने 9 विकेट पर 209 रन बनाए। ईशान किशन ने 20 बॉल पर फिफ्टी लगाई। 210 रन का पीछा करने उतरी नामीबिया की टीम 18.2 ओवर में 116 रन पर ऑलआउट हो गई।




**मैच के टॉप रिकॉर्ड्स और मोमेंट्स**

**1. लगातार 10वीं जीत का रिकॉर्ड**

भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार 10वीं जीत दर्ज कर टूर्नामेंट इतिहास का नया रिकॉर्ड बना दिया। यह जीतों का सिलसिला 2024 सीजन से शुरू हुआ था। दूसरे स्थान पर साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया हैं, जिनके नाम आठ-आठ लगातार जीत दर्ज हैं।

**2. टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की सबसे बड़ी जीत**

भारत ने 93 रन से जीत दर्ज कर टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में अपनी सबसे बड़ी जीत हासिल की। इससे पहले टीम की सबसे बड़ी जीत 2012 में कोलंबो में इंग्लैंड के खिलाफ 90 रन से थी।

**3. भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में तीसरा सबसे बड़ा टोटल बनाया**

भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। टीम ने 20 ओवर में 209/9 रन बनाए। इस सूची में भारत का ही 2007 में इंग्लैंड के खिलाफ बनाया गया 218/4 का स्कोर टॉप पर है।

**4. भारत ने 47वीं बार 200+ स्कोर बनाया**

भारत ने टी-20 इंटरनेशनल में 47वीं बार 200 से ज्यादा रन बनाए। यह किसी भी टीम द्वारा सबसे ज्यादा है। साउथ अफ्रीका (29) और न्यूजीलैंड (28) इस सूची में पीछे हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज ने 25-25 बार यह आंकड़ा पार किया है।खास बात यह है कि टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद से भारत 14 बार 200+ स्कोर बना चुका है, जबकि इस दौरान किसी अन्य टीम ने सात से ज्यादा बार यह उपलब्धि हासिल नहीं की।

**5. ईशान की 20 गेंदों में फिफ्टी**

ईशान किशन ने 20 गेंदों में अर्धशतक लगा दिया। यह टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए संयुक्त रूप से पांचवीं सबसे तेज फिफ्टी रही। इस सूची में टॉप पर युवराज सिंह की 12 गेंदों वाली ऐतिहासिक पारी है।

ईशान ने पावरप्ले के भीतर फिफ्टी पूरी कर टी-20 वर्ल्ड कप में ऐसा करने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में जगह बना ली। उनसे पहले रोहित शर्मा और केएल राहुल यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

**6. संजू वर्ल्ड कप खेलने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज भारतीय**

संजू सैमसन टी-20 वर्ल्ड कप में डेब्यू करने वाले भारत के दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। उनकी उम्र डेब्यू के समय 31 साल 93 दिन रही। उनसे आगे सिर्फ अमित मिश्रा हैं, जिन्होंने 2014 में 31 साल 117 दिन की उम्र में टी-20 वर्ल्ड कप डेब्यू किया था।

**7. इरास्मस ने लिए 4 विकेट**

नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने दिल्ली में भारत के खिलाफ 4 विकेट झटके। इसके साथ ही वे टी-20 वर्ल्ड कप में कप्तान के रूप में चार विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में शामिल हो गए। उनसे पहले राशिद खान, डेनियल विटोरी और जीशान मकसूद यह कारनामा कर चुके हैं। साथ ही इरास्मस भारत के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप में चार विकेट लेने वाले चौथे गेंदबाज बने। उनसे पहले मिचेल सैंटनर (4/11) ऐसा कर चुके हैं।

# कर्नाटक सरकार का बड़ा फैसला, बंगलूरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम को आईपीएल मैचों के लिए मिली मंजूरी

## कई शर्तें भी है शामिल



कर्नाटक सरकार ने कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) को बंगलूरू के एम. चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम में आईपीएल मैच आयोजित करने की अनुमति देने का फैसला किया। बता दें कि, पिछले साल जून में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की पहली खिताबी जीत के जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर भगदड़ मच गई थी, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी और 30 से अधिक लोग घायल हुए थे। इस घटना के बाद से स्टेडियम में क्रिकेट मैचों पर रोक लगा दी गई थी।

**शर्तों के साथ मिली मंजूरी**

घटना की जांच के लिए सरकार ने न्यायमूर्ति जॉन माइकल कुन्हा की अध्यक्षता में एक समिति गठित की थी, जिसने कई सिफारिशें दी थीं। बाद में ग्रेटर बंगलूरू अथॉरिटी के मुख्य आयुक्त एम. महेश्वर राव के नेतृत्व में एक पैनल बनाया गया, जिसे यह देखने की जिम्मेदारी दी गई थी कि सिफारिशों को लागू किया गया है या नहीं। कर्नाटक के कानून और संसदीय कार्य मंत्री एच. के. पाटिल ने संवाददाताओं से कहा, 'आज हमने आईपीएल मैचों को आयोजित करने की अनुमति देने का निर्णय लिया है, लेकिन कैबिनेट ने गृह विभाग से कहा है कि वह विशेष आदेश जारी कर शर्तें तय करे, जिन्हें केएससीए और आरसीबी को पूरा करना होगा। आदेश अगले दो दिनों में जारी किया जा सकता है।'

उन्होंने बताया कि शर्तों में स्टेडियम के गेट चौड़े करना भी शामिल है। मंत्री ने यह भी कहा कि कैबिनेट में विशेष गहन पुनरीक्षण पर भी चर्चा हुई। कुछ स्थानों पर इसे जिस तरीके और प्रक्रिया से लागू किया जा रहा है, उस पर विचार-विमर्श किया गया। कैबिनेट ने कानून और संसदीय कार्य विभाग को इस पर अध्ययन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

# जिम्बाब्वे के खिलाफ हार के बाद ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने बताया कैसे आया टीम पर दबाव?

ऑस्ट्रेलिया को टी20 वर्ल्ड कप 2026 में जिम्बाब्वे के हाथों 23 रन से मैच गंवाना पड़ा। गुरुवार को इस बड़े उलटफेर के बाद ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ट्रेविस हेड ने स्वीकारा है कि पावरप्ले में विकेट गिरने से टीम पर दबाव आया। आर प्रेमदासा स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की टीम ने 2 विकेट खोकर 169 रन बनाए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 19.3 ओवरों में महज 146 रन पर सिमट गई।

मुकाबला गंवाने के बाद ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा, हमें लगा कि विकेट अच्छा था। हमें लगा कि पूरे मुकाबले में यह काफी संतुलित रहेगा और वैसा ही दिखा भी। हमारी पारी में दो विकेट जल्दी गिरे, फिर भी मुझे लगा कि उस विकेट के हिसाब से स्कोर थोड़ा कम रह गया, खासकर जब दूसरी पारी में गेंद बेहतर तरीके से आ रही थी।

ऑस्ट्रेलियाई टीम 29 के स्कोर तक अपने 4 विकेट खो चुकी थी। यहां से ग्लेन मैक्सवेल ने मैट रैनेशॉ के साथ चौथे विकेट के लिए 77 रन जुटाए, लेकिन इस साझेदारी के टूटते ही विकेटों का पतझड़ लग गया।




ट्रेविस हेड ने कहा, दूसरी पारी में हमने विकेट गंवाए। शुरुआती आधा हिस्सा दबाव में रहा। उन्होंने (जिम्बाब्वे) अच्छा खेला। आखिरी ओवरों में दो विकेट लिए और विकेट हाथ में रखे। जैसा मैंने कहा, टॉस जीतकर अगर कोई हमें वह टारगेट देता, तो हम उसे चेज करने में खुश होते। मुझे नहीं लगता कि कोई एक ओवर ऐसा था जिसे बदलना चाहिए था। हमने हालात को ठीक से संभाला और हम उसी स्कोर पर थे जिसे चेज करना हमें ठीक लगता। पावरप्ले में विकेट गिरने से हम पर दबाव आया, जिससे रन रेट बढ़ा। यह हार निराशाजनक है, लेकिन यही खेल है।

ऑस्ट्रेलियाई टीम विश्व कप से पहले खिलाड़ियों की चोट से परेशान रही है। कप्तान ने कहा, ₹हम पहले भी ऐसी स्थिति में रहे हैं।

टॉस के समय हमने 23 खिलाड़ियों, चोटों और टूर्नामेंट की चुनौतियों की बात की थी, जो आम बात है। मुकाबले कड़े हैं, सभी टीमें मजबूत हैं। हम आत्मविश्वास बनाए रखेंगे। अभी दो मैच शेष हैं।

# दिल्ली में बदलेगा क्रिकेट का पता

## नया स्टेडियम बनाने की तैयारी में लगा डीडीसीए

दिल्ली में क्रिकेट का पता बदलने वाला है। फिलहाल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और इंडियन प्रीमियर लीग के मैच दिल्ली गेट स्थित अरुण जेटली स्टेडियम में होते हैं। दिल्ली एवं डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट संघ ने राजधानी में नया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। यह जानकारी डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली ने गुरुवार (12 फरवरी) को टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत-नामीबिया मैच के दौरान इंटरव्यू में दी।

रोहन जेटली ने दिल्ली में नया स्टेडियम बनाने का कारण बताते हुए कहा, 'विचार यह है कि जैसे-जैसे खेल का विकास हो रहा है और दर्शकों की संख्या बढ़ रही है तो बुनियादी सुविधाओं के बेहतर बनाने की आवश्यकता है। आप यह भी चाहेंगे कि दर्शक क्षमता और उनके अनुभव के लिए बेहतर तंत्र हो। हम ऐसा तंत्र बनाना चाहते हैं जिससे आज की मांग की आवश्यकता पूरी हो और अगले 20 वर्षों तक यह उपयोगी रहे।'

**कई राज्यो में एक ज्यादा**



रोहन जेटली ने कहा कि फिलहाल स्टेडियम बनाने की योजना शुरुआती दौर में है, लेकिन जल्द जगह चिह्नित करके स्टेडियम बनाने की तैयारी शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि स्टेडियम को केवल आज की मांग नहीं बल्कि अगले 20 साल को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि स्टेडियम ऐसी जगह बनेगा जहां मेट्रो से आने जाने की सुविधा हो।

**अगले 20 साल को ध्यान में रखकर बनेगा स्टेडियम**

**अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम**

रोहन जेटली ने कहा, 'कोटला में ज्यादा मैच हो रहे हैं। नया स्टेडियम बनने का यह मतलब नहीं है कि सबकुछ वहीं स्थानांतरित हो जाएगा। दोनों मैदानों को प्रबंधित किया जाएगा। काफी ऐसे राज्य हैं जहां कई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम हैं। दिल्ली में भी ऐसा ही होगा।'

**कबतक बन जाएगा स्टेडियम**

नया स्टेडियम कबतक बनकर तैयार हो जाएगा? इसकी जानकारी देते रोहन जेटली ने कहा, 'देखिए प्रक्रिया अभी चल रही है। इसको चलाने,समझने और खत्म करने में समय लगेगा। अभी हम बहुत शुरुआती चरण में हैं। अगर हम इस प्रक्रिया को इसी साल में पूरा कर एक दिशा में आगे बढ़ सकें तो ये बहुत अच्छी बात होगी।

**कहां बनेगा स्टेडियम**

इस सवाल का जवाब देते हुए रोहन जेटली ने कहा,'अभी जगह चिह्नित करने की प्रक्रिया चल रही है। अलग-अलग विभाग, अलग-अलग तंत्र दिल्ली सरकार, केंद्र सरकार, डीडीए के बीच बहुत सारी चर्चाएं चल रही हैं। अभी एक जगह खोजने की प्रक्रिया चल रही है। जैसे ही उस दिशा में कुछ आगे होगा हम आपको जानकारी देंगे।'

**दिल्ली मेट्रो को ध्यान में रखकर बनेगा स्टेडियम**

रोहन जेटली ने कहा कि यातायात खासकर मेट्रो को ध्यान में रखकर स्टेडियम बनाया जाएगा। उन्होंने कहा, 'स्टेडियम की लोकेशन के लिए सबसे अहम चीज पहुंच, मेट्रो, संचार, सड़क परिवहन, बुनियादी ढांचे की पहुंच है। यदि आप जमीन लेते हैं और वहां कोई सड़क नहीं है तो क्या होगा? आपको कई सड़कों तक पहुंच की आवश्यकता होती है। इससे आपके पास दर्शकों को निकालने की सुविधा, आग जैसी अनहोनी होने पर लोगों को आसानी से निकालने की सुविधा होती है । जगह मायने नहीं रखता। आना-जाना महत्वपूर्ण है। देखिये भारत में और विदेशों में भी शहर के बाहर स्टेडियम हैं, लेकिन वहां पहुंचना आसान है।

# रुक-रुक कर गेंदबाजी, 'मूर्ति जैसी मुद्रा' और चकिंग के आरोप; उस्मान तारिक पर क्यों उठे सवाल

आईसीसी टी20 विश्व कप 2026 के दौरान पाकिस्तान के ऑफ स्पिनर उस्मान तारिक अपनी गेंदों से जितना असर डाल रहे हैं, उतनी ही चर्चा उनके अनोखे गेंदबाजी एक्शन की भी हो रही है। रन-अप के दौरान क्षणिक विराम, क्रीज पर 'मूर्ति जैसी' स्थिर मुद्रा और फिर अचानक गेंद फेंकना, यह सब बल्लेबाजों को भ्रम में डाल रहा है। इसी वजह से उनके एक्शन को लेकर चकिंग के आरोप लगे। सवाल उठ रहे हैं कि क्या यह चालाकी है या नियमों की सीमा में रहकर की गई गेंदबाजी।

**दो बार हुई थी एक्शन की रिपोर्ट**

ऐसा लगता है कि उस्मान तारिक बल्लेबाजों को भ्रम में डालने के लिए ऐसा करते हैं, जिसे लेकर सवाल भी उठ रहे हैं और विवाद खड़ा हो गया है। उस्मान तारिक की रुक-रुक कर गेंद फेंकने की शैली को अवैध गेंद कहना या क्रिकेट की भाषा में कहें तो चकिंग कहना। उनके गेंदबाजी एक्शन की दो बार रिपोर्ट भी की गई, लेकिन दोनों अवसरों पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उनके एक्शन को सही करार दिया। इस 28 वर्षीय ऑफ स्पिनर के अपरंपरागत गेंदबाजी एक्शन ने पहले ही खेल के सबसे छोटे प्रारूप में कुछ खिलाड़ियों का ध्यान अपनी तरफ खींचा है।

**अमेरिका के खिलाफ लिए थे 3 विकेट**

उन्होंने इस सप्ताह श्रीलंका में अपने पहले टी20 विश्व कप मैच में अमेरिका के खिलाफ तीन विकेट लिए थे। क्रिकेट के नियमों के अनुसार तारिक के एक्शन को अवैध ठहराना आसान भी नहीं है। किसी गेंदबाज के एक्शन को अवैध करार देने के लिए सबसे पहला कारण 15 डिग्री का नियम है। इस नियम के अनुसार गेंदबाज अपनी कोहनी को 15 डिग्री की सीमा से अधिक नहीं मोड़ सकता है जिसका मैदान पर मौजूद अंपायरों के लिए वास्तविक समय में सटीक आकलन करना लगभग असंभव है।

**ग्रीन और ब्रेविस जैसे खिलाड़ी भी खा चुके हैं गच्चा**

ऑस्ट्रेलिया के कैमरन ग्रीन और दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस जैसे बल्लेबाज कुछ ऐसे उल्लेखनीय खिलाड़ी हैं जो तारिक के गेंदबाजी एक्शन से हैरान रह गए थे। नवंबर में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तारिक की दूसरी ही गेंद पर पावर हिटर ब्रेविस आउट हो गए। लाहौर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पाकिस्तान की 3-0 से जीत के दौरान ग्रीन ने उनकी बाहर जाती एक गेंद को कवर में खड़े क्षेत्ररक्षक के पास पहुंचा दिया और उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा। कैमरन ग्रीन ने इस पर अविश्वास से अपना सिर हिलाया और बाउंड्री लाइन के पास तारिक के गेंदबाजी एक्शन का मजाक उड़ाया, हालांकि बाद में उन्होंने माफी मांग ली थी।



उस्मान तारिक का टी20 क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है। नवंबर में त्रिकोणीय श्रृंखला के दौरान रावलपिंडी में जिम्बाब्वे के खिलाफ उन्होंने 18 रन देकर चार विकेट लिए थे जिसमें हैट्रिक भी शामिल है। उस्मान तारिक ने अब तक केवल चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 88 गेंदों पर 11 विकेट लिए हैं। जब चयनकर्ताओं ने तारिक को टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया तो किसी को हैरानी नहीं हुई क्योंकि वह जानते थे कि श्रीलंका की पिचें तेज गेंदबाजों की तुलना में धीमी गति के गेंदबाजों के लिए अधिक उपयुक्त होंगी।

उस्मान तारिक का शीर्ष स्तर के क्रिकेट तक का सफर आसान नहीं था। पिछले दो सत्र में देश के प्रमुख घरेलू टी20 टूर्नामेंट पाकिस्तान सुपर लीग के दौरान संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए उनके खिलाफ दो बार शिकायत दर्ज की गई, लेकिन दोनों ही मौकों पर लाहौर स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में परीक्षण के बाद उन्हें दोषमुक्त कर दिया गया।

उस्मान तारिक ने कहा, 'मेरी बांह में दो कोहनी हैं। मेरी बांह स्वाभाविक रूप से मुड़ती है। मैंने इसकी जांच कराई है और रिपोर्ट में यह स्पष्ट है। हर कोई महसूस करता है कि मैं अपनी बांह मोड़ता हूं। मेरी मुड़ी हुई बांह एक जैविक समस्या है।'

# क्या झूठ बोल रहे हैं रणवीर सिंह? ऋतिक रोशन ने डॉन 3 को लेकर किए दावों पर तोड़ी चुप्पी

रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर 'डॉन 3' पर करीब तीन साल से काम कर रहे थे और इस साल जनवरी में इसकी शूटिंग भी शुरू होनी थी, पर इसके सामने एक बड़ी रुकावट आ गई। रणवीर सिंह ने एनमौके पर फिल्म छोड़ दी। इसके कारण रणवीर और फरहान के बीच मतभेद हो गए। मेकर्स ने रणवीर से 40 करोड़ रुपये का मुआवजा मांगा, पर एक्टर ने इनकार कर दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रणवीर सिंह ने 'धुरंधर' की सफलता के कारण यह फैसला लिया। इस बीच ऐसी खबरें आईं कि मेकर्स ने रणवीर को बताए बिना 'डॉन 3' के लिए ऋतिक रोशन को अप्रोच किया, जबकि रणवीर को पहले से ही कास्ट किया जा चुका था। यह बात रणवीर को नागवार गुजरी। अब इस पर ऋतिक रोशन ने रिएक्ट किया है। उन्होंने कहा है कि ये झूठी खबरें हैं, जिनमें रत्तीभर भी सच्चाई नहीं है। उन्हें कभी भी 'डॉन 3' के लिए अप्रोच नहीं किया गया था। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या रणवीर सिंह झूठ बोल रहे हैं?



### ऋतिक रोशन बोले- 'डॉन 3' के लिए कभी अप्रोच नहीं किया गया

ऋतिक रोशन ने सामने आकर सारी बात साफ की है। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'जो बात महज अफवाह के रूप में शुरू हुई थी, अब उसने एक अलग ही रूप ले लिया है, और सच्चाई सामने लाना बेहद जरूरी है। मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि 'डॉन 3' के लिए मुझसे कभी भी संपर्क नहीं किया गया। मीडिया से अपील है कि वह ऐसी किसी भी खबर से दूर रहें।'

### 'डॉन 3' को लेकर रणवीर सिंह और एक्सेल एंटरटेनमेंट में ठनी

उधर, एक सोर्स ने 'स्क्रीन' को बताया कि रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के एक्सेल एंटरटेनमेंट ने कुमार मंगलम बिरला से भी मुलाकात की, जिनका बिरला स्टूडियोज रणवीर सिंह की फिल्म 'प्रलय' को प्रोड्यूस कर रहा है। एक्सेल एंटरटेनमेंट ने उनसे अनुरोध किया है कि जब तक 'डॉन 3' से बाहर निकलने का मामला हल नहीं हो जाता, तब तक न तो फंड जारी किया जाए और न ही शूटिंग शुरू की जाए। रणवीर सिंह ने फैसला किया था कि 'धुरंधर' के बाद वह 'प्रलय' पर काम करेंगे। वह इस फिल्म के को-प्रोड्यूसर भी हैं। उनके पास अपना रुख नरम करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था और अब उन्होंने 'डॉन 3' के प्रोडक्शन कॉस्ट के ऑडिट किए गए अकाउंट्स की मांग की है।

### 'डॉन 3' पर रणवीर और फरहार अख्तर के बीच क्यों है विवाद?

'डॉन 3' को लेकर रणवीर सिंह और फरहान अख्तर के बीच क्या मतभेद है, यहां बता रहे हैं। दरअसल, रणवीर ने 'धुरंधर' की रिलीज के बाद 'डॉन 3' अचानक छोड़ दी थी। इससे फरहान की कंपनी को काफी नुकसान हुआ था, करीब 40 करोड़ रुपये का। तो फरहान की कंपनी ने रणवीर सिंह से 40 करोड़ का मुआवजा मांगा था। लेकिन एक्टर ने इनकार कर दिया। बात बढ़ी तो प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया को बीच में आना पड़ा, लेकिन बात और बिगड़ गई। गिल्ड के सामने एक मीटिंग रखी गई, जिसमें रणवीर सिंह का पक्ष भी सामने आया।

### रणवीर सिंह के फरहान अख्तर पर आरोप

रणवीर ने एक्सेल एंटरटेनमेंट पर अनप्रोफेशनल होने का आरोप लगाया। साथ ही दावा किया कि जब उनकी फिल्में नहीं चल रही थीं, तो 'डॉन 3' के मेकर्स शूट को लगातार डिले कर रहे थे। रणवीर ने यह भी कहा कि मेकर्स ने उन्हें बताए बिना ऋतिक रोशन को भी अप्रोच किया था, लेकिन 'धुरंधर' की सफलता के बाद अचानक ही फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी का मन बदल गया और 'डॉन 3' में रणवीर को लेने के लिए बेचैन हो उठे।

### 'डॉन 3' में कब हुई रणवीर सिंह की एंट्री?

'डॉन 3' में रणवीर सिंह की एंट्री साल 2023 में हुई थी। तब मेकर्स ने एक टीजर के जरिए इसका ऐलान किया था। फिल्म में कृति सेनन भी थीं। साल 2025 तक फरहान अख्तर शूटिंग लोकेशंस देख रहे थे, पर शूट शुरू नहीं हो पाया। और फिर 'धुरंधर' की रिलीज के बाद रणवीर सिंह ने 'डॉन 3' छोड़ दी।

# क्यों एआई से फिल्म बनाना चाहते हैं राजकुमार हिरानी? डायरेक्टर के बयान से सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस



फिल्ममेकर राजकुमार हिरानी सिनेमा में एआई की एंट्री से डर नहीं रहे हैं, बल्कि वे इसे अच्छे तरीके से इस्तेमाल करना चाहते हैं। डायरेक्टर ने हाल ही में खुलासा किया कि वे एआई का इस्तेमाल कर एक शार्ट फिल्म बनाना चाहते हैं। साथ ही उन्होंने कहानी को लेकर भी बातचीत की।

### क्यों एआई से फिल्म बनाना चाहते हैं राजकुमार हिरानी?

एक इंटव्यू में राजकुमार ने ये खुलासा किया के वे एआई के साथ एक शोर्ट फिल्म बनाने की उनकी इच्छा है। हिरानी ने कहा, 'मैं कभी-कभी एआई को लेकर बहुत उत्साहित हो जाता हूं और एक छोटी एआई शोर्ट फिल्म बनाना चाहता हूं। एआई वाकई एक बेहतरीन टूल बनने जा रहा है, और हमें जल्द ही इसके साथ दोस्ती कर लेनी चाहिए। यह अब यहीं रहने वाला है और बहुत काम का साधन है।

उन्होंने आगे कहा, 'ऐसा नहीं है कि आपको पूरी फिल्म एआई से ही बनानी है, लेकिन इसे उन चीजों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है जो पहले हम नहीं कर पाते थे। इससे लागत भी कम हो सकती है। हालांकि पूरी एआई फिल्म बनाना आसान नहीं है। पूरी एआई फिल्म बनाना काफी मेहनत का काम है।'

### मेरे पास एक कहानी है

उन्होंने आगे कहा, 'एआई एक शानदार टूल है। मैं 4-5 मिनट की एक शार्ट फिल्म बनाने का प्लान बना रहा हूं। पहली वजह यह है कि मेरे पास एक कहानी है जो मैं लोगों तक पहुंचाना चाहता हूं। दूसरा, मुझे लगता है कि ऐसा करके मैं एआई को सबसे बेहतर तरीके से सीख पाऊंगा। तो आने वाले कुछ महीनों में, जब तक मैं लिख रहा हूं, तब तक इस पर भी काम करूंगा। कुछ दिलचस्प जरूर सामने आएगा।'

हालांकि, उनके इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई। कई लोगों ने सवाल उठाया कि क्या सिनेमा का भविष्य अब ऐसा ही होगा? वहीं कुछ लोगों ने यह भी पूछा कि आखिर कहानियां सुनाने के लिए एआई की जरूरत ही क्यों है।

एक यूजर ने लिखा, 'इतने अच्छे टैलेंट का बर्बाद होना दुखद है।' दूसरे ने कहा, 'एआई क्रिएटिविटी के लिए श्राप है।' वहीं एक और यूजर ने कमेंट में लिखा था, 'एआई लोगों की क्रिएटिविटी और कला की जगह कभी नहीं ले सकता और न ही लेना चाहिए।'

# डेस्टिनेशन वेडिंग नहीं, सादगी भरी थीम पर कृतिका कामरा और गौरव कपूर करेंगे शादी



क्रिकेट होस्ट गौरव कपूर औ कृतिका कामरा जल्द ही शादी करने वाले हैं। दोनों की शादी की खबरें बीते दिनों से सुर्खियों में थी। अब खबर है कि जल्द ही गौरव और कृतिका शादी करने वाले हैं। साथ ही दोनों ने शेयर भी किया है कि वे कैसी शादी करना चाहते हैं।

### सादगी भरी होगी शादी

कृतिका कामरा और गौरव कपूर मार्च में अपने जीवन में नई शुरुआत करने वाले हैं। लेकिन उन्होंने बड़ी और आलीशान डेस्टिनेशन वेडिंग की जगह एक मॉडर्न और मिनिमलिस्ट शादी करने का फैसला किया है। दोनों अपनी शादी की तैयारियों में खुद पूरी तरह शामिल हैं। हर छोटी-बड़ी चीज को सोच-समझकर प्लान किया जा रहा है। उनका मकसद दिखावे से दूर रहकर एक सादगी भरी शादी करना है।

### मुंबई में होगी शादी

कृतिका और गौरव अपनी सादगी भरी सोच के लिए जाने जाते हैं। वे चाहते हैं कि उनकी शादी उनके असली व्यक्तित्व को दिखाए। मॉडर्न और एलिगेंट अंदाज को अपनाने का फैसला उन्होंने किसी ट्रेंड की वजह से नहीं, बल्कि अपनी पसंद और सोच के मुताबिक लिया है। कपल के एक करीबी सूत्र ने बताया, 'कृतिका और गौरव के लिए शादी का मतलब बड़ा आयोजन नहीं, बल्कि उसकी अहमियत है। उन्होंने डेस्टिनेशन वेडिंग छोड़कर मुंबई में एक सादी, मॉडर्न और इंटिमेट शादी करने का फैसला किया है। वे चाहते हैं कि यह जश्न उनकी पर्सनालिटी के हिसाब से हो। शादी के लिए हर डिटेल पर खास ध्यान दिया जा रहा है। सजावट से लेकर स्टाइलिंग तक, सब कुछ उनकी पसंद और पर्सनालिटी को दर्शाएगा।'

जानकारी के मुताबिक, शादी का माहौल बेहद एनर्जी भरा और अपनापन लिए होगा। सजावट और पूरे सेटअप सादगी से भरा होगा, ताकि पूरे कार्यक्रम में अपनापन महसूस हो।

# तेजस्वी प्रकाश को देखते ही 'भाभीजी नमस्ते' चिल्लाए राज कुंद्रा, की खिंचाई तो यह बोलीं एक्ट्रेस

तेजस्वी प्रकाश और करण कुंदा की गिनती टीवी के पॉपुलर और क्यूट कपल्स में की जाती है। दोनों की जोड़ी इस कदर पॉपुलर है कि अब कई रियलिटी शोज में उन्हें साथ बुलाया जाता है। फैंस ही नहीं, अब तो सेलिब्रिटीज भी तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा की बॉन्डिंग के दीवाने हैं और अकसर उन्हें छेड़ते नजर आते हैं। हाल ही तेजस्वी को शिल्पा शेट्टी के पति और बिजनेसमैन राज कुंद्रा ने 'भाभीजी' कहकर छेड़ दिया, जिससे वह झेंप गईं। इसका एक वीडियो सामने आया है, जो वायरल हो रहा है।



तेजस्वी प्रकाश हाल ही एक स्पोर्ट्स इवेंट में शामिल हुई थीं। राज कुंद्रा भी उस इवेंट का हिस्सा थे। जैसे ही राज कुंद्रा की नजर तेजस्वी प्रकाश पर पड़ी, उन्होंने कहा- भाभाजी नमस्ते।' यह सुनकर तेजस्वी रुकीं और राज कुंद्रा से ऐसा बोलने को मना किया और शरमा गईं। लेकिन राज कुंद्रा कहां मानने वाले थे।

राज कुंद्रा ने तेजस्वी प्रकाश को चिढ़ाना बंद नहीं किया और बोले, 'अरे भाभीजी नमस्ते बोलूंगा, और क्या बोलूंगा?' इस पर तेजस्वी बोलीं- नहीं। फिर राज कुंद्रा ने कहा, 'कुंद्रा-कुंद्रा हैं तो भाभीजी हुए ना आप।' फिर वह नीचे उतरकर आते हैं और तेजस्वी को गले लगाते हैं। लेकिन फिर भी वह इशारे पपाराजी की ओर बोलते हैं- भाभीजी, भाभीजी।' यह देख सभी हंस पड़े। इस वीडियो पर फैंस और यूजर्स के भी काफी कमेंट्स आ रहे हैं।

करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश की लव स्टोरी की बात करें, तो इसकी शुरुआत 'बिग बॉस 15' के दौरान हुई थी। तब शो में करण ने कबूल किया था कि वह तेजस्वी को पसंद करते थे। तब से उनका रिलेशनशिप आज तक बरकरार है। बीच-बीच में करण और तेजस्वी की शादी की खबरें आती रही हैं, पर कपल अभी भी उस खास दिन के इंतजार में है।

फिलहाल, करण और तेजस्वी अपने करियर प्रोजेक्ट्स में बिजी हैं और साथ में भी खूब काम कर रहे हैं। हाल ही दोनों 'लाफ्टर शेफ्स' में नजर आए थे और जल्द ही नए रियलिटी शो 'द ब्लिंग' में भी नजर आएंगे।

# रानी ने मनाया 'मर्दानी 3' की सफलता का जश्न

बीते 30 जनवरी को रानी मुखर्जी की फिल्म 'मर्दानी 3' रिलीज हुई थी। फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद भी किया। रानी के अभिनय की फिल्मी दुनिया के बाकी स्टार्स ने भी काफी तारीफ की। इस फिल्म का प्रमोशन जोर-शोर से करते हुए रानी ने महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर भी खूब चर्चा की थी। अब फिल्म के सफल होने के बाद रानी जश्न मनाने मुंबई के एक कॉलेज में पहुंची।

### रानी ने किया 'मर्दानी 3' का सक्सेस सेलिब्रेशन

अपनी फिल्म 'मर्दानी 3' के रिलीज और फिल्म के प्रमोशन पर रानी ने काफी मेहनत की थी। कभी मंदिर तो कभी बच्चों के बीच एक्ट्रेस को देखा गया था। फिल्म रिलीज हुई और दर्शकों को काफी पसंद आई। अब अभिनेत्री अपनी फिल्म मर्दानी 3 की सफलता को सेलिब्रेट करने पहुंची हैं। वह मुंबई स्थित एक कॉलेज में पहुंचीं और उन्होंने संस्थान की महिला छात्राओं के साथ जमकर एंजॉय किया । रानी ने केक काटा और अपनी फैंस के साथ कई फोटोज क्लिक करवाए।

### 'मर्दानी 3' की अब तक की कमाई

आपको बता दें कि 'मर्दानी 3', मर्दानी फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। इसके निर्देशक अभिराज



मीनावाला हैं। इसमें रानी मुखर्जी के अलावा जानकी बोडीवाला और मल्लिका प्रसाद अहम किरदारों में हैं। खबर लिखे जाने तक इस फिल्म 15 दिनों में बॉक्स ऑफिस पर 41.11 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है।

### कोलकाता भी पहुंचीं अभिनेत्री रानी मुखर्जी

रानी मुखर्जी हाल ही में बंगाली अभिनेत्री देबाश्री रॉय के साथ कोलकाता के काली घाट पर भी नजर आईं थीं। रानी ने 2025 में फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीता था। उनकी रिशतेदार और अभिनेत्री देबाश्री को काफी समय लगभग तीस साल पहले 'उन्नीशे अप्रैल' के लिए सम्मानित किया गया था।

# 'उस्तरा' को 'रोमियो' बनाने में थोड़ा चूके विशाल भारद्वाज; शाहिद पर भारी पड़े अविनाश और नाना

## मूवी रिव्यू : ओ रोमियो

**कलाकार:शाहिद कपूर , अविनाश तिवारी , तृप्ति डिमरी , नाना पाटेकर , दिशा पाटनी , तमन्ना भाटिया , विक्रांत मैसी , फरीदा जलाल और हुसैन दलाल**

'मोहब्बत एक बद्दुआ, जिसे लग जाती है उसे तबाह कर देती है।' कुछ ऐसा ही होता है विशाल भारद्वाज और शाहिद कपूर की 'ओ रोमियो' के साथ। अपनी घोषणा के बाद से ही 'ओ रोमियो' चर्चा में बनी हुई थी। अंततः आज यह सिनेमाघरों में पहुंच चुकी है। ये शाहिद कपूर की विशाल भारद्वाज के साथ चौथी फिल्म है। पिछली तीन फिल्मों 'कमीने', 'रंगून' और 'हैदर' को क्रिटिक्स से सराहना मिली थी। अब 'ओ रोमियो' में एक्शन, प्यार, धोखा और बदला सबकुछ देखने को मिलता है। जानते हैं कैसी है 'ओ रोमियो'?



### कहानी

'ओ रोमियो' एक बदले की कहानी है। फिल्म की कहानी 1995 के मुंबई पर आधारित है। जहां उस्तरा (शाहिद कपूर) आईबी ऑफिसर खान (नाना पाटेकर) के लिए काम करता है। खान उस्तरा को गैंगस्टर्स को मारने के लिए पैसे देता है। उस्तरा पूरी तरह से खान के कहे पर ही चलता है। क्योंकि कभी खान ने जलाल (अविनाश तिवारी) के चंगुल से उस्तरा को निकाला था और उसकी जान बचाई थी। उस्तरा अपनी दादी (फरीदा जलाल) और अपने साथियों के साथ एक क्रूज पर रहता है। इनमें छोटू (हुसैन दलाल) उसका सबसे खास है। बार डांसर जूली (दिशा पाटनी) उस्तरा की गर्लफ्रेंड है। एक दिन अफ्शा (तृप्ति डिमरी) उस्तरा को जलाल, अंसारी, शंकर और इंस्पेक्टर पठारे की सुपारी देने आती है। ये सभी जलाल के ही खास आदमी हैं।

उस्तरा अफ्शा को ऐसा करने से मना कर देता है। लेकिन फिर कुछ ऐसा होता है कि उस्तरा अफ्शा की जान बचाता है और इन चारों को मारने में उसकी मदद करता है। यही नहीं वो अफ्शा को भी ट्रेंड करता है। इसी दौरान उस्तरा के अंदर अफ्शा के लिए फीलिंग्स भी जागने लगती हैं।

फिल्म के इंटरवल सीन में जलाल (अविनाश तिवारी) की दमदार एंट्री होती है। वो स्पेन में अपनी पत्नी राबिया (तमन्ना भाटिया) के साथ रहता है। वहीं से मुंबई में अपने ड्रग्स और अंडरवर्ल्ड के सभी धंधों को कंट्रोल करता है। जलाल इतना खूंखार और हैवान है कि उस तक पहुंचना आईबी के लिए भी काफी मुश्किल है। उसकी दहशत उसके पहले सीन में ही पता चल जाती है। फर्स्ट हाफ तक जो कहानी गैंगस्टर वॉर और पुलिस के बीच का एक्शन-ड्रामा मालूम पड़ती है, सेकंड हाफ में वो एक लव स्टोरी और बदले की कहानी बन जाती है। अपने उस्तरा से लोगों को मिनटों में मौत के घाट उतारने वाला उस्तरा अचानक रोमियो बन जाता है और अपने प्यार (अफ्शा) के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हो जाता है।

### अभिनय

'ओ रोमियो' को देखकर ऐसा लगता है कि शाहिद कपूर को चॉकलेटी हीरो की इमेज से बाहर निकालने का ठेका सिर्फ विशाल भारद्वाज ने ही ले रखा है। हर बार की तरह यहां भी उन्होंने शाहिद से वैसा ही काम कराया है, जैसा 'कमीने' और 'हैदर' में उन्होंने किया था।

तृप्ति डिमरी को देखकर फिल्म में अच्छा लगता है, क्योंकि यहां उन्होंने सिर्फ अपनी खूबसूरती ही नहीं दिखाई है, बल्कि कहानी का सबसे अहम किरदार अदा किया है। फिल्म में वो रोमांस से ज्यादा एक्शन करती नजर आती हैं। बेशक निर्देशक ने उनकी खूबसूरती का भी अच्छा इस्तेमाल किया है। जबकि इमोशनल सीन में भी वो पूरी तरह उतर जाते हैं। उन्होंने ये दिखाया है कि वो वाकई एक वर्सटाइल एक्टर हैं और उनकी रेंज एक 'मजनू' से कहीं ज्यादा है। उम्मीद है कि इस फिल्म के बाद उनके खाते में और भी दमदार रोल आएंगे।

नाना पाटेकर अपने किरदार में पूरी तरह से उतर गए हैं। उन्होंने खान के किरदार में जो मसखरी की है, वो सिर्फ नाना ही कर सकते हैं। इसके अलावा विक्रांत मैसी, तमन्ना भाटिया और दिशा पाटनी कहानी में थोड़ी देर के लिए ही हैं। लेकिन जितनी भी देर आए हैं अपने किरदार से इंसाफ करके गए हैं। तमन्ना बाकी किरदारों से अलग तरह के किरदार में हैं। हालांकि, 'आशिकों की कॉलोनी' गाने में दिशा के हॉट फिगर और बोल्ड स्टेप्स पर शाहिद कपूर का शानदार डांस भारी पड़ा है।

### संगीत

विशाल भारद्वाज की फिल्मों में संगीत की अहम भूमिका होती है। अब जब गुलजार के शब्द, अरिजीत सिंह की आवाज और विशाल भारद्वाज का संगीत एकसाथ आएगा, तो फिर फिल्म का संगीत बेसुरा तो नहीं हो सकता।

निर्देशन

विशाल भारद्वाज का निर्देशन कभी भी टोंकने वाला नहीं लगता है। लेकिन इस बार वो 'मकबूल', 'कमीने' और 'हैदर' जैसा जादू यहां नहीं चला पाते हैं। शायद गैंगस्टर-एक्शन ड्रामा और लव स्टोरी पिरोने के चक्कर में कुछ जगह वो भटक जाते हैं। जिससे कई मौकों पर कहानी भी भटकी लगती है।

### कमियां

बेशक फिल्म की कहानी हुसैन जैदी की 'माफिया क्वींस ऑफ मुंबई' पर आधारित है, लेकिन जैसा कि विशाल भारद्वाज खुद ही बोल चुके हैं कि उन्होंने क्रिएटिव लिबर्टी ली है। इसलिए कुछ मौकों पर ऐसा लगता है कि कहानी और कसी हो सकती थी। दूसरे हाफ में लव स्टोरी बनने पर विशाल भारद्वाज और उनके साथी लेखक थोड़ा चूक जाते हैं। फिल्म की 2 घंटा 59 मिनट की लंबाई इसकी सबसे बड़ी कमजोरी है।

### देखें या नहीं

विशाल भारद्वाज और शाहिद कपूर कहानी असल किरदारों से प्रेरित है, इसलिए बहुत ज्यादा भटकी नहीं है। अगर आप एक अच्छी स्टारकास्ट का अच्छा काम देखना चाहते हैं तो बेशक ये फिल्म आपके लिए है। हां, इतना है कि फिल्म कहीं पर भी उबाऊ नहीं लगेगी। हां, थोड़ा वक्त जरूर ज्यादा लेती है। कहानी थोड़ी बेहतर हो सकती थी।

# 'बार्डर की कहानी झूठी', भड़के लोंगेवाला युद्ध लड़ चुके हवलदार, कहा- सनी देओल हमारे नाम पर पैसे कमा रहे

जहां एक तरफ सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी जैसे कलाकारों से सजी 'बॉर्डर 2' सिनेमाघरों में सफलता के झंडे गाड़ चुकी है वहीं पहली फिल्म 'बॉर्डर' को लेकर विवाद खड़ा होता दिख रहा। करीब 29 साल बाद इस फिल्म के फैक्ट्स को लेकर युद्ध में शामिल रहे हवलदार मुख्तियार सिंह ने एक बड़ा दावा किया है।

'बॉर्डर' फिल्म में लोंगेवाला की लड़ाई को दिखाया गया है। इस युद्ध में शामिल रहे मोहाली के हवलदार मुख्तियार सिंह का दावा है कि मोर्चे पर 120 भारतीय जवान थे। उन्होंने कहा है कि फिल्म में वॉर से जुड़ी सच्ची घटना को फिल्म को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया, जिससे वो दुखी हैं।

### 'हम उस मोर्चे के असली हीरो हैं लेकिन हमें तो कोई पूछता नहीं'

मुख्तियार सिंह इस फैक्ट्स को लेकर 2 साल से राजस्थान के सीएम, रक्षा मंत्री और पीएम को पत्र लिख चुके हैं। उन्होंने कहा है कि सनी देओल से वो बस इतना ही चाहते हैं कि अगर कुछ नहीं कर सकते तो कम से कम उस युद्ध में जिंदा रहे सैनिकों से केवल मुलाकात कर लें। उन्होंने अपनी शिकायत जताते हुए कहा, 'हम उस मोर्चे के असली हीरो हैं लेकिन हमें तो कोई पूछता नहीं है।

### 'मेसेज दिया कि पाकिस्तान साइड से आर्मी के टैंक आ गए'

मोहाली के कुराली में रहने वाले हवलदार मुख्तियार सिंह इस समय 81 साल के हैं। भास्कर की रिपोर्ट में बताया जाता है कि हवलदार मुख्तियार सिंह ने कहा कि उन्होंने रेकी करते जहाज को देखकर अलर्ट दे दिया था। उन्होंने कहा, 'उस



समय मैं 26 साल का था। ये कहानी 4 और 5 दिसंबर 1971 की है।' उन्होंने बताया कि वो तब सेना में क्लर्क थे और गलती से उनकी पोस्टों के अंदर चले गए थे। उनके साथ जो कुत्ते थे वो भाग गए जिसके बाद धीरे-धीरे पीछे हटे। मुख्तियार सिंह ने कहा कि उस समय मोर्चे पर कुल 120 जवान थे। उन्होंने कहा, '24-25 लोग अधिकारी धर्मवीर के साथ पेट्रोलिंग पर थे। जब वे पेट्रोलिंग कर रहे थे तो उन्हें गड़गड़ाहट की आवाज आई।' मुख्तियार सिंह ने बताया कि अच्छी तरह देखा तो चांदपुरी साहब को मेसेज दिया कि पाकिस्तान साइड से आर्मी के टैंक आ गए हैं।

### 'पाकिस्तान के 45 टैंक क्रॉस कर आए थे'

उन्होंने कहा, 'चांदपुरी साहब ने सबको इकट्ठा कर लिया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन शुरू होने वाला है, आप लोग अलर्ट हो जाएं। उस समय देश की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी थीं और वो उस दिन कोलकाता में थीं। 3 तारीख को मेरे पास रेडियो था। अनाउंसमेंट हुआ कि इमरजेंसी लग गई है, आर्मी मोर्चे पर जाएं। पाकिस्तान के 45 टैंक क्रॉस कर आए थे। पाकिस्तान के टैंक अपनी आर्मी को उस समय कवरिंग फायर दे रहे थे।'

### कहा- इस फिल्म में सारे जवान शहीद दिखा दिए

मुख्तियार सिंह ने इसी बातचीत में बताया कि उस रात डेढ़ बजे उनका पहला गोला हमारी साइड गिरा था। उन्होंने कहा, 'चांदनी रात थी, सब कुछ साफ दिखाई दे रहा था। उस युद्ध में हमारी सिर्फ तीन कैजुअल्टी हुईं, इसके अलावा सारे जवान ठीक थे। इस फिल्म में सारे जवान शहीद दिखा दिए।' उनका कहना है कि वो चाहते हैं कि इतिहास को सही तरह से दिखाया जाए।

### बताया- पहले फिल्म की कहानी पर ध्यान नहीं दिया

उन्होंने ये भी बताया कि फिल्म की रिलीज के इतने साल बाद वो ये बातें अब क्यों कह रहे हैं। उन्होंने कहा, 'पहले मैंने फिल्म की कहानी पर ध्यान नहीं दिया। फिर मीडिया वाले मेरे साथ जगदेव सिंह से फिरोजपुर में मिले। जगदेव ने ही उन्हें मेरा नंबर दिया था। उसके बाद दो साल पहले मैंने सेना को इस बारे में पत्र लिखकर जानकारी दी। इसके बाद हमें 31 मीडियम रेजिमेंट लोंगेवाला ने वहां बुलाया और फिर 2024 में हमने वहां जाकर उन्हें सारी बातें बताई।'

### 'इतने साल हो गए लेकिन सरकार ने हमें अभी तक पूछा नहीं'

मुख्तियार सिंह ने भास्कर से हुई इस बातचीत में सरकारी रवैये पर भी निराशा जाहिर की। उन्होंने कहा कि इतने साल हो गए लेकिन सरकार ने हमें अभी तक पूछा नहीं। उन्होंने ये भी कहा कि अब उस दौर से बहुत कम जिंदा बचे हैं, शायद 10-20 लोग। हम देश के सिपाही हैं। सनी देओल को हमें क्या देना है? जब बॉर्डर रिलीज हुई, तो उससे पहले वे अलग-अलग यूनिट में गए थे। हम तो उस युद्ध में लड़कर आए हैं लेकिन सेना की तरफ से हमें महावीर चक्र, सेना मेडल या कोई अन्य मेडल नहीं दिया गया।' उन्होंने कहा कि हमें तो कोई पूछता नहीं है, हमें कोई लालच नहीं है।

### 'सनी देओल हमारे नाम पर पैसे कमा रहे हैं'

लोंगेवाला की लड़ाई मेंशामिल रह चुके मुख्तियार सिंह ने कहा, 'सनी देओल हमारे नाम पर पैसे कमा रहे हैं। वे किसी टीवी या पेपर में ये जानकारी दें कि उस समय 23 लोग पंजाब के जो लोग थे, हमारे जवान बहादुरी से लड़े थे।'

# 7 दिन बाद बेऊर जेल से बाहर निकले पप्पू यादव

## बोले– कारोबारी खेमका हत्याकांड में गलत एनकाउंटर हुआ, नीट छात्रा के लिए लड़ाई जारी रहेगी

पटना, 13 फरवरी (एजेंसियां)। पूर्णिया सांसद पप्पू यादव को शुक्रवार को कोर्ट ने तीन मामलों में बेल दे दी। शाम करीब 6 बजे वे बेऊर जेल से बाहर आ गए। कोर्ट ने जमानत देते हुए आदेश दिया कि जब भी मामले की सुनवाई होगी तो उन्हें सशरीर उपस्थित होना होगा।

जेल से बाहर आने के बाद पप्पू यादव ने कहा, 'सच बोलना इतना तकलीफदेह होगा कि कोर्ट और थाने के चक्कर काटने पड़ेंगे। ये मुझे नहीं पता था। मुझे नहीं पता कि प्रशासन ने ऐसा क्यों किया। सरकार में एक दो लोग हैं जिन्होंने बदमाशी की है। एक दिल्ली के नेता, एक बिहार के नेता और एक पूर्णिया के नेता की ये साजिश थी।

खेमका हत्याकांड में जो एनकाउंटर हुआ वो गलत बच्चे का हुआ। हमें वो गवाही मिल गई है। बच्चों को 4 बजे निकालकर गोली मारी गई। मैं हाईकोर्ट और सुप्रीमकोर्ट तक जाऊंगा और केस लड़ूंगा। नीट की बच्ची की लड़ाई मैं रुकने नहीं दूंगा। जिन लोगों ने भी हमारा समर्थन किया मैं उनका ऋणी हूं। मुझे मरवाने की भी कोशिश हुई।'



पप्पू यादव को 6 फरवरी को पुलिस ने 31 साल पुराने मामले में गिरफ्तार किया था। कोर्ट से उन्हें इस केस में जमानत मिल गई, लेकिन पुलिस ने 2 केस और जोड़ दिए। कोर्ट ने उन दोनों मामलों में पप्पू यादव को फिर जेल भेज दिया था। दोनों ही मामले कोतवाली थाना क्षेत्र से जुड़े थे, जिनमें एक 2017 और दूसरा 2019 में दर्ज किया गया था।

9 फरवरी से पटना सिविल कोर्ट में लगातार उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई चल रही है, लेकिन राहत नहीं मिल रही थी।

**12 फरवरी को कोर्ट रूम में**

**पेशकार:** कोतवाली कांड संख्या 1113/19 के पक्ष से हाजिर हों।

व्हील चेयर पर बैठे-बैठे पप्पू यादव बोले- जी हुजूर

**कोर्ट:** मेडिकल तौर पर अब आप कैसे हैं, फिट हैं न, अब कोई तकलीफ तो नहीं है?

**पप्पू यादव:** लड़खड़ाते हुए व्हील चेयर से उठे और बोले- हुजूर, संसद में आज मेरा अहम मसले पर डिबेट था। राष्ट्रपति के अभिभाषण में शिरकत होना था। नीट वाले मुद्दे को रखना था। सब पेंडिंग रह गया हुजूर।

**कोर्ट:** नहीं.. नहीं आपके स्वास्थ्य के बारे में पूछ रहा हूं, अब आप फिट हैं न?

**पप्पू यादव:** क्या बताऊं हुजूर प्रोस्टेट काफी बढ़ गया है। दर्द के चलते बेचैनी है। बता नहीं सकता कि कितना दर्द हो रहा है और मैं कितनी तकलीफ में हूं।

**कोर्ट:** जेल सुप्रिटेंडेंट इनके स्वास्थ्य का ख्याल रखें। बेहतर मेडिकल सुविधा दें।

**पप्पू यादव:** हुजूर, सुबह-सुबह जेल में अखबार पढ़ रहा था। एक इसी तरह के वाक्य पर आधारित मध्य प्रदेश में हुई घटना पर आर्टिकल छपी है। उसे एक बार देख लिया जाता।

**कोर्ट :** ठीक है। आज आपको कोतवाली कांड मामले में रिमांड पर लिया जा रहा है।

**पप्पू यादव: जी हुजूर**

**बुद्धा कॉलोनी केस:** 6 जनवरी की रात पुलिस पप्पू यादव को गिरफ्तार करने पहुंची थी तो उनके समर्थकों ने विरोध किया था। पुलिसकर्मियों के साथ बहस हुई थी। इसे लेकर बुद्धा कॉलोनी थाने में सरकारी काम में बाधा डालने का केस दर्ज किया गया था।

**कोतवाली थाना केस:** 27 मार्च 2017 को पप्पू यादव ने अपनी पार्टी जन अधिकार पार्टी (जाप-एल) के बैनर तले बिहार में बिजली टैरिफ में भारी बढ़ोतरी और बीएसएससी पेपर लीक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सड़क जाम किया गया था। पुलिस ने इस मामले में कोतवाली थाने में पप्पू यादव पर केस दर्ज किया था। पप्पू यादव के वकील के मुताबिक, सांसद ने अपने वकील के माध्यम से एक भावुक मैसेज दिया। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर प्रशासन उनसे क्या चाहता है?

उन्होंने कहा, मैं न तो किसी के निजी जीवन के आलोचक हूं और न ही सरकार के किसी व्यक्ति, मंत्री या विधायक का विरोधी। मैं गरीबों, छात्रों, युवाओं, महिलाओं और हर वर्ग के लिए न्याय और खुशियों की लड़ाई लड़ता हूं। मेरा उद्देश्य केवल इतना है कि कोई भी व्यक्ति गलत नीतियों और उत्पीड़न का शिकार न हो।

सांसद ने कहा, लोकसभा का सत्र चल रहा है, इसके बावजूद आंदोलन और आचार संहिता से जुड़े पुराने मामलों में मेरे साथ खतरनाक अपराधी जैसा व्यवहार किया गया। उन्होंने बताया कि 17, 18 और 24 तारीख के मामलों में वे थाने से जमानत पर हैं। ऐसे मामलों की सूचना देना पुलिस और थाने की जिम्मेदारी है, लेकिन बिना सूचना दिए उनके साथ ऐसा व्यवहार क्यों किया गया? पप्पू यादव ने सवाल किया कि जब वे सार्वजनिक जीवन में सक्रिय हैं, हर कार्यक्रम में शामिल होते हैं और उनकी गतिविधियों की जानकारी पुलिस प्रशासन को रहती है, तो फिर उन्हें "फरार" कैसे घोषित किया गया?

पप्पू यादव के वकील ऋषि केश नारायण सिन्हा के मुताबिक, सांसद ने कहा कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव के दौरान वे सबसे अधिक सक्रिय थे, फिर भी उन्हें फरार घोषित कर दिया गया।

# इंस्टा पर लव, शादी के लिए बुलाकर मुकरी लड़की

## बॉयफ्रेंड ने न्यूड वीडियो वायरल करने की धमकी दी, शेरवानी में उठा ले गई पुलिस

कटिहार, 13 फरवरी (एजेंसियां)। कटिहार में इंस्टाग्राम पर शुरू हुई एक प्रेम कहानी का अजीबोगरीब अंत हुआ है। शादी के मंडप में जाने की बजाय दूल्हा शेरवानी पहने सीधे थाने पहुंच गया। लड़की ने लड़के पर शादी से इनकार करने पर उसका न्यूड वीडियो वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया।

जिसके बाद पुलिस ने दूल्हे को पकड़ लिया। लड़के की पहचान निकेश कुमार झा के रूप में हुई है। वो समस्तीपुर का रहने वाला है। वो बारात लेकर अपनी गर्लफ्रेंड से शादी करने कटिहार आया था।

निकेश समस्तीपुर का रहने वाला है। 1 साल 2025 के मार्च में इंस्टाग्राम पर उसकी दोस्ती कटिहार के रहने वाले एक लड़की से हुई। पहले दोनों की दोस्ती हुई फिर बातचीत का सिलसिला बढ़ा। फिर दोनों ने एक दूसरे को अपना मोबाइल नंबर दिया। दोनों के बीच अब घंटों-घंटों बातचीत होने लगी। धीरे-धीरे ये दोस्ती प्यार में बदल गई। फोन पर ही दोनों के बीच प्राइवेट तस्वीरें भी साझा की जाने लगीं। दोनों काफी करीब आ गए तो दोनों ने शादी कर साथ रहने का फैसला किया।

इसी बीच वेलेंटाइन वीक के दौरान दोनों ने तय किया कि 11 फरवरी को दोनों शादी कर लेंगे। दूल्हा निकेश कुमार बारात के साथ कटिहार के सार्वजनिक दुर्गा मंदिर परिसर पहुंचा। लेकिन अचानक लड़की ने शादी से इंकार कर दिया।

लड़की का आरोप है कि शादी से इंकार करने के बाद निकेश गुस्से से तमतमा गया। वो धमकी देने लगा कि अगर शादी नहीं करोगी तो तुम्हारी प्राइवेट फोटो वायरल कर दूंगा। वो लगातार शादी का दबाव बनाने लगा।

लड़की भी थाने पहुंची और उसने निकेश के खिलाफ लिखित शिकायत दी। लिखित शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने निकेश को अरेस्ट कर लिया। बारात में शामिल होने आए लोग थाने परिसर में चक्कर काटते रहे। बाद में पता चला कि अब शादी नहीं हो सकती तो वो लोग वापस लौट गए। इस मामले को लेकर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अभिजीत सिंह का कहना है कि सोशल मीडिया पर फर्जी पहचान और प्यार का झांसा देकर प्राइवेट फोटो वायरल करने की धमकी देने के मामले में लड़के को अरेस्ट किया गया है।

# गर्लफ्रेंड से मिलने गए नाबालिग की मिली लाश

महासमुंद, 13 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में महासमुंद जिले में गर्लफ्रेंड से मिलने गए एक नाबालिग युवक का शव मिला है। 29 जनवरी को उद्रेश वर्मा (17) अपने दोस्तों के साथ टूड्री गांव में मड़ई मेला देखने गया था। वहां से अपनी गर्लफ्रेंड को कॉल कर रात 11 बजे जमनीडीह गांव मिलने पहुंचा। तब से लापता हो गया। दोस्तों ने तलाश की। कहीं नहीं मिला तो थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

14 दिन बाद 12 फरवरी को जमनीडीह गांव के जंगल में उसका शव मिला। परिजनों और दोस्तों ने हत्या का आरोप लगाया है। मामला भंवरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र का है।

दोस्तों ने पुलिस को एक ऑडियो सौंपा है, जिसमें आखिरी बार नाबालिग ने डरे सहमे आवाज में भटकने की बात कही थी और लोकेशन भेजने कहा था।

महासमुंद जिले के जमनीडीह गांव के जंगल में 12 फरवरी को नाबालिग का शव मिला। पुलिस जांच में पता चला कि यह लाश बलौदाबाजार जिले के ग्राम सर्वा के रहने वाले उद्रेश वर्मा (17) की है। जो पिछले 29 जनवरी से लापता था। उसके दोस्त ने भंवरपुर चौकी में 30 जनवरी को गुमशदुगी की शिकायत की थी।

पूछताछ में पता चला कि उद्रेश 29 जनवरी को अपने दोस्तों के साथ टूड्री गांव में मड़ाई मेला देखने गया था। लौटते समय उसने महासमुंद जिले के ग्राम पंचायत जमदरहा के आश्रित गांव जमनीडीह में अपनी गर्लफ्रेंड से मिलने की इच्छा जताई। दोस्तों ने मना किया लेकिन वह नहीं माना।

उद्रेश ने दोस्त के मोबाइल से गर्लफ्रेंड को कॉल किया और रात 11 बजे उससे मिलने चला गया। इसके बाद दोस्तों ने उसे बहुत खोजा पर वह मिला नहीं।

# दो बाइक की टक्कर में एक की मौत

गिरिडीह, 13 फरवरी (एजेंसियां)। गिरिडीह में गुरुवार की रात रोड एक्सीडेंट में एक 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। जबकि इस घटना में तीन लोग घायल हो गए। हादसा दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर से हुआ। घटना बेंगाबाद–मधुपुर मुख्य मार्ग पर चपुआडीह के पास हुई। मृतक की पहचान सहदेव पंडित के रूप में की गई। दुर्घटना में घायल हुए अन्य लोगों में सोबराजपुर निवासी प्रमिला देवी और बबलू शर्मा, तथा बुच्चानवाडीह निवासी तबरेज अंसारी शामिल हैं।

सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल गिरिडीह सदर अस्पताल पहुंचाया गया। घायल बबलू शर्मा ने बताया कि वे अपने चाचा सहदेव पंडित और प्रमिला देवी के साथ एक बाइक पर देवघर से सोबराजपुर लौट रहे थे। चपुआडीह स्थित एक ग्राहक सेवा केंद्र के पास रुकने के दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार दूसरी बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी।

# सरकारी मक्का प्लांट में भीड़ ने किया हमला

## दफ्तर–गाड़ियों में तोड़फोड़, फोर्स पर गुलेल से अटैक, कहा– वेस्ट से फसलों को हुआ नुकसान



कोंडागांव, 13 फरवरी (एजेंसियां)। कोंडागांव जिले के कोकोड़ी गांव स्थित मां दंतेश्वरी मक्का प्लांट पर 700-800 ग्रामीणों ने हमला कर दिया। लाठी-डंडे और पत्थर लेकर ऑफिस में घुसकर लोगों ने तोड़फोड़ की है। कैंपस में खड़ी कार, ट्रैक्टर सहित कई वाहनों को भी नुकसान पहुंचाया है।

ग्रामीणों के मुताबिक प्लांट से निकलने वाला वेस्ट खेतों तक पहुंच रहा है, जिससे फसलें खराब हो रही है। कई बार शिकायत के बाद भी एक्शन नहीं लेने पर लोगों का गुस्सा भड़का है। इस हमले में 10 से 20 लाख रुपए तक के नुकसान का अनुमान है।

सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। गुरुवार रात हमले के बाद आज सुबह ग्रामीणों ने फिर प्लांट में घुसने की कोशिश की तो उन्हें खदेड़ा गया है। कांकेर से भी अतिरिक्त फोर्स बुलाई गई। प्लांट के बाहर भारी पुलिस बल तैनात रहा। गांव में अभी स्थिति तनावपूर्ण है। ग्रामीण अब दूर से फोर्स पर गुलेल से हमला कर रहे हैं। वहीं, प्लांट पहुंचे महाराष्ट्र के एक ड्राइवर ने कहा कि हमले के दौरान उसने जंगल में छिपकर जान बचाई।

अपर कलेक्टर कोंडागांव चित्रकांत चार्ली ठाकुर ने बताया कि मामले के सभी पहलुओं की विस्तृत जांच की जाएगी। फिलहाल, ग्रामीणों की शिकायत के आधार पर संबंधित प्लांट को एहतियातन बंद कर दिया गया है और जांच रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, मां दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण प्लांट कोकोड़ी गांव में स्थित है। ग्रामीणों का आरोप है कि मक्का प्लांट से निकलने वाला तरल अपशिष्ट (वेस्ट) उनके खेतों तक पहुंच रहा है, जिससे फसलें खराब हो रही हैं।

किसानों का कहना है कि वे लंबे समय से प्रशासन को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग कर रहे थे, लेकिन उनकी शिकायतों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इसी नाराजगी के चलते ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से प्लांट का घेराव कर दिया।

# धार्मिक नारों पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी, पूर्व जिलाध्यक्ष पर केस

कोडरमा, 13 फरवरी (एजेंसियां)। कोडरमा में नगर निकाय चुनाव प्रचार के दौरान आचार संहिता उल्लंघन का मामला सामने आया है। भाजपा समर्थित प्रत्याशी पंकज बर्णवाल और भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी सहित 20 अन्य लोगों पर धार्मिक नारे लगाने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई फ्लाइंग स्क्वाड टीम (एफएसटी) के दंडाधिकारी की शिकायत पर की गई है। कनीय अभियंता सह एफएसटी के दंडाधिकारी मंतोष कुमार ने भाजपा समर्थित उम्मीदवार पंकज बर्णवाल के जनसंपर्क अभियान के एक वीडियो पर आपत्ति दर्ज कराई।

उनकी शिकायत के अनुसार, इस अभियान के दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने धार्मिक नारों का सहारा लिया था। जनसंपर्क अभियान में प्रत्याशी पंकज बर्णवाल की मौजूदगी के कारण उन्हें भी मामले में आरोपी बनाया गया है। इसके अतिरिक्त, इस अभियान में साथ रहने वाले 20 अन्य लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है।

तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार ने पुष्टि की कि कनीय अभियंता सह एफएसटी के दंडाधिकारी मंतोष कुमार की लिखित शिकायत के आधार पर तिलैया थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है।

# क्लासमेट के कमरे में निर्वस्त्र मिला एमबीए छात्रा का शव

## 3 दिन से लापता थी, कॉलेज के ग्रुप में आया था आपत्तिजनक वीडियो

इंदौर, 13 फरवरी (एजेंसियां)। इंदौर में 25 वर्षीय एमबीए छात्रा का शव निर्वस्त्र हालत में उसके क्लासमेट के कमरे में मिला है। कमरे के बाहर ताला लगा हुआ था। छात्रा तीन दिन से लापता थी।

10 फरवरी की रात कॉलेज के आधिकारिक वॉट्सएप ग्रुप पर छात्रा के मोबाइल फोन से एक आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट हुआ था। इसमें युवक का चेहरा इमोजी से छिपा था, जबकि छात्रा का चेहरा साफ दिख रहा है। परिजन का आरोप है कि आरोपी ने छात्रा के मोबाइल का इस्तेमाल कर उसके स्टेटस पर भी आपत्तिजनक वीडियो लगाए और उसके संपर्क में रहने वालों को भी भेजे।

द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक, घटना अंकल गली की है। सूचना मिलते एफएसएल टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। जिस कमरे से शव मिला है, वह मंदसौर निवासी पीयूष धामनोदिया का है। जो उसने किराए से ले रखा है। दोनों सांवेर रोड स्थित एक संस्थान से एमबीए में सेकेंड सेमेस्टर की पढ़ाई कर रहे थे। घटना के बाद से ही पीयूष लापता है। पुलिस के अनुसार, युवती 10 फरवरी से लापता थी। उस दिन वह आधार कार्ड ठीक कराने की बात कहकर पिता के साथ घर से निकली थी। पिता ने उसे कलेक्टोरेट के पास छोड़ा था। वहां से उसने अपनी छोटी बहन को फोन कर बताया कि वह अपने क्लासमेट पीयूष के साथ बर्थडे पार्टी में जा रही है। रात 11 बजे तक लौट आएगी।



पीयूष धनोतिया

बहन ने कहा कि वह यह बात खुद पिता को बता दे। इसके बाद युवती घर नहीं लौटी और उसका मोबाइल भी बंद हो गया।

**पिता बोले- यातनाएं देकर हत्या की गई**

युवती के पिता ने बताया कि थाने से फोन आया था कि वे तुरंत पीयूष के कमरे पर पहुंचें, पुलिस टीम भी वहां आ रही है। बेटी की पहचान उन्होंने उसके मोजों से की। पिता का आरोप है कि छात्रा को यातनाएं देकर हत्या की गई। उसके कई वीडियो वायरल किए गए। मानसिक रूप से प्रताड़ित और ब्लैकमेल किया गया।

उन्होंने कहा कि बेटी ने कुछ बातें छोटी बहन को बताई थीं, जिससे यह जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि उसी रात कॉलेज के वॉट्सएप ग्रुप में युवती का एक आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट किया गया, जिसमें युवक का चेहरा इमोजी से ढंका हुआ था, जबकि युवती का चेहरा साफ दिख रहा था।

# किसी को सूंड से उठाकर पटका तो किसी को पैरों तले कुचला

हजारीबाग, 13 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड में पांच हाथियों के झुंड ने छह लोगों की जान ले ली। यह घटना हजारीबाग जिला के चुरचू प्रखंड की अंगों पंचायत क्षेत्र में हुई। आधी रात में आए हाथियों ने दहशत के कारण भागते हुए ग्रामीणों को कुचल डाला। मृतकों में एक ही परिवार के चार लोग शामिल हैं। इस घटना ने इंसान और हाथियों के बीच संघर्ष के दुष्परिणामों की ओर एक बार फिर ध्यान खींचा है। बताया जाता है कि पांच हाथियों का झुंड गुरुवार-शुक्रवार की रात में हजारीबाग जिले के चुरचू प्रखंड के अंगों पंचायत क्षेत्र में पहुंच गया।

इससे आधी रात में गांव में अफरा-तफरी मच गई। हाथियों का झुंड सीधे गोंडवार बस्ती में घुस गया। इस बस्ती में अधिकतर लोग भुइया समाज से हैं।

# रायगढ़ कार्बन प्लांट हादसा साथ उठी बाप–बेटे की अर्थी

रायगढ़, 13 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के मंगल कार्बन प्लांट में हुए हादसे ने परिवार को पूरी तरह तोड़कर रख दिया। इस घटना में एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत हो गई। जिनमें पिता, बेटा और 9 माह की मासूम बच्ची शामिल हैं। परिवार ने एक दिन पहले ही 9 माह की बच्ची को दफनाया था। लेकिन अगले ही दिन हादसे में झुलसे पिता और बेटे की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। गुरुवार को साहेबलाल खड़िया (46) और उनके बेटे शिव खड़िया (27 ) का शव रजघट्टा गांव स्थित घर लाया गया। जहां पहले से ही परिवार के सदस्य, रिश्तेदार और ग्रामीणों मौजूद थे। हर आंख नम थी और माहौल गमगीन था। दोनों शवों को घर के आंगन में रखा गया, जिन्हें सफेद कफन से ढंका गया था। साहेबलाल के पिता कुंजराम खड़िया (70) अपने बेटे और पोते की लाश के पास बैठे रहे। पिता की आंखें नम थीं, लेकिन उम्र के कारण उनके भीतर रोने की भी ताकत नहीं बची थी।

वे कभी अपने बेटे-पोते के शव को देखते, तो कभी पास बैठी बहू आशा खड़िया को, जो बिलख-बिलखकर रो रही थी। घर के आंगन से रोने की आवाजें बाहर तक सुनाई दे रही थीं।

परिजनों को रिश्तेदार लगातार ढांढस बंधा रहे थे। साहेबलाल की बेटी और शिव की बहन आरती भी एक कमरे में उदास और नम आंखों के साथ बैठी रही। समय बीतने के बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार की प्रक्रिया शुरू की।

दोपहर लगभग ढाई बजे पिता और बेटे की अर्थी एक साथ घर से निकली। ग्रामीणों ने रीतिरिवाजों के साथ दोनों को अंतिम विदाई दी। गुरुवार को जहां परिवार से एक साथ दो अर्थियां उठीं, वहीं इससे ठीक एक दिन पहले परिवार की सबसे छोटी बच्ची भूमि (9 माह) का शव घर पहुंचा था।

मंगल कार्बन प्लांट हादसे में वह बुरी तरह झुलस गई थी। मंगलवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी, जिसके बाद बुधवार को शव गांव लाया गया और परंपरा के अनुसार उसे दफनाया गया।

# रायपुर का 119 साल पुराना मंदिर यहां रोजाना लव–मैरिज

रायपुर, 13 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में बैजनाथ पारा स्थित आर्य समाज मंदिर प्रेम करने वालों के लिए किसी तीर्थ स्थल से कम नहीं है। यहां हर साल हजारों शादियां होती है। यहां आने वाले जोड़े अपने चाहने वाले का साथ और जीवन भर हाथों में हाथ की चाहत लेकर आते हैं।

मंदिर प्रधान के मुताबिक, 1907 में जब स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय रायपुर आए थे, उसी दौरान इस मंदिर की स्थापना हुई। उस समय रायपुर सेंट्रल प्रोविंसेस और बरार का हिस्सा था। बरार ब्रिटिश काल से पहले और दौरान एक ऐतिहासिक क्षेत्र का नाम था। यह आज के महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र जैसे अमरावती, अकोला, बुलढाणा आदि में आता था। आज यह मंदिर करीब 119 साल पुराना हो चुका है।

अंग्रेजों के दौर से लेकर अब तक यहां 34 हजार से ज्यादा प्रेमी जोड़ों की शादी हो चुकी है। हर साल यहां 1000 से 1100 शादियां होती हैं। वैलेंटाइन डे के आसपास विवाह करने वाले जोड़ों की संख्या और बढ़ जाती हैं।

कई बार प्रेमी जोड़े घरवालों से छिपकर विवाह करने आते हैं।

# ट्रक और ऑटो की टक्कर, एक की मौत

गिरिडीह, 13 फरवरी (एजेंसियां)। गिरिडीह के पचंबा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक और ऑटो की टक्कर हो गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया।

यह घटना अलकापुरी चौक के पास हुई। जानकारी के अनुसार, ट्रक ने सामने से आ रहे ऑटो को जोरदार टक्कर मारी। ऑटो में सवार रतनपुरा-हीरोडीह निवासी प्रेम दास (35) और खरगडीहा देवपहरी (देवरी थाना क्षेत्र) निवासी छोटू राम गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत दोनों घायलों को एंबुलेंस से सदर अस्पताल पहुंचाया।

# एसएससी ऑनलाइन परीक्षा में हाईटेक नकल गिरोह का भंडाफोड़

## 8 लाख में तय हुआ था सौदा, 3 गिरफ्तार

धनबाद, 13 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड में धनबाद के गोविन्दपुर थाना क्षेत्र स्थित मिनर्वा डिजिटल परीक्षा केंद्र में एसएससी (एमटीएस) ऑनलाइन परीक्षा के दौरान एक हाईटेक नकल गिरोह का पर्दाफाश हुआ है।

परीक्षा के दौरान सेंटर कोऑर्डिनेटर को कदाचार की आशंका होने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए दो परीक्षार्थियों और परीक्षा केंद्र के एक कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया।




गिरफ्तार परीक्षार्थियों की पहचान रौनक कुमार, निवासी रामचन्द्रपुर, जिला लक्खीसराय (बिहार) तथा बिट्टु कुमार, निवासी कोचगांव, जिला लक्खीसराय (बिहार) के रूप में हुई है। वहीं परीक्षा केंद्र में रजिस्ट्रेशन मैनेजर के पद पर कार्यरत शशि कुमार, निवासी दायमचक, जिला नालंदा (बिहार) को भी गिरफ्तार किया गया है।

शुक्रवार को सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने प्रेस वार्ता में बताया कि जांच के दौरान परीक्षार्थियों के पास से अत्याधुनिक तकनीकी उपकरण जैसे ब्लूटूथ डिवाइस और स्पाई ईयरपीस बरामद किए गए।

इन उपकरणों की मदद से बाहर बैठे सहयोगियों द्वारा प्रश्नों के उत्तर बताए जा रहे थे। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों परीक्षार्थियों ने स्वीकार किया कि परीक्षा केंद्र के कर्मचारी ने ही उन्हें ये उपकरण उपलब्ध कराए थे और पूरी साजिश पहले से सुनियोजित थी।

पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ कि नकल कराने के लिए प्रति परीक्षार्थी आठ लाख रुपये में सौदा तय किया गया था। इसमें से ढाई लाख रुपये अग्रिम के रूप में दिए जा चुके थे।


गिरफ्तार कर्मचारी के मोबाइल फोन की जांच में व्हाट्सएप चैट, परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र और पैसों के लेन-देन से जुड़े कई महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले हैं, जो इस संगठित गिरोह की पुष्टि करते हैं।

मामले में गोविन्दपुर थाना में 13 फरवरी 2026 को प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।



# डेयरी और पोल्ट्री के दरवाजे नहीं खोले गए

## भारत–अमेरिका व्यापार समझौते पर बोले कृषि मंत्री चौहान




नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अमेरिकी व्यापार समझौते में किसानों के हितों को लेकर अहम बात की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो संदेश में कहा कि पीएम मोदी हमेशा से किसान हितैशी रहे हैं। चौहान ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री का हर निर्णय किसानों के हित में लिया गया है। उनकी योजनाओं ने किसानों की जिंदगी बदल दी है।

और अभी अमेरिका से जो समझौता हुआ है, उसमें भी किसान हित पूरी तरह से सुरक्षित है।

**विभिन्न मुख्य खाद्य पदार्थों का उत्पादन करने वालें किसानों के लिए क्या?**

कृषि मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि यह समझौता विशेष रूप से विभिन्न मुख्य खाद्य पदार्थों का उत्पादन करने वाले किसानों की जरूरतों को पूरा करता है। चौहान ने कहा कि हमारे अनाज उत्पादक किसान गेहूं, चावल, मक्का, सोया, मोटा अनाज पैदा करने वाले किसानों के हितों का पूरी तरह से ध्यान रखा गया है। हमारे प्रमुख फल और सब्जी उत्पादों किसानों के हितों को भी इस समझौते में पूरी तरह संरक्षीत किया गया है।

**संवेदनशील क्षेत्र को लेकर कही अहम बात**

चौहान ने स्पष्ट किया कि सरकार ने कुछ संवेदनशील क्षेत्र के लिए सख्त सीमाएं बनाए रखी हैं। उन्होंने कहा कि पोल्ट्री के लिए , डेयरी उत्पाद के लिए देश के दरवाजे नहीं खोले गए हैं। सच तो ये है हमारे मसाला उत्पाद किसानों को नया विशाल बाजार मिलेगा।

**बाजार विस्तार की संभावनाओं पर डाला प्रकाश**

मंत्री ने नए समझौते के तहत विभिन्न भारतीय उत्पादों के लिए बाजार विस्तार की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि चाय, कॉफी, पनीर सहित अनेकों वस्तुओं को नया बाजार मिलने से निर्यात बढ़ेगा। इससे किसानों को फायदा होगा, उनकी आमदनी बढ़ेगी। टेक्सटाइल के निर्यात से हमारे कपास उत्पादक किसानों को बहुत फायदा होने वाला है। पीएम मोदी का हर निर्णय किसानों के हित में है।

**राहुल गांधी पर साधा निशाना**

साथ ही उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे झूठे हैं उन्हें देश के किसानों से कोई लेना-देना नहीं है।

किसानों की मजबूती उन्हें कभी रास नहीं है, इसलिए तो देश विरोधी बातें करते हुए नजर आते हैं। अभी उन्होंने एक वीडियो में झूठ बोलने के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। वो झूठ बोलकर देश में भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि झूठ बोलकर किसानों के हितों का फैसला नहीं किया जाता।

किसानों का भला होगा, सच्चे और किसान हितैशी फैसलों से , जो पीएम मोदी सदैव करते आए हैं। दरअसल, राहुल गांधी ने 12 फरवरी को अपने एक्स प्लेटफॉर्म पर वीडियो साझा करके आरोप लगाया कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील से किसानों को नुकसान होगा।

# 'चीन के साथ बहुत अच्छे रिश्ते', भारत से डील- ड्रैगन संग पीछे से पक रही खिचड़ी, अमेरिका ने बिछाई बिसात



नई दिल्ली,13 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका ने दुनिया को टैरिफ की बिसात पर नचा रखा है। इस खेल में हर दिन कुछ नया सामने आता है। भारत के साथ ट्रेड डील के लिए अमेरिका ने एक अंतरिम समझौता किया है। इसमें भारतीय सामानों पर टैरिफ को 50 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी कर दिया गया है। इसने भारत को एशिया के ज्यादातर देशों के मुकाबले 'एडवांटेज' दे दिया है। भारतीय निर्यातकों के पास अमेरिका में ज्यादा प्रतिस्पर्धी कीमतों पर अपने सामान को बेचने का मौका है। हालांकि, चीन अभी खेल में बना हुआ है। अमेरिका और चीन संपर्क में हैं। दोनों में कुछ खिचड़ी पक रही है। जाहिर तौर पर यह व्यापार से जुड़ी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अप्रैल में चीन की यात्रा करेंगे। इस दौरान उनकी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात होगी। यह यात्रा वॉशिंगटन और बीजिंग के बीच राजनयिक जुड़ाव के एक नए चरण का संकेत देती है। ट्रंप ने कहा है, 'मैं अप्रैल में राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलने जाऊंगा। वह साल के अंत में अमेरिका आएंगे। मैं इसका इंतजार कर रहा हूं।'

**ट्रंप और शी जिनपिंग की 90 मिनट हुई बात**

ट्रंप ने दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों की सकारात्मक स्थिति पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, 'चीन के साथ हमारे संबंध अभी बहुत अच्छे हैं।' यह घोषणा अमेरिका-चीन संबंधों पर बढ़ते ग्लोबल फोकस के बीच आई है। इसका प्रतीक आर्थिक प्रतिस्पर्धा और रणनीतिक सहयोग का जटिल कॉम्बिनेशन है। अप्रैल की यात्रा के बारे में और अधिक ब्योरा अभी सामने नहीं आया है। लेकिन, यह एक महत्वपूर्ण राजनयिक मील का पत्थर है। यह पुष्टि 4 फरवरी को ट्रंप और शी के बीच 90 मिनट की फोन कॉल के बाद हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति के अनुसार, यह बातचीत सिर्फ व्यापारिक मामलों पर केंद्रित थी। इसमें ईरान और यूक्रेन जैसे अन्य भू-राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा नहीं हुई। ट्रंप ने कॉल के बाद ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट शेयर किया। इसमें उन्होंने कहा, 'बातचीत के दौरान राष्ट्रपति शी ने बड़े स्नेह से प्रथम महिला और मुझे चीन आने का निमंत्रण दिया। मैंने भी उन्हें आमंत्रित किया। दो महान राष्ट्रों के राष्ट्रपतियों के रूप में यह कुछ ऐसा है जिसका हम दोनों इंतजार कर रहे हैं।'

**दोनों देशों के बीच आर्थिक प्रतिस्पर्धा**

यह यात्रा दोनों देशों के बीच चल रही आर्थिक प्रतिस्पर्धा बीच अहम है। ट्रंप प्रशासन ने चीन के साथ व्यापार घाटे को कम करने और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी की चोरी जैसे मुद्दों को संबोधित करने पर जोर दिया है। वहीं, चीन अपनी आर्थिक शक्ति का विस्तार कर रहा है। वैश्विक मंच पर अपनी भूमिका बढ़ाने में लगा है। अप्रैल की यात्रा के दौरान दोनों नेता व्यापार, निवेश, सुरक्षा और क्षेत्रीय मुद्दों सहित कई महत्वपूर्ण द्विपक्षीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा कर सकते हैं। यह मुलाकात ऐसे समय में हो रही है जब दोनों देशों के बीच संबंध कई मोर्चों पर तनावपूर्ण रहे हैं। लेकिन, साथ ही सहयोग के अवसर भी मौजूद हैं।

**भारत की क्यों रहेगी इस मुलाकात पर नजर?**

ट्रंप की चीन यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच विश्वास बहाली और संवाद को मजबूत करना हो सकता है। यह यात्रा अमेरिका और चीन के बीच संबंधों को स्थिर करने और भविष्य के सहयोग के लिए एक रोडमैप तैयार करने में मदद कर सकती है। भारत के नजरिये से भी यह यात्रा खास होगी। वह इस पर नजर रखेगा। यात्रा के दौरान चीन के साथ अमेरिका कोई भी समझौता करता है तो उसका भारत पर प्रत्यक्ष या परोक्ष असर पड़ सकता है।

# बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

## सेंसेक्स 1048 अंक टूटा, निफ्टी 25500 के नीचे

मुंबई,13 फरवरी (एजेंसियां)। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को लाल निशान पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में सुस्ती के चलते धातु, आईटी और कमोडिटी शेयरों में व्यापक बिकवाली के कारण शुक्रवार को बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में 1 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 3 पैसे गिरकर 90.64 (अस्थायी) पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,048.16 अंक या 1.25 प्रतिशत गिरकर 82,626.76 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, बेंचमार्क 1,140.37 अंक या 1.36 प्रतिशत गिरकर 82,534.55 के अंतरादिवसीय निचले स्तर पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 336.10 अंक या 1.30 प्रतिशत गिरकर 25,471.10 पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसमें 362.9 अंक या 1.4 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 25,444.30 के निचले स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, इटरनल, टाइटन, टाटा स्टील, अदानी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, पावरग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और एचसीएल टेक्नोलॉजीज प्रमुख रूप से पिछड़ गईं। दूसरी ओर, बजाज फाइनेंस और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ही लाभ कमाने वाली कंपनियां रहीं।जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा कि आगामी अमेरिकी मुद्रास्फीति डेटा से पहले कमजोर वैश्विक संकेतों के दबाव के कारण, अत्यधिक अस्थिर सत्र के बाद घरेलू शेयर बाजार निचले स्तर पर बंद हुए। उन्होंने कहा कि अमेरिका-भारत व्यापार समझौते से मिले सकारात्मक सकारात्मक रुझान फीके पड़ गए हैं क्योंकि एआई-संचालित व्यवधान के नए सिरे से उत्पन्न भय ने जोखिम लेने की प्रवृत्ति पर दबाव डाला है, और बाजार इस बात से चिंतित हैं कि श्रम मध्यस्थता मॉडल पर निर्भर भारतीय आईटी फर्मों को नैस्डैक में मौजूद अन्य कंपनियों की तुलना में अधिक कठिन प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने आगे कहा कि यह सतर्कतापूर्ण रुख व्यापक बाजार में भी फैल गया, जिससे सभी प्रमुख सूचकांक नकारात्मक दायरे में आ गए और अधिकांश क्षेत्र लाल निशान में बंद हुए। नायर ने कहा कि डॉलर सूचकांक में मजबूती के बीच धातु शेयरों में मुनाफावसूली देखी गई, क्योंकि रूस के अमेरिकी डॉलर निपटान प्रणाली में लौटने की खबरों ने संभावित प्रतिबंधों में राहत की उम्मीदों को बढ़ा दिया और धातु कंपनियों के लिए कमजोर वसूली को लेकर चिंताएं बढ़ा दीं।

## दैनिक पंचांग

**गृह गोचर**




| गृह स्थिति | | |
|---|---|---|
| सुर्य | कुंभ | मे |
| चंद्र | धनु | मे |
| मंगल | मकर | मे |
| बुध | कुंभ | मे |
| गुरु | मिथुन | मे |
| शुक्र | कुंभ | मे |
| शनि | मीन | मे |
| राहु | कुंभ | मे |
| केतु | सिंह | मे |

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| कुंभ.... | 05-42 बजे |
| मीन.... | 06-42 बजे |
| मेष..... | 08-21 बजे |
| वृष.... | 09-57 बजे |
| मिथुन.. | 11-41 बजे |
| कर्क... | 13-41 बजे |
| सिंह--- | 15-54 बजे |
| कन्या-- | 18-06 बजे |
| तुला---- | 20-13 बजे |
| वृश्चिक.. | 22-18 बजे |
| धनु..... | 00-28 बजे |
| मकर... | 02-41 बजे |

श्री सिद्धार्थी (विश्वावसु) नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे ,ऋतु- शिशिर
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि - 432000
भोग्य कलि वर्ष - 426874
कलियुग संवत् - 5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् - 1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् - 1955885126
सूर्योदय 06-47
सूर्यास्त. 18 -12
दिशाशूल - पूर्व - अदरक खाकर घर से निकले
मास - फाल्गुन कृष्ण पक्ष शनिवार 14 February 2026
तिथि - द्वादशी 16-02 तक उपरान्त त्रयोदशी
नक्षत्र - पूर्वाषाढा 18-16 तक उप उत्तराषाढ़ा
योग - सिद्धि 03-17 रात तक उप. व्यतिपात
करण - तैतिल 16-02 तक गर

**शनि प्रदोष व्रत**

विशेषः- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका हमें दिखावे व पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति व दशान्तर्दशा को विशेष प्रभावित समझना चाहिए ।

**राहुकाल** 09-38 से 11-04 तक

**पं.महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| काल | 06-47 - 08-11 | अशुभ |
| शुभ | 08-11 - 09-38 | शुभ |
| रोग।। | 09-38 - 11-04 | अशुभ |
| उत्पात | 11-04 - 12-30 | अशुभ |
| चंचल | 12-30 - 13-57 | शुभ |
| लाभ | 13-57 - 15-23 | शुभ |
| अमृत | 15-23 - 16-50 | शुभ |
| काल | 16-50 - 18-12 | अशुभ |

| रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| लाभ | 18-12 - 19-50 | शुभ |
| उत्पात | 19-50 - 21-23 | अशुभ |
| शुभ | 21-23 - 22-57 | शुभ |
| अमृत | 22-57_ - 00-30 | शुभ |
| चंचल | 00-30 - 02-04 | शुभ |
| रोग | 02-04 - 03-37 | अशुभ |
| काल | 03-37 - 05-11 | अशुभ |
| लाभ | 05-11 - 06-47 | शुभ |

# रिलायंस के हाथ लगा बड़ा खजाना! अमेरिका ने दिया वेनेजुएला का तेल खरीदने का लाइसेंस




नई दिल्ली,13 फरवरी (एजेंसियां)। देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के हाथ बड़ी कामयाबी लगी है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ने रिलायंस को वेनेजुएला का तेल खरीदने के लिए जनरल लाइसेंस जारी कर दिया है। वेनेजुएला के पास दुनिया का सबसे बड़ा तेल भंडार है। अमेरिका ने हाल में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार किया था। उसके बाद अमेरिकी अधिकारियों ने कहा था कि अमेरिका वेनेजुएला की एनर्जी इंडस्ट्री में लगी पाबंदियों में ढील देगा ताकि दोनों देशों के बीच 2 अरब डॉलर की ऑयल सप्लाई डील हो सके। अमेरिका ने साथ ही वेनेजुएला की ऑयल इंडस्ट्री के पुनर्गठन के लिए 100 अरब डॉलर की योजना बनाई है।

रिलायंस को जनरल लाइसेंस मिलने का मतलब है कि कंपनी वेनेजुएला पर लगे प्रतिबंधों का उल्लंघन किए बिना सीधे तेल खरीद सकती है। साथ ही वह वेनेजुएला से खरीदे गए तेल को बेच भी सकती है। इससे रिलायंस को अपनी क्रूड कॉस्ट कम करने में मदद मिलेगी। रिलायंस के पास दुनिया का सबसे बड़ा रिफाइनिंग कॉम्प्लेक्स है जो हर तरह के कच्चे तेल को प्रोसेस कर सकती है।

**क्या होगा फायदा?**

रिलायंस ने जनवरी में लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। कंपनी ने इस बारे में भेजे गए ईमेल का जवाब नहीं दिया। यूएस ऑफिस ऑफ फॉरेन एसेट्स कंट्रोल ने भी तत्काल कोई जवाब नहीं दिया। इस महीने रिलायंस ने वेनेजुएला से 20 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदा था। यह खरीदारी ट्रेडर कंपनी विटोल से की गई थी। विटोल और ट्राफिगोरा को पहले ही अमेरिका से लाइसेंस मिल चुका है। सूत्रों के मुताबिक वेनेजुएला से सीधे तौर पर तेल खरीदने से रिलायंस को काफी बचत होने की उम्मीद है। रूस के तेल की तुलना में वेनेजुएला का तेल सस्ता है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल में भारत पर से 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ हटा दिया था। भारत पर रूसी से तेल खरीदने के लिए यह टैरिफ लगाया गया था। माना जा रहा है कि अब भारत अमेरिका और वेनेजुएला से ज्यादा तेल खरीदेगा।

**रिलायंस की रिफाइनरीज**

रिलायंस वेनेजुएला से नियमित रूप से तेल खरीदती थी लेकिन अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण उसने पिछले साल की शुरुआत में वेनेजुएला से तेल की खरीद बंद कर दी थी। रिलायंस की दो रिफाइनरीज में रोजाना 14 लाख बैरल कच्चा तेल प्रोसेस किया जा सकता है। भारत और अमेरिका ने हाल में एक ट्रेड डील की घोषणा की थी। माना जा रहा है कि अब भारतीय कंपनियां रूस से तेल की खरीदारी कम कर सकती हैं।

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
आप अपने काम में रचनात्मक वृद्धि महसूस कर सकते हैं, अंतर्ज्ञान आपकी समस्या-समाधान का मार्गदर्शन करेगा। यह ऊर्जा प्रभावशाली उपलब्धियों की ओर ले जा सकती है, लेकिन यह अकेलेपन के क्षण भी ला सकती है। कम ऊर्जा के प्रति सचेत रहें और अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें, क्योंकि यह आपके ध्यान और समग्र उत्पादकता को प्रभावित कर सकता है।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आज आपको नौकरी की संभावनाओं के बारे में कुछ अच्छी खबर प्राप्त हो सकती है। आपको अपनी पसंद की कंपनियों में एक साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है। आज उभरते हुए लेखकों के लिए यह एक महान दिन हो सकता है क्यों की आपके लेख या आपकी पुस्तक प्रसिद्ध प्रकाशक के द्वारा प्रकाशित हो सकती है ।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आज आपका आत्मविश्वास बहुत मज़बूत है, जो आपको अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है। तीव्रता और जुनून आपके प्रयासों को आगे बढ़ाते हैं, आपको बड़ी उपलब्धियों की ओर धकेलते हैं। सतर्क रहें और जल्दबाजी से बचें, क्योंकि छोटी-छोटी गलतियाँ हो सकती हैं। निरंतर समर्पण और देखभाल के साथ, आप वास्तविक प्रगति करने और अपने काम में सफलता पाने के लिए तैयार हैं।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
कार्यस्थल पर आपका ध्यान भटक सकता है जो की आपकी उत्पादकता को कम कर सकता हैं। कार्यालय में प्रेम प्रसंग की एक संभावना आपको अपने कार्य से दूर ले जा सकती है हालांकि, आपको वापस अपनी एकाग्रता लाने की जरूरत है। ऐसी कोई भी कार्रवाई करने से बचें जो आपके सहयोगियों को परेशान या आक्रामक बनाये ।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आपके भावनात्मक व्यवहार की वजह से आपका कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। आप इसके आदि हो चुके है और इस से छुटकारा पाने में आपको समय लगेगा । अपनी इस संवेदनशीलता का आसपास के अन्य लोगों के प्रति समानुभूतिक रहकर इसका लाभ आप उठा सकते है । खाली समय में अचल संपत्ति में निवेश के लायक जगह आप तलाश सकते है ।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आज का दिन उनके लिए उपयुक्त है जो की रचनात्मक कार्य से जुड़े हुए है । आपके सुझाव आपको नये अनुबंध दिलाएंगे जिससे आपकी बैंक में जमा राशि में विस्तार होगा । कलाकार , संगीतज्ञ , फिल्म निर्माता , फोटोग्राफर एवं लेखक अपने अपने कार्य क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे और जो लोग अन्य क्षेत्रो में हैं अगर वह अपने काम में कुछ नवीनता या कुछ रचनात्मकता लाएं तो वो भी आगे बढ़ सकते है ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आपकी करियर से सम्भंधित योजना बिगड़ रही है। आप एक बात पर अपना दिमाग एकाग्रचित नहीं कर पा रहे है । आप सोच सोच कर समय को बर्बाद कर रहे हैं। आप किसी भी अनुभवी पेशेवर या एक कैरियर सलाहकार से सलाह ले सकते हैं। एक कैरियर सलाहकार के मार्गदर्शन से आप को एक मार्ग मिल सकता है ।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
अपना बेहतर प्रयास डाले । आपने दुसरो का समर्थन किया है परन्तु वे अपने बारे में अच्छा नहीं सोचते न जानते और आपके प्रयासों की सराहना करना वे भूल गए । आप ऐसे लोगों के बारे में चिंता न करे और अपने प्रयास जारी रखे ! अपनी कार्य के प्रति अपनी भावनाओ को लगाये न की उन लोगो के लिए जो आपको महत्व नहीं देते ।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आपका करिश्मा पेशेवर परिस्थितियों में प्रशंसा अर्जित करता है, जिससे आप आसानी से केंद्र में आ जाते हैं। आप कार्यों को मौलिकता से करते हैं और नए, अपरंपरागत विचारों के लिए खुले हैं। निष्पक्षता की इच्छा आपके निर्णयों का मार्गदर्शन करती है, जिससे सहयोग सहज होता है।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आज आप संवेदनशील और खुश दोनों महसूस कर सकते हैं। एक सुरक्षात्मक मूड आपको दूसरों से जुड़ने में मदद करता है, जबकि स्थिर ऊर्जा आपको स्थिर रखती है। आप अपनी भावनाओं को आसानी से व्यक्त करने की संभावना रखते हैं, और परिचित दिनचर्या आराम देती है। हल्का-फुल्का पढ़ना या रचनात्मक गतिविधियाँ आपका उत्साह बढ़ा सकती हैं।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आप अपने करियर की एक बड़ी सफलता के कगार पर खड़े है। ये आपके निर्णायक निर्णय पर निर्भर करेगा की आप इसे किस दिशा में ले जाना चाहते है। इसके लाभ और हानि पर आपको विश्लेषण करने की जरूरत है। आपका निर्णय आपके जीवन को प्रभावित करेगा और अगर आप सही विकल्प का चुनाव करते हैं।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आज आपके लिए एक भाग्यशाली दिन है। आप किसी भी बैठक या बातचीत में शीर्ष पर रहेंगे। आप बहुत आसानी से किसी भी घुमावदार स्थिति से बाहर आ जाएंगे । आपके प्रयासों की सराहना की जाएगी। अगर आप एक संपत्ति में आज निवेश करने की योजना बना रहे हैं, तो आपको एक अच्छा सौदा मिल सकता है।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# किसानों के लिए खुशखबरी : सरकार ने 25 लाख टन गेहूं और पांच लाख टन चीनी के निर्यात को दी हरी झंडी



नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेंसियां)। घरेलू बाजार में बंपर पैदावार और गोदामों में भरे सरप्लस स्टॉक को देखते हुए केंद्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने शुक्रवार को 25 लाख टन गेहूं और 5 लाख टन चीनी के निर्यात को मंजूरी दे दी है। इस फैसले का सीधा मकसद घरेलू कीमतों में स्थिरता लाना और रबी सीजन की नई फसल आने से पहले किसानों को उनकी उपज का सही दाम दिलाना है। खाद्य मंत्रालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक, गेहूं के अलावा 5 लाख टन गेहूं उत्पादों के निर्यात की भी अनुमति दी गई है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब निजी और सरकारी, दोनों ही स्तरों पर देश में अनाज का भंडार आरामदायक स्थिति में है।सरकार के इस फैसले के पीछे का सबसे बड़ा कारण गेहूं का भारी स्टॉक है। आंकड़ों पर नजर डालें तो स्थिति स्पष्ट होती हैः निजी क्षेत्र के पास स्टॉकः वित्त वर्ष 2025-26 के लिए निजी कंपनियों और व्यापारियों के पास लगभग 75 लाख टन गेहूं का स्टॉक मौजूद है। यह पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में करीब 32 लाख टन ज्यादा है। एफसीआई की स्थितिः भारतीय खाद्य निगम के पास 1 अप्रैल, 2026 तक केंद्रीय पूल में लगभग 182 लाख टन गेहूं उपलब्ध होने का अनुमान है। यह आंकड़ा यह सुनिश्चित करने के लिए काफी है कि निर्यात की अनुमति देने से देश की खाद्य सुरक्षा पर कोई आंच नहीं आएगी। बुवाई में बढ़ोतरीः रबी सीजन 2026 में गेहूं की बुवाई का रकबा बढ़कर 334.17 लाख हेक्टेयर हो गया है, जो पिछले साल 328.04 लाख हेक्टेयर था। यह दर्शाता है कि किसानों ने एमएसपी और सरकारी खरीद पर भरोसा जताते हुए जमकर बुवाई की है और इस बार भी बंपर पैदावार की उम्मीद है।गेहूं के साथ-साथ सरकार ने चीनी उद्योग को भी राहत दी है। चीनी सत्र 2025-26 के लिए 'इच्छुक' चीनी मिलों को अतिरिक्त 5 लाख टन चीनी निर्यात करने की अनुमति दी गई है। पिछला ट्रैक रिकॉर्डः इससे पहले 14 नवंबर, 2025 को सरकार ने 15 लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति दी थी। हालांकि, मिलों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 31 जनवरी, 2026 तक केवल 1.97 लाख टन चीनी का ही निर्यात हो पाया है, जबकि लगभग 2.72 लाख टन के सौदे अनुबंधित हो चुके हैं।

# चांदी दो दिन में 24 हजार सस्ती हुई

## एक किलो चांदी 2.42 लाख पर आई, सोना आज 2,899 गिरकर 1.51 लाख प्रति 10 ग्राम हुआ



नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेंसियां)। सोने-चांदी के दाम में आज यानी 13 फरवरी को लगातार दूसरे दिन गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक किलो चांदी की कीमत 17,188 रुपए कम होकर 2,41,945 रुपए पर आ गई है। इससे पहले गुरुवार को ये 2,59,133 रुपए किलो थी।

वहीं 2 दिन में इसकी कीमत 24 हजार रुपए गिर चुकी है। 11 फरवरी को चांदी 2,66,449 रुपए किलो वा थी। वहीं, आज 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 2,899 रुपए गिरकर 1,52,751 रुपए पर आ गई है। इससे पहले गुरुवार को ये 1,55,650 रुपए प्रति 10 ग्राम था। सर्राफा बाजार में 29 जनवरी को सोने ने 1,76,121 रुपए और चांदी ने 3,85,933 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**44 दिन में सोना 19,556 और चांदी 11,525 महंगी हुई**

इस साल अब तक सोने की कीमत 22,455 रुपए बढ़ चुकी है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,33,195 रुपए का था, जो अब 1,52,751 रुपए हो गया है।

वहीं, चांदी 28,713 रुपए महंगी हो गई है। 31 दिसंबर 2025 को एक किलो चांदी की कीमत 2,30,420 रुपए थी, जो अब 2,41,945 रुपए प्रति किलो पहुंच गई है।

**2025 में सोना 75% और चांदी 167% महंगी हुई**

2025 में सोना 57 हजार रुपए (75%) बढ़ा है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो 31 दिसंबर 2025 को 1,33,195 रुपए हो गया।

चांदी इस दौरान 1.44 लाख रुपए (167%) बढ़ी। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी 86,017 रुपए की थी, जो साल के आखिरी दिन 2,30,420 रुपए प्रति किलो हो गई।

# रिकॉर्ड हाई से फिसला विदेशी मुद्रा भंडारः एक हफ्ते में 6.7 अरब डॉलर की गिरावट, सोने की कीमतों में नरमी बनी वजह



नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए 'सुरक्षा कवच' माने जाने वाले विदेशी मुद्रा भंडार में पिछले हफ्ते की ऐतिहासिक तेजी के बाद अब गिरावट दर्ज की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 6 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.711 बिलियन डॉलर घटकर 717.064 बिलियन डॉलर रह गया है।

यह गिरावट इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके ठीक पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार ने 14.361 बिलियन डॉलर की भारी छलांग लगाई थी और यह 723.774 बिलियन डॉलर के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। ताजा आंकड़ों में आई यह गिरावट मुख्य रूप से सोने के भंडार (गोल्ड रिजर्व) के मूल्य में आई भारी कमी के कारण है, जबकि विदेशी मुद्रा संपत्तियों में बढ़ोतरी देखी गई है।

# नए आंकड़े : क्या नई सीपीआई सीरीज में 4% के नीचे बनी रहेगी महंगाई,बीओबी ने कहा- सब्जियों और सोने ने बदला गणित


नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेंसियां)। महंगाई के मोर्चे पर भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए राहत भरी खबर है। बैंक ऑफ बड़ौदा की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) की नई सीरीज के तहत खुदरा महंगाई दर के रिजर्व बैंक की ओर से तय किए गए 4% के लक्ष्य से नीचे बने रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि महंगाई की गणना के लिए इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं की बास्केट में 'वेटेज' का जो नया संतुलन बनाया गया है, वह आंकड़ों को बेवजह की अस्थिरता से बचाएगा। बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट बताती है कि नई सीरीज का असर दिखना शुरू हो गया है। जनवरी 2026 में हेडलाइन सीपीआई 2.8% दर्ज की गई, जो बैंक के 2.9% के अनुमान के बेहद करीब है। यह आंकड़ा स्पष्ट करता है कि महंगाई के अधिकांश उप-घटकों में कोई बड़ा तनाव नहीं है। यह स्थिरता मौद्रिक नीति के फैसलों के लिए महत्वपूर्ण है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि नई सीरीज समकालीन और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है, जो भारत के बदलते उपभोग को बेहतर ढंग से कैप्चर करती है। पुरानी सीरीज में सब्जियों और सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव अक्सर हेडलाइन महंगाई को बिगाड़ देता था। नई सीरीज में इसे सुधारा गया हैः

**टीओपी (टमाटर, प्याज, आलू):** रिपोर्ट के अनुसार, नई सीरीज में इन तीन प्रमुख सब्जियों का वेटेज कम कर दिया गया है। इससे पहले की 2011-12 सीरीज में मौजूद पूर्वाग्रहों को खत्म करने में मदद मिली है, जो मौद्रिक नीति के दृष्टिकोण से एक बड़ा कदम है।

**सोना और आभूषणः** नई सीरीज में सोने और अन्य आभूषणों को पुरानी सीरीज की तुलना में कम वेटेज दिया गया है।

हालांकि, जनवरी के आंकड़ों में जो थोड़ी बहुत अस्थिरता देखी गई, वह मुख्य रूप से सोने की कीमतों से प्रेरित थी, लेकिन कम वेटेज के कारण इसका कुल प्रभाव सीमित रहा। आगे की राह भी सकारात्मक दिखाई दे रही है। बैंक ऑफ बड़ौदा का इन-हाउस ट्रैकर (बीओबी ईसीआई) फरवरी 2026 के पहले 11 दिनों के लिए साल-दर-साल आधार पर -0.4% चल रहा है, जो कीमतों में नरमी का संकेत है।



विधानसभा में टीचर्स ट्रांसफर पर बहस

# शिक्षा मंत्री ने बताया कब होंगे थर्ड ग्रेड शिक्षकों के तबादले

**हाइलाइट्स**
- ट्रांसफर का प्रावधान नहीं
- नीति बनने के बाद निर्णय
- सदन में तीखी बहस
- 2018 के तबादलों का जिक्र



जयपुर, 13 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के ग्रेड थर्ड शिक्षकों के तबादलों को लेकर विधानसभा में चर्चा के दौरान सियासी माहौल गरमा गया। भाजपा विधायक गोविंद प्रसाद के सवाल पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने स्पष्ट किया कि फिलहाल ग्रेड थर्ड शिक्षकों के तबादलों का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि जब तक नई तबादला नीति तैयार नहीं होती, तब तक इस वर्ग के शिक्षकों के स्थानांतरण पर कोई निर्णय नहीं लिया जाएगा।

**मदन दिलावर ने कहा तबादला नीति के बाद होगा विचार**

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सदन में कहा कि राज्य सरकार व्यापक तबादला नीति पर काम कर रही है। नीति के अंतिम रूप लेने के बाद ही ग्रेड थर्ड शिक्षकों के तबादलों पर विचार किया जाएगा। उन्होंने दोहराया कि वर्तमान में जिलों से बाहर तबादले का कोई स्पष्ट प्रावधान मौजूद नहीं है। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष ने सवा दो साल बीतने के बाद भी तबादला नीति लागू नहीं होने पर सवाल खड़े किए। उन्होंने सरकार से पूछा कि आखिर इतने समय में नीति क्यों नहीं बन सकी।

**सदन में शिक्षक तबादले पर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने**

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के सवालों पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 में भाजपा सरकार के कार्यकाल में 2200 से अधिक ग्रेड थर्ड शिक्षकों के तबादले किए गए थे। वहीं कांग्रेस सरकार के दौरान एक भी ग्रेड थर्ड शिक्षक का तबादला नहीं हुआ। उन्होंने विपक्ष से पूछा कि उस समय किसने रोक रखा था। मंत्री ने यह भी कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने कटऑफ डेट तय कर एक वैकल्पिक रास्ता निकाला था, जबकि सामान्य परिस्थितियों में ग्रेड थर्ड शिक्षकों के तबादले का कोई प्रावधान नहीं होता। ग्रेड थर्ड शिक्षकों के जिलों से बाहर तबादले का कोई प्रावधान नहीं है। तबादला नीति बनने के बाद ही इस पर विचार किया जाएगा।

**प्रदेशभर के शिक्षकों की सरकार पर टिकी निगाहें**

ग्रेड थर्ड शिक्षकों के तबादले का मुद्दा लंबे समय से उठता रहा है। शिक्षकों के विभिन्न संगठनों की ओर से भी तबादला नीति लागू करने की मांग की जाती रही है। फिलहाल सरकार का रुख साफ है कि नीति बनने के बाद ही इस विषय पर कोई ठोस कदम उठाया जाएगा। अब यह देखना होगा कि नई तबादला नीति कब तक अंतिम रूप लेती है और इसके बाद ग्रेड थर्ड शिक्षकों को राहत मिलती है या नहीं।

## पढ़ाई में मन न लगने पर नाबालिग छात्रा ने की आत्महत्या

कोटा, 13 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के कोटा जिले में एक नाबालिग छात्रा ने पढ़ाई में तनाव की वजह से घर पर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया। छात्रा 10वीं कक्षा में पढ़ती थी और उसकी परीक्षा भी निर्धारित थी। यह घटना कोटा ग्रामीण क्षेत्र के दिगोद थाना इलाके में सामने आई है।

छात्रा के पिता के अनुसार उनकी बेटी का पढ़ाई में मन नहीं लग रहा था और वह डेढ़-दो महीने से स्कूल भी नहीं जा रही थी। वह परीक्षा भी नहीं देना चाहती थी। परिजनों का कहना है कि परिवार की ओर से उस पर किसी प्रकार का दबाव नहीं था। दिगोद थाने के एएसआई योगेश ने बताया कि गुरुवार को छात्रा के परिजन मजदूरी के लिए गए हुए थे।

# राजस्थान विधानसभा में उठा निजी विश्वविद्यालयों में गड़बड़ी का मामला

**10 निजी विश्वविद्यालयों के खिलाफ जांच के आदेश**

जयपुर, 13 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा में शुक्रवार को प्रश्नकाल में निजी विश्वविद्यालयों के विरूद्ध अनियमितताओं का मामला उठा। बीजेपी विधायक कालीचरण सराफ के प्रश्न के जवाब में बताया गया कि प्रदेश में कुल 53 निजी विश्वविद्यालय है, इनमें से 10 निजी विश्वविद्यालयों के खिलाफ फर्जी डिग्री और बैक डेट में डिग्री जैसी अनियमितताओ के मामले में जांच के आदेश दिए गए है। वहीं ओपीजेएस विश्वविद्यालय, चूरू का परिसमापन करते हुए प्रशासक लगा दिया गया है।

इनमें से ओपीजेएस, माधव विश्वविद्यालय, जगदीश झाबरमल टिबरेवाला विश्वविद्यालय, सिंघानिया विश्वविद्यालय, भूपाल नोबल विश्वविद्यालय उदयपुर के खिलाफ राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित शारीरिक शिक्षा अध्यापक भर्ती परीक्षा 2022 में अनियमितताएं पाए जाने पर इन विश्वविद्यालयों की समग्र जांच एसओजी के माध्यम से कराए जाने के लिए पत्र प्रेषित किया गया है।

वहीं पुलिस अधीक्षक एसओजी के मुताबिक बैके डेट में विभिन्न कोर्सेज की अंकतालिकाएं, डिग्री देने के मामले में ओपीजेएस विश्वविद्यालय मालिक जोगेंद्र सिंह, पूर्व रजिस्ट्रार व पूर्व वाईस चांसलर सरिता कडवासरा, पूर्व रजिस्ट्रार जितेंद्र यादव, अकाउटेंट संगीता कडवासरा व सुमित और दलाल सुभाषचंद्र, प्रदीप कुमार शर्मा, परमजीत सिंह, गंगासिह, अवनीश कन्सल, अजय भारद्वाज, बाबुलाल उर्फ बाबु पटेल, और रवि त्यागी को गिरफ्तार किया जाकर जेल भिजवाया गया । वहीं मेवाड़ विश्वविद्यालय चित्तौडगढ़ के तत्कालीन डीन फार्मेसी किशोर चन्द्रुल, कार्यालय सहायक राजेश सिह राणावत, उप परीक्षा नियंत्रक सुशील कुमार शर्मा को गिरफ्तार किया जाकर जेल भिजवाया गया ।

इस मामले की जांच जारी है। जबकि नियामक आयोग के गठन के सवाल पर सरकार ने जवाब दिया है कि निजी विश्वविद्यालयों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के लिए नियामक आयोग का गठन नीतिगत निर्णय से संबंधित है और इसके लिए परीक्षण प्रक्रियाधीन है।

# शराब समझकर पी लिया बर्तन धोने का लिक्विड, चार की दर्दनाक मौत

भीलवाड़ा, 13 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के भीलवाड़ा जिले से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। गंगापुर थाना क्षेत्र के आलोली गांव में एक महिला सहित चार लोगों की तरल पदार्थ पीने से मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतकों ने बर्तन साफ करने वाला तरल पदार्थ शराब समझकर पी लिया था, जिससे उनकी तबीयत बिगड़ गई और बाद में जान चली गई।

मृतक तीन दिन पहले एक शादी समारोह में बर्तन साफ करने का काम ठेके पर लेकर आए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वे बर्तन धोने में उपयोग होने वाला तरल पदार्थ अपने साथ घर ले आए। घर पहुंचने पर उन्होंने उसे शराब समझकर पी लिया। तरल पदार्थ का सेवन करने के कुछ समय बाद ही सभी की हालत बिगड़ने लगी। देर रात तीन लोगों को गंगापुर अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

एक महिला ने जिला अस्पताल में तोड़ा दम घटना में एक महिला की हालत गंभीर होने पर उसे भीलवाड़ा जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। वहां उपचार के दौरान उसकी भी मृत्यु हो गई।

पुलिस ने तीन शवों को गंगापुर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है, जबकि एक का पोस्टमार्टम भीलवाड़ा जिला चिकित्सालय में किया जा रहा है। मामले की जांच जारी है।

**प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे मौके पर**

घटना की सूचना मिलते ही जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया।

अधिकारियों ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मृतकों की पहचान रतन पुत्र मसरिया कंजर निवासी माधोपुर, सुशीला देवी, जमनी देवी पत्नी शंकर कंजर और बदामी देवी कंजर के रूप में हुई है। इस घटना के बाद गांव में शोक की लहर है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि तरल पदार्थ घर तक कैसे पहुंचा और किन परिस्थितियों में उसका सेवन किया गया।

# फलोदी में करोड़पति कनिष्ठ सहायक पर एसीबी का शिकंजा

**75 लाख नकद और 1 किलो सोना बरामद, आय से 938 प्रतिशत अधिक संपत्ति का खुलासा**



जयपुर/बीकानेर, 13 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शुक्रवार अलसुबह एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया।

फलोदी जिले की पंचायत समिति बाप में तैनात कनिष्ठ सहायक शुभकरण परिहार (छींपा) के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज करते हुए ब्यूरो की टीमों ने बीकानेर और फलोदी स्थित 05 ठिकानों पर एक साथ सर्च ऑपरेशन चलाया। कुबेर का खजानाः घर से निकले 75 लाख नकद एसीबी महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि आरोपी शुभकरण परिहार के बीकानेर स्थित मातेश्वरी एन्कलेव आवास पर तलाशी के दौरान ब्यूरो की टीम दंग रह गई। अब तक की जांच में आरोपी के पास से करीब 75 लाख रुपये की नकदी बरामद हुई है। इसके अलावा, बीकानेर के गंगाशहर और मातेश्वरी एन्कलेव स्थित ठिकानों से 1 किलो से अधिक सोना और 2 किलो चांदी के जेवरात मिलने की पुष्टि हुई है।

**वैध आय से 938 प्रतिशत ज्यादा संपत्ति**

ब्यूरो को प्राप्त गोपनीय शिकायत के सत्यापन में चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि आरोपी ने अपने कार्यकाल के दौरान वैध आय से 938 प्रतिशत अधिक अवैध परिसंपत्तियां अर्जित की हैं। आरोपी वर्तमान में ग्राम पंचायत उदट (बाप, फलोदी) में कार्यरत है, जबकि पहले वह कानासर में तैनात था। भ्रष्टाचार की इस काली कमाई की अनुमानित कीमत करोड़ों रुपये आंकी जा रही है।

**जारी है सर्च ऑपरेशन**

एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में बीकानेर और फलोदी में सर्च अभियान अभी भी जारी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार और आशीष कुमार के नेतृत्व में टीमें अन्य दस्तावेजों और बैंक खातों की भी पड़ताल कर रही हैं। ब्यूरो के अनुसार, जांच आगे बढ़ने पर कई अन्य बेनामी संपत्तियों और बड़े निवेशों का खुलासा होने की पूरी संभावना है।

# जयपुर में वेलकम फिल्म जैसी ठगी

**जादुई चश्मे-दुर्लभ पेंटिंग दिखाकर ठगे 26 करोड़ रुपये**



जयपुर, 13 फरवरी (एजेंसियां)। अक्सर कई फिल्मों में पेंटिंग के नाम पर ठगी का मामला सामने आता है। फिल्म वेलकम के एक सीन में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला था। अब ऐसा ही कुछ राजस्थान की राजधानी जयपुर में भी हो गया है। यहां पुलिस ने व्यापारियों को रेडियोएक्टिव प्लेट, दुर्लभ पेंटिंग, मैजिकल चश्मा और करामाती सुलेमानी माला का झांसा देकर करीब 26 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का बड़ा खुलासा हुआ है। जयपुर पुलिस ने इस मामले में सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल) से विनय पोद्दार और विकास पोद्दार को 7 फरवरी को गिरफ्तार किया है।

**खुद को बताते थे डीआरडीओ से जुड़ा हुआ**

पुलिस के अनुसार आरोपी खुद को नासा, डीआरडीओ, रक्षा मंत्रालय और भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर से जुड़ा हुआ बताते थे। वे फर्जी दस्तावेज और आईडी दिखाकर व्यापारियों का विश्वास जीतते थे। गिरोह ने फर्जी कंपनियां बना रखी थीं। जयपुर, मुंबई और अन्य शहरों में आलीशान ऑफिस खोलकर लोगों को महंगी और कथित रूप से दुर्लभ वस्तुएं बेचने का लालच दिया जाता था। आरोपियों ने अपने भव्य दफ्तर बना रखे थे। यहां ये मैजिकल मिरर, विशेष चश्मा और सुलेमानी माला जैसी वस्तुएं को चमत्कारी बताकर सौदे करते थे।

इस गिरोह के कई सदस्य पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जिनमें अजीत सिंह, सत्यनारायण, गणेश इंगोले, अमित गुप्ता, राकेश गोयल, सन्नी जैन, चन्द्र सैन, आशीष गुप्ता, शिवानी गुप्ता और भवानी सिंह शेखावत शामिल हैं। पुलिस ने जयपुर सहित अन्य शहरों में आरोपियों के घरों, ऑफिसों और आगरा रोड व अजमेर रोड स्थित फार्महाउस पर दबिश देकर कई दस्तावेज और संदिग्ध सामान जब्त किया था।

चार साल पुरानी दुश्मनी का खूनी अंजाम

## तीन महिलाएं गिरफ्तार, बोलीं- खून का बदला खून

झालावाड़, 13 फरवरी (एजेंसियां)। जिले के अकलेरा थाना क्षेत्र के मदनपुरिया चरेल गांव में 40 वर्षीय कालूलाल पुत्र मोतीलाल भील की हत्या के मामले में पुलिस ने परिवार की ही तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने खून का बदला खून से लिया है और उन्हें इस बात का कोई पछतावा नहीं है।

एसपी अमित कुमार ने बताया कि आरोपी महिलाएं कालीबाई पत्नी भैरूलाल, केदार बाई पुत्री घीसालाल और प्रेमबाई पुत्री घीसालाल निवासी मदनपुरिया चरेल ने धारदार हथियार से हमला कर कालूलाल की हत्या की और मौके से फरार हो गई थीं। थाना अकलेरा पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए तीनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी कालीबाई ने दो अन्य महिलाओं की मदद से कुल्हाड़ी से वार किया। अन्य दोनों महिलाओं ने मृतक को पकड़ रखा था, जबकि कालीबाई ने उस पर हमला किया। जांच में सामने आया कि कालीबाई के पति घीसालाल भील की हत्या कालूलाल ने करीब चार-पांच वर्ष पहले कर दी थी। उस मामले में कालूलाल को सजा हुई थी लेकिन बाद में वह अपील के दौरान जमानत पर बाहर आ गया था। बताया जा रहा है कि वह कोटा में रह रहा था और किसी काम से गांव आया था, तभी आरोपियों ने मौका देखकर वारदात को अंजाम दिया। सीआई धर्माराम चौधरी ने बताया कि मृतक कालूलाल की पत्नी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# पाली में पुलिस और तस्करों के बीच मुठभेड़

**एनकाउंटर में तस्कर भूटाराम बाबल ढेर, एएनटीएफ की जवाबी कार्रवाई**



पाली, 13 फरवरी (एजेंसियां)। जिले के खिंवाड़ा थाना क्षेत्र में देर रात नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई मुठभेड़ में तब्दील हो गई। एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स (एएनटीएफ) और तस्करों के बीच हुई इस फायरिंग में 36 वर्षीय तस्कर भूटाराम बाबल की मौत हो गई। पुलिस ने एक अन्य आरोपी को हिरासत में लिया है, जबकि दूसरी गाड़ी में सवार तस्कर भागने में सफल रहे। सूचना पर घेराबंदी, फिर दीवेर घाटी में फायरिंग एएसपी चैनसिंह महेचा के अनुसार, एएनटीएफ को सूचना मिली थी कि दो संदिग्ध गाड़ियों में नशीले पदार्थों की बड़ी खेप ले जाई जा रही है। टास्क फोर्स ने तुरंत घेराबंदी कर वाहनों का पीछा किया। भागने की कोशिश में तस्करों की एक गाड़ी तेज रफ्तार में निकल गई, लेकिन दूसरी गाड़ी को रोकने के लिए पुलिस ने दीवेर घाटी के पास सड़क पर 'स्ट्रीक' डालकर उसके टायर पंक्चर कर दिए। जैसे ही तस्कर की गाड़ी पंक्चर होकर रुकी, उसमें सवार भूटाराम बाबल ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी।

खुद के बचाव और तस्कर को रोकने के लिए एएनटीएफ ने भी जवाबी फायरिंग की। इस मुठभेड़ में एक गोली भूटाराम के सीने में जा लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत जोजावर अस्पताल और फिर पाली के बांगड़ अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**एक गिरफ्तार, फरार तस्करों की तलाश जारी**

पुलिस ने मौके से गाड़ी को जब्त कर एक अन्य संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया है, जिससे पूछताछ की जा रही है। फरार हुई दूसरी गाड़ी और उसमें सवार अन्य तस्करों की तलाश में जिले भर में नाकाबंदी कराई गई है। इस घटना के बाद खिंवाड़ा और आसपास के इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

जांच जारी : पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि तस्करों का यह नेटवर्क कहाँ तक फैला हुआ था और वे नशीले पदार्थों की खेप कहाँ पहुँचाने वाले थे।

# साध्वी प्रेम बाईसा की मौत जहर से नहीं, एफएसएल जांच में 11 दिन लगे

**अब पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर कारण का करेंगे खुलासा**



जोधपुर, 13 फरवरी (एजेंसियां)। जोधपुर में साध्वी प्रेम बाईसा की संदिग्ध मौत के मामले में एफएसएल रिपोर्ट आ चुकी है। प्रारंभिक तौर पर सामने आया है कि रिपोर्ट में साध्वी को जहर देने या दूसरे अप्राकृतिक कारणों से मौत होने की पुष्टि नहीं हुई है। इसके साथ ही उनके साथ किसी तरह की गलत घटना के सबूत भी नहीं मिले हैं। एफएसएल रिपोर्ट गुरुवार रात जोधपुर पुलिस कमिश्नर को मिली। इसके बाद डीसीपी वेस्ट विनीत कुमार बंसल के जरिए मेडिकल बोर्ड को भेजी गई है। अब पोस्टमार्टम करने वाले मेडिकल बोर्ड के डॉक्टर रिपोर्ट का एनालिसिस कर मौत के कारणों का खुलासा करेंगे।

**एसआईटी जांच में साध्वी को अस्थमा होना आया था सामने**

सूत्रों के मुताबिक-एफएसएल जांच में साध्वी प्रेम बाईसा की मौत को लेकर लगाई जा रही अटकलें बेदम साबित हुई हैं। उनके साथ किसी तरह की गलत घटना के सबूत भी रिपोर्ट में नहीं मिले हैं। स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) साध्वी की मौत को लेकर कई एंगल से जांच कर रही है। साध्वी के बीमार होने के बाद उन्हें प्रेक्षा हॉस्पिटल ले जाया गया था, जहां उन्हें मृत घोषित किया गया था। एसआईटी ने प्रेक्षा हॉस्पिटल के मालिक, डॉक्टर और अन्य स्टाफ से भी पूछताछ की थी, जिसमें डॉक्टर ने बताया था कि साध्वी हॉस्पिटल में कुछ महीने पहले खांसी जुकाम की दवा लेने आई थी। जांच में टीम को साध्वी प्रेम बाईसा को अस्थमा की बीमारी होने का भी पता लगा है।

**एफएसएल जांच 11 दिन में पूरी हुई**

बता दें कि जोधपुर शहर के पाल रोड के आरती नगर स्थित आश्रम में 28 जनवरी को साध्वी प्रेम बाईसा की तबीयत बिगड़ी थी। उन्हें जुकाम हो गया था। उन्हें सांस लेने में परेशानी होने लगी गई थी। कंपाउंडर देवीसिंह ने दो इंजेक्शन लगाए गए। इसके बाद उनकी मौत हो गई थी। 29 जनवरी को देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। 30 जनवरी को बाड़मेर के परेऊ में साध्वी प्रेम बाईसा को समाधि दी गई। 31 जनवरी और 1 फरवरी को शनिवार-रविवार का अवकाश था।

# निजी कंपनी के मैनेजर की पत्नी कश्मीर में लापता

नागौर, 13 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के नागौर जिले के सुदरासन गांव निवासी निजी कंपनी के मैनेजर जितेंद्र सिंह ने अपनी 24 वर्षीय पत्नी शकीला अख्तर के पिछले 12 महीनों से लापता होने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि शकीला को उसके परिजनों ने बंधक बना रखा है और उसकी दूसरी शादी करा दी गई है। इस मामले में जब स्थानीय पुलिस से अपेक्षित मदद नहीं मिली तो अब मामले में सुनवाई करते हुए राजस्थान हाईकोर्ट ने पत्नी की तलाश के लिए सीआरपीएफ से सहायता लेने के आदेश जारी किए हैं।

जितेंद्र सिंह ने बताया कि वर्ष 2023 में वे जम्मू में एक निजी कंस्ट्रक्शन कंपनी में साइट मैनेजर के रूप में कार्यरत थे। वहीं उनकी पहचान अनंतनाग जिले के हैसिदार गांव की रहने वाली शकीला अख्तर से हुई। शकीला की मां रेशमा भी उसी कंपनी में काम करती थीं और परिवार जम्मू में किराए के मकान में रहता था। आना-जाना बढ़ने के साथ दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और बाद में यह रिश्ता प्रेम में बदल गया। परिवार को जानकारी होने के बाद शुरुआती नाराजगी रही, लेकिन समय के साथ दोनों साथ रहने लगे। इस दौरान जितेंद्र ने शकीला के माता-पिता को करीब छह लाख रुपए की आर्थिक सहायता भी दी।

## पिता ने 8-माह की बेटी का कैंची से गला काटा, फिर खुद के गले पर किया वार

**सुसाइड करने के लिए फंदा लगाया**

जयपुर, 13 फरवरी (एजेंसियां)। जयपुर में एक पिता ने मासूम बेटी की हत्या कर दी। कैंची से गला काट शव को कम्बल में छिपा दिया। हत्या के बाद खुद सुसाइड की कोशिश की। खुद के गले पर कैंची मारी। फिर फंदे पर लटकने की कोशिश की। मालपुरा गेट थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर बच्ची के शव को परिजनों के हवाले कर दिया है। पुलिस ने हत्या के मामले में आरोपी पिता को 12 फरवरी की रात अरेस्ट किया है। पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया-उत्तर प्रदेश के बहराइच निवासी सादाब (19) पुत्र मोहम्मद शरीफ को अरेस्ट किया गया है। जुलाई-2025 में मालपुरा गेट के अम्बेडकर कॉलोनी की रहने वाली रूकसार बानो (19) से उसकी शादी हुई थी। दंपती के 8 महीने की बेटी सहनाज थी। पति-पत्नी व बेटी तीनों उत्तर प्रदेश में रहते थे। करीब 6 दिन पहले पत्नी व बेटी को लेकर सादाब अपनी सुसराल मालपुरा गेट के अम्बेडकर कॉलोनी आया था।

6 फरवरी को सुबह करीब 10 बजे पति सादाब और पत्नी रूकसार का गांव वापस चलने की बात को लेकर झगड़ा हो गया। पत्नी रूकसार के 4-5 दिन ओर रुकने की कहने पर पति सादाब ने मारपीट कर दी। पत्नी का गला दबाकर मारने की कोशिश की। तभी, साले सोहिल ने आकर धक्का देकर सादाब को दूर किया। धक्का देने की बात को लेकर सादाब ने अपने साले सोहिल के साथ भी मारपीट करना शुरू कर दिया। सादाब ने सोहिल के सिर पर स्टील की केतली की मारी। झगड़ा बढ़ते देखकर रूकसाना ने पड़ोसियों से उसे और भाई को बचाने की गुहार लगाई। पड़ोसियों ने आकर सादाब को पकड़ कर अलग कर दोनों को बचाया।

**असाधारण**
**भाग–II–धारा 3– उप–धारा (ii)**
**रेल मंत्रालय**
**(दक्षिण मध्य रेलवे)**

PUB/1937

## अधिसूचना

**सिकंदराबाद, 02 फरवरी, 2026**

एस.ओ. 504(इ)–रेलवे अधिनियम, 1989 (24 वर्ष1989) की धारा 20 ए की उपधारा (I) (इसके पश्चात् इसे उक्त अधिनियम कहकर संदर्भित किया जायेगा) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, केंद्र सरकार ने जन हित उध्देश्य हेतु संतुष्टि व्यक्त करने के पश्चात् तत्संबंधित भूमि का संक्षिप्त विवरण जिसे निम्न प्रकार अनुसूची में संलग्न कर दर्शाया गया है, तत्संबंधित भूमि विशेष रेलवे परियोजना के अंतर्गत, तेलंगाना राज्य के कामारेड्डी जिले के कामारेड्डी डिवीजन में मेडचल–मुदखेड सेक्शन के मध्य ट्रैक का दोहरीकरण (डबलिंग आफ ट्रैक) कार्य निष्पादन हेतु आवश्यकता है, इसके द्वारा यह घोषणा की जाती है कि, तत्संबंधित भूमि अधिग्रहण का इरादा किया गया हैः

अतः किसी भी इच्छुक व्यक्ति को उपरोक्त भूमि के प्रति किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वे, आफिशियल गजट के इस अधिसूचना की प्रकाशन की तिथि से लेकर तीस दिनों की अवधि के भीतर, उक्त अधिनियम की धारा 20 डी, उप–धारा (I) के तहत उपरोक्त उध्देश्य हेतु तत्संबंधित भूमि के अधिग्रहण के प्रति अपनी आपत्ति प्रस्तुत सकते हैं।

इस मामले में जो कोई भी आपत्ति हो, आपत्तिकर्ता (आब्जेक्टर) द्वारा, अपनी आपत्ति को, सक्षम प्राधिकारी या काम्पीटन्ट एथारिटी जैसे, भूमि अधिग्रहण अधिकारी व राजस्व विभागीय अधिकारी, कामारेड्डी के प्रति लिखित रूप में प्रस्तुत करना होगा तथा इसका आधार भी बताना होगा एवम् सक्षम प्राधिकारी द्वारा आपत्तिकर्ता (आब्जेक्टर) को, व्यक्तिगत रूप में या लीगल प्रैक्टिशनर के माध्यम से अपनी आपत्ति की सुनवाई व कथन करने का सुअवसर प्रदान किया जायेगा तथा तत्संबंधित आपत्तियों की सुनवाई तथा संबंधित जांच की कार्रवाई के पश्चात् कोई आपत्ति हो तो, यदि आवश्यक होने पर, इस बारे में, सक्षम प्राधिकारी या काम्पीटन्ट एथारिटी के आदेश द्वारा तत्संबंधित आपत्तियों की प्रस्तुति की अनुमति दी जा सकेगी या नही दी जा सकेगी।

इस बारे में, उपरोक्त अधिनियम की धारा 20(डी)–उपधारा (II) के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आदेश ही अंतिम माना जायेगा।

इस अधिसूचना के अंतर्गत तत्संबंधित भूमि योजनाएं एवम् अन्य विवरण शामिल है तथा जिसे किसी भी इच्छुक व्यक्ति द्वारा व्यक्तिगत रुप में, उपरोक्त सक्षम प्राधिकारी कार्यालय पर निरीक्षण किया जा सकता है।

**अनुसूची**

विशेष रेलवे परियोजना हेतु स्ट्रक्चर सहित या रहित अधिग्रहण की जानेवाली भूमि का संक्षिप्त विवरणः– तेलंगाना राज्य के कामारेड्डी जिले के कामारेड्डी डिवीजन में मेडचल–मुदखेड सेक्शन के मध्य ट्रैक का दोहरीकरण (डबलिंग आफ ट्रैक) कार्य।

अधिग्रहण की जानेवाली भूमि का संक्षिप्त विवरणः– इस परियोजना के तहत पैसेंजर तथा फ्राइट सुविधा कार्य हेतु कामारेड्डी जिला क्षेत्राधिकार, कामारेड्डी डिवीजन की सीमाओं की परिधि में मुदखेड–ढोने सेक्शन के बीच ट्रैक का दोहरीकरण या डबलिंग ट्रैक का कार्य।

**गांवः पोंदुर्थी | मण्डलः राजमपेट | जिलाःकामारेड्डी**

| क्रम सं. | भूमि धारक का नाम | सर्वे नंबर | भूमि अधिग्रहण क्षेत्र एकड गुंटाज में: | केस का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आत्माकुरी वेंकट रामुलू सुपुत्र बालराजु | 590 | 0.01 | तहसीलदार, राजमपेट एल. आर. नं. बी/779/2025, दि.22–12–2025 की एंजायमेन्ट सर्वे रिपोर्ट के अनुसार |
| 2. | आत्माकुरी वेंकट रामुलू सुपुत्र बालराजु | 621 | 0.02 | |
| 3. | चिन्नार्यावा भीरय्या सुपुत्र सैलु | 621 | 0.14 | |
| 4. | चिन्नार्यावा यादमल्लू सुपुत्र सैलु | 621 | 0.16 | |
| 5. | चिन्नार्यावा रेणुका धर्मपत्नी भीरय्या | 621 | 0.10 | |
| 6. | चिन्नार्यावा यादमल्लू सुपुत्र सैलु | 621 | 0.10 | |
| 7. | चिन्नार्यावा भीरय्या सुपुत्र सैलु | 620 | 0.02 | |
| 8. | गुडेल्ली सत्यनारायणा सुपुत्र बालय्या | 622 | 0.11 | |
| 9. | गुडेल्ली सत्यनारायणा सुपुत्र बालय्या | 623 | 0.20 | |
| 10. | रायनबोइना कविता धर्मपत्नी नारायणा | 579 | 0.02 | |
| 11. | रायनबोइना कविता धर्मपत्नी नारायणा | 581 | 0.09 | |
| 12. | गोविंदापुरम मुत्तय्या सुपुत्र राजय्या | 582 | 0.02 | |
| 13. | गोविंदापुरम लक्ष्मण सुपुत्र येल्लय्या | 582 | 0.02 | |
| 14. | गोविंदापुरम लक्ष्मी धर्मपत्नी सिध्दीरामुलू | 583 | 0.03 | |
| 15. | गोविंदापुरम राजव्व धर्मपत्नी पेन्टय्या | 583 | 0.05 | |
| 16. | रायनबोइना कविता धर्मपत्नी नारायणा | 583 | 0.03 | |
| 17. | पुट्टाकोक्कुला पद्मावती धर्मपत्नी किष्टय्या | 584 | 0.04 | |
| 18. | पुट्टाकोक्कुला राजय्या धर्मपत्नी लच्छय्या | 588 | 0.02 | |
| | | गांव कुल | 2.38 | |

**गांवः उप्पलवाइ | मंडलः रामारेड्डी | जिलाः कामारेड्डी**

| क्रम सं. | भूमिधारक का नामः | सर्वे नंबर | एकड गुंटाज में भूमि अधिग्रहण क्षेत्र एकड गुंटाज में | केस का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | तेलंगाना राज्य एससी वेलफेयर बायज होस्टल, उप्पलवाइ ग्राउंड | 375 | 0.03 | एंजायमेन्ट सर्वे रिपोर्ट के अनुसार |
| 2. | तेलंगाना राज्य एससी वेलफेयर बायज होस्टल, उप्पलवाइ ग्राउंड | 375 | 0.21 | |
| 3. | तेलंगाना राज्य एससी वेलफेयर बायज होस्टल, उप्पलवाइ ग्राउंड | 376 | 0.07 | |
| 4. | के. प्रेम कुमार सुपुत्र राजय्या | 377 | 0.1050 | एंजायमेन्ट सर्वे रिपोर्ट के अनुसार |
| 5. | शेख महमूद सुपुत्र मेहबूब | 377 | 0.1050 | |
| 6. | शिकम | 381 | 0.12 | तहसीलदार, रामारेड्डी रिपोर्ट एल.आर. नं. बी /412/2025 दि.19–12–2025 नुसार तथा वर्ष 2016–17 पाहनी के अनुसार |
| | | गांव कुल | एकड 1.24 | |

**गांवः सरमपल्ली | मंडलः कामारेड्डी | जिलाः कामारेड्डी**

| क्रम सं. | भूमि धारक का नाम | सर्वे नंबर | भूमि अधिग्रहण क्षेत्र एकड गुंटाज में | केस का विवरणः |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कोत्तुरी चिन्ना सैलु सुपुत्र डाकय्या | 143 | 0.03 | एंजायमेंट सर्वे नुसार |
| 2. | कोत्तुरी पेध्दा सैलु सुपुत्र डाकय्या | 143 | 0.03 | एंजायमेंट सर्वे नुसार |
| 3. | कोत्तुरी भास्कर सुपुत्र नरसिमलु | 142 | 0.01 ¼ | एंजायमेंट सर्वे नुसार |
| 4. | कोत्तुरी राजाराम सुपुत्र नरसय्या | 142 | 0.02 ¼ | एंजायमेंट सर्वे नुसार |
| 5. | कोत्तुरी बापुराज़ सुपुत्र नरसय्या | 142 | 0.02 ½ | एंजायमेंट सर्वे नुसार |
| 6. | बी. सुधा धर्मपत्नी वेणुगोपाल राव | 142 | 0.01 | एंजायमेंट सर्वे नुसार |
| 7. | के. नलिनी देवी धर्मपत्नी नरसिम्हाराव | 142 | 0.01 | एंजायमेंट सर्वे नुसार |
| 8. | मुल्का सरोजिनी धर्मपत्नी राजु | 141 | 0.00 ½ | एंजायमेंट सर्वे नुसार |
| 9. | मुल्का श्रीनिवास धर्मपत्नी राजय्या | 141 | 0.00 ½ | एंजायमेंट सर्वे नुसार |
| | | गांव कुल | एकड 0.15 | |

**गांवः कामारेड्डी | मंडलः कामारेड्डी | जिलाः कामारेड्डी**

| क्रम सं. | भूमिधारक का नामः | सर्वे नंबर्स | भूमि अधिग्रहण क्षेत्र एकड गुंटाज में | केस का विवरणः |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नामाला गंगाधर सुपुत्र गंगय्या | 828 | 7.48 | तहसीलदार, कामारेड्डी एल. आर. नं. बी/3693/2025 दि.03–01–2026 के एंजायमेन्ट सर्वे के अनुसार आनलाइन भूभारती पोर्टल पर उपरोक्त भूमि जोकि एनएएलए/हाउस साइट्स तथा लेआउट्स के रूप में दर्शाया गया है। |
| 2. | बट्टु गंगाधर सुपुत्र राजय्या | 828 | 67.82 | |
| 3. | जडाला विघ्नेश्वर सुपुत्र शंकर | 828 | 79.56 | |
| 4. | बी. सिध्दि रामुलू सुपुत्र एल्लय्या | 828 | 44.19 | |
| 5. | सहेरा बेगम धर्मपत्नी बशीर हुस्सेन | 828 | 83.77 | |
| 6. | सय्यद शेहनाज बेगम धर्मपत्नी बशीर हुस्सेन | 828 | 83.77 | |
| 7. | मोहम्मद अकील हुस्सेन सुपुत्र बशीर हुस्सेन | 828 | 124.22 | |
| 8. | चिंतला नारायणा सुपुत्र राजय्या | 828 | 281.159 | |
| 9. | केटु रेखा धर्मपत्नी रमणा रेड्डी | 828 | 208.3 | |
| 10. | नामाला कविता धर्मपत्नी स्वामी | 828 | 57.57 | |
| 11. | जंगम ईश्वरम्मा धर्मपत्नी सिध्दि रामप्पा | 828 | 39.59 | |
| 12. | आवुसुला श्रीनिवास चारी सुपुत्र वेंकट नारायणा | 828 | | |
| 13. | नामाला राजु सुपुत्र अशोक | 828 | 25.7 | |
| 14. | मादासु राजलिंगम सुपुत्र नारायणा | 828 | 14.02 | |
| 15. | रोड्स एण्ड इन्टरल रोड्स | 828 | 4692 | |
| | | गांव कुल | एकड 1.08 गुंटाज | |

**गांवः तिप्पापुर | मंडलः बिकनूर | जिलाः कामारेड्डी**

| क्रम सं. | भूमिधारक नामः | सर्वे नंबर्सः | भूमि अधिग्रहण क्षेत्र एकड– गुंटाज में | केस का विवरणः |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सादगारी रामरेड्डी सुपुत्र लक्ष्मा रेड्डी | 362 | 0.11 | तहसीलदार बिकनूर मंडल एंजायमेंट सर्वे रिपोर्ट बी/2075/2025 दि.23–12–2025 नुसार |
| 2. | नागार्थी सुनिता धर्मपत्नी नरसा रेड्डी | 362 | 0.14 | |
| 3. | नागार्थी सुनिता धर्मपत्नी नरसा रेड्डी | 369 | 0.06 | |
| 4. | रेलवे एरिया | 369 | 0.19 | |
| 5. | रोड | 369 | 0.02 | |
| 6. | रेलवे एरिया | 30 | 0.07 | |
| 7. | वी. राघवेन्द्रराव सुपुत्र लक्ष्मण राव | 31 | 0.06 | |
| 8. | वी. राघवेन्द्रराव सुपुत्र लक्ष्मण राव | 32 | 0.10 | |
| 9. | ललिता धर्मपत्नी संगरा | 33 | 0.11 | |
| 10. | ललिता धर्मपत्नी संगरा | 34 | 0.01 | |
| | | गांव कुल | एकड 2.07 गुंटाज | |

**गांवः रामेश्वरपल्ली | मंडलः बिकनूर | जिलाः कामारेड्डी**

| क्रम सं. | भूमिधारक का नामः | सर्वे नंबर्सः | भूमि अधिग्रहण क्षेत्र एकड–गुंटाज में | केस का विवरणः |
|---|---|---|---|---|
| 1. | दासरी नवीन सुपुत्र बलराम | 286 | 0.17 | तहसीलदार, बिकनूर एल.आर. नं. बी/2075/2025 दि.23–12–2025 द्वारा प्रस्तुत एंजायमेंट रिपोर्ट के अनुसार |
| 2. | दासरी नरसिम्लू सुपुत्र किष्टय्या | 286 | 0.11 | |
| 3. | दासरी नरसिम्लू सुपुत्र किष्टय्या | 285 | 0.02 | |
| 4. | रेड्डीगारि रामरेड्डी सुपुत्र श्रीनिवास रेड्डी | 285 | 0.04 | |
| 5. | रेड्डीगारि रामरेड्डी सुपुत्र श्रीनिवास रेड्डी | 284 | 0.04 | |
| | | गांव कुल | एकड 0.38 | |

**गांवः बिकनूर | मंडलः बिकनूर | जिलाः कामारेड्डी**

| क्रम सं. | भूमिधारक का नामः | सर्वे नंबर्सः | भूमि अधिग्रहण क्षेत्र एकड–गुंटाज में | केस का विवरणः |
|---|---|---|---|---|
| 1. | दासरी मधु सुपुत्र राजी रेड्डी | 1045 | 0.02 | तहसीलदार, बिकनूर मंडल एंजायमेंट सर्वे रिपोर्ट बी/2075/2025 दि.23–12–2025 के अनुसार |
| 2. | सरकारी जमीन | 1045 | 0.16 | |
| 3. | कुर्मा भुय्या भुम्मय्या सुपुत्र भीरय्या | 1040 | 0.07 | |
| 4. | कुर्मा भुय्या मल्लय्या सुपुत्र मल्लय्या | 1040 | 0.09 | |
| 5. | कुर्मा भुय्या लक्ष्मी धर्मपत्नी नरसय्या | 1040 | 0.07 | |
| 6. | कुर्मा भुय्या चिन्ना सैलु सुपुत्र भीरय्या | 1040 | 0.07 | |
| 7. | एंडोमेंट | 1032 | 0.02 | |
| | | गांव कुल | एकड 1.10 | |

**गांवःबसवापुर | मंडलः बिकनूर | जिलाः कामारेड्डी**

| क्रम सं. | भूमिधारक का नामः | सर्वे नंबर्स | भूमि अधिग्रहण क्षेत्र एकड–गुंटाज में | केस का विवरणः |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजमपेट सिध्दिमा सुपुत्र यादगिरी | 212 | 0.10 | तहसीलदार, बिकनूर मंडल एंजायमेंट सर्वे रिपोर्ट बी/2075/2025 दि.23–12–2025 के अनुसार |
| 2. | राजमपेट यादगिरी सुपुत्र राजय्या | 212 | | |
| | | गांव कुल | एकड 0.10 | |

(फाइल नं.डब्ल्यू.कान.182/एसआरपी–06/एमयुइ–डीएचएनइ/23 24/247/20ए/020226)
हस्ता./– मुख्य अभियंता/निर्माण/योजना व सर्वेक्षण––अमित अगरवाल

A2462

# जनता का विश्वास ही जीत का आधार: भट्टी विक्रमार्का



हैदराबाद, 13 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। उप मुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्का ने कहा कि नगर पालिका और नगर निगम चुनावों के परिणाम जनोन्मुखी शासन के पक्ष में जनता के स्पष्ट जनादेश को दर्शाते हैं। शुक्रवार को जारी बयान में उन्होंने कहा कि जनता ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि जब विश्वास और भरोसा होता है तो वह स्वाभाविक रूप से जन समर्थन में बदल जाता है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों से कांग्रेस सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी ढांचे जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सशक्तिकरण के लक्ष्य के साथ निरंतर कार्य कर रही है और यह जीत उन्हीं प्रयासों की स्वीकृति है। भट्टी विक्रमार्का ने कहा कि स्वच्छ नेतृत्व, पारदर्शी प्रशासन और सामूहिक प्रयास इस सफलता की नींव रहे हैं। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में पूरा मंत्रिमंडल राज्य के विकास एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं ने जीत को लक्ष्य बनाकर अथक परिश्रम किया, वहीं जनता ने विकास को समर्थन दिया। राज्य भर में मिला व्यापक जन समर्थन आने वाले सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार और अधिक जिम्मेदारी तथा दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि जनता की अपेक्षाओं और स्नेह को कभी निराश न किया जाए।

# राज्य विद्युत वितरण प्रणाली को सशक्त बनाने के निर्देश

## वितरण सुधार समिति की दूसरी बैठक आयोजित



हैदराबाद, 13 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। मुख्य सचिव के. रामकृष्णा राव ने शुक्रवार को सचिवालय में राज्य वितरण सुधार समिति की दूसरी बैठक की अध्यक्षता की। बैठक का आयोजन संशोधित वितरण क्षेत्र योजना और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत प्रस्तुत विस्तृत परियोजना प्रतिवेदनों (डीपीआर) की समीक्षा और अनुमोदन के लिए किया गया। ऊर्जा विभाग, वित्त विभाग और विद्युत वितरण कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने बैठक में भाग लिया और जारी सुधारों, अवसंरचना सुदृढ़ीकरण उपायों तथा प्रस्तावित आधुनिकीकरण कार्यों की स्थिति प्रस्तुत की। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने डिस्कॉम्स के नुकसान को कम करने वाले उपायों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने डीपीआर की विस्तृत समीक्षा की, जिसमें सिस्टम सुदृढ़ीकरण, समेकित तकनीकी एवं वाणिज्यिक (एटी एंड सी) हानियों में कमी, स्मार्ट मीटरिंग का क्रियान्वयन, फीडर पृथक्करण, अवसंरचना विस्तार तथा वितरण नेटवर्क के डिजिटलीकरण जैसे प्रमुख घटक शामिल थे। मुख्य सचिव ने रेखांकित किया कि औद्योगिक विकास, कृषि उत्पादकता और राज्य के समग्र सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए विद्युत वितरण प्रणाली को मजबूत करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। समिति ने वित्तीय प्रभाव, वित्त पोषण पैटर्न और भारत सरकार की उन योजनाओं के साथ समन्वय पर भी चर्चा की, जिनका उद्देश्य विद्युत वितरण क्षेत्र को सुदृढ़ बनाना है।

ऊर्जा विशेष मुख्य सचिव नवीन मित्तल, वित्त प्रमुख सचिव संदीप कुमार सुल्तानिया, राजस्व सचिव लोकेश कुमार, टीजीएसपीडीसीएल के सीएमडी मुशर्रफ अली, टीजीएनपीडीसीएल के सीएमडी वरुण रेड्डी सहित अन्य अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

# वेलेंटाइन डे के विरोध में

## बजरंग सेना ने वीर सावरकर चौक पर प्रदर्शन किया



हैदराबाद, 13 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बजरंग सेना तेलंगाना स्टेट ने वैलेंटाइन डे सेलिब्रेशन पर बैन लगाने की मांग को लेकर वीर सावरकर चौक पर प्रोटेस्ट किया। मेंबर्स ने भारतीय समाज पर वेस्टर्न कल्चर के बढ़ते असर का विरोध किया।

प्रोटेस्ट के दौरान, एक्टिविस्ट्स ने वैलेंटाइन डे सेलिब्रेशन के खिलाफ नारे लगाए और विरोध के तौर पर ग्रीटिंग कार्ड जलाए। ऑर्गनाइज़ेशन ने कहा कि ऐसे सेलिब्रेशन भारतीय कल्चरल वैल्यूज़ के खिलाफ हैं और अथॉरिटीज़ से इन पर रोक लगाने के लिए ज़रूरी कदम उठाने की अपील की।

इस मौके पर, बजरंग सेना तेलंगाना के प्रेसिडेंट एन. आर. लक्ष्मण राव; वाइस प्रेसिडेंट प्रभु बिरादर; राघव; जॉइंट सेक्रेटरी आरती; मनोज मोगलगिड्डी; नरेश छोटू, सुनील, श्रीनिवास, रवि कुमार, कोंडा रेड्डी और दूसरे मेंबर्स मौजूद थे।

# पीएनबी हैदराबाद अंचल द्वारा खेल-कूद एवं सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन

हैदराबाद, 13 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) के हैदराबाद अंचल कार्यालय द्वारा 14 फरवरी को एमएलआर इंस्टीट्यट ऑफ टेक्नोलॉजी, डिंडिगुल एवं एमएसएमई संस्थान, युसूफगुड्डा में पीएनबी खेल–कूद एवं सांस्कृतिक उत्सव 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपनी सामान्य बैंकिंग दिनचर्या से बाहर निकलकर खेल–कूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ना है। खेल–कूद प्रतियोगिता में बैंक की अंतर–अंचल कार्यालयों की विजेता टीमें यथा, हैदराबाद, भोपाल, भुवनेश्वर, रायपुर के 150 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। इनमें से विजेता टीमें अखिल भारतीय स्तर पर प्रतिभागिता करेंगी ।

इस दौरान क्रिकेट, बैडमिंटन, शतरंज, कैरम, टेबल टेनिस और एथलेटिक्स जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में टीमें अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। इस अवसर पर शाम में एमएसएमई संस्थान, युसूफगुड्डा में सांस्कृतिक उत्सव ताल–तरंग का भी आयोजन किया जा रहा है। सम्पूर्ण आयोजन हैदराबाद अंचल की अंचल प्रबन्धक श्रीमती वन्दना पाण्डेय के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। सम्पूर्ण आयोज़न में उप अंचल प्रबन्धक संजय माने, मण्डल प्रमुख (हैदराबाद) अरविंद कालरा, मण्डल प्रमुख (सिकंदराबाद ) सुजीत कुमार झा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे ।

# एनएएफसीयूबी द्वारा वर्कशॉप आयोजित






हैदराबाद, 13 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। नेशनल फेडरेशन ऑफ़ अर्बन को–ऑप बैंक एंड क्रेडिट सोसाइटी (एनएएफसीयूबी) नई दिल्ली ने तेलंगाना स्टेट को–ऑप अर्बन बैंक फेडरेशन हैदराबाद और कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चरल बैंकिंग (सीएबी) आरबीआई, पुणे और आरबीआई (रीजनल ऑफिस) हैदराबाद के साथ मिलकर 12 और 13 फरवरी को अर्बन को–ऑप बैंकों के बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर, बोर्ड ऑफ़ मैनेजमेंट के मेंबर और सीनियर अधिकारियों के लिए 2 दिन का ट्रेनिंग प्रोग्राम कम वर्कशॉप आयोजित किया। यह प्रोग्राम होटल रॉयलटन, एबिड्स, हैदराबाद में हुआ। प्रोग्राम का मकसद को–ऑपरेटिव अर्बन बैंकिंग सेक्टर में गवर्नेंस प्रैक्टिस और प्रोफेशनलिज़्म को बढ़ाना और मज़बूत करना है।

इस प्रोग्राम का उद्घाटन आरबीआई, हैदराबाद के रीजनल डायरेक्टर चिन्मय कुमार और के सुरेंद्र मोहन आईएएस, कमिश्नर फॉर कोऑपरेशन और रजिस्ट्रार ऑफ़ को–ऑपरेटिव सोसाइटी, हैदराबाद ने किया। वेमिरेड्डी नरसिम्हा रेड्डी, डायरेक्टर, एनएएफसीयूबी, प्रेसिडेंट तेलंगाना स्टेट कोऑपरेटिव अर्बन बैंक्स फेडरेशन लिमिटेड, हैदराबाद और जी मदन गोपाल स्वामी, डायरेक्टर, एनएएफसीयूबी एंड वर्किंग प्रेसिडेंट तेलंगाना स्टेट कोऑपरेटिव अर्बन बैंक्स फेडरेशन लिमिटेड, हैदराबाद और प्रमोद कुमार केडिया, चेयरमैन द अग्रसेन कोऑपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड वाइस प्रेसिडेंट तेलंगाना स्टेट कोऑपरेटिव अर्बन बैंक्स फेडरेशन लिमिटेड ने प्रोग्राम की अहमियत पर बात की। इस प्रोग्राम में तेलंगाना राज्य के 40 से ज़्यादा यूसीबीएस के चेयरमैन, डायरेक्टर शामिल हुए। अभिषेक कुमार डीजीएम पुणे ने गवर्नेंस के पहलुओं के बारे में बताया, प्रभुति सामल, डीजीएम हैदराबाद ने आरबीआई की उम्मीदों और कम्प्लायंस के पहलुओं के बारे में बताया। थिरुपतैया असिस्टेंट जनरल मैनेजर (रिटायर्ड), सिंडिकेट बैंक ने साइबर सिक्योरिटी के पहलुओं के बारे में बात की। अग्रसेन कोऑपरेट अर्बन बैंक लिमिटेड के चेयरमैन प्रमोद कुमार केडिया, वाइस चेयरमैन सीए नवीन कुमार अग्रवाल, सीए पंकज कुमार अग्रवाल, डायरेक्टर, श्रीमती अपूर्वा अग्रवाल, डायरेक्टर, गोपाल चंद अग्रवाल, डायरेक्टर, महेश कुमार अग्रवाल, डायरेक्टर, दिनेश शर्मा, मेंबर बीओएम, सीए विनय कुमार गोयल, सीवी राव सीईओ और आनंद अग्रवाल डीजीएम ने प्रोग्राम में हिस्सा लिया।

# श्याम मंदिर सेवा समिति ने किया





## सहयोगी श्याम प्रेमी संस्थाओं का सम्मान

हैदराबाद, 13 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। श्री श्याम मंदिर सेवा समिति, काचीगुडा द्वारा गत दिनों भाग्यलक्ष्मी मन्दिर, चारमीनार से श्री श्याम मंदिर, काचीगुडा तक निकाली गई 'द्वितीय श्री श्याम रथ शोभा यात्रा' के अन्तर्गत नगरद्वय की श्याम प्रेमी संस्थाओं – श्री श्याम सत्संग समिति, जय श्री श्याम–श्याम मेरे श्याम समिति, मासिक श्याम निशान समिति, खाटू श्याम मित्र मण्डल, ॐ जय श्री श्याम समिति, श्री श्याम भक्त मण्डल, मलकपेट, श्याम के बावरे, श्याम सेवा परिवार, श्याम मित्र मण्डल, अत्तापुर, हम तो बाबा के भरोसे चलते है, श्याम के सेवादार, हम लाड़ले सावरियां के, लाड़ले श्याम जी के, श्याम भरोसे सेवा समिति के साथ–साथ जीवन भाटी एवं नरसिंग जायसवाल द्वारा सहयोग के लिए संस्थाओं के प्रतिनिधियों का सम्मान श्याम मंदिर, काचीगुडा में किया गया। श्री श्याम मंदिर सेवा समिति के मंत्री एवं रथ शोभा यात्रा के चेयरमैन इन्द्रकरण अग्रवाल, सह–मंत्री रामदेव अग्रवाल, पुरुषोत्तमदास गोयल की उपस्थिति में मंदिर के पुजारी रामशरण महाराज द्वारा किया गया ।

इस अवसर पर श्याम मंदिर सेवा समिति के मंत्री एवं रथ शोभा यात्रा चेयरमैन इन्द्रकरण अग्रवाल ने 'द्वितीय श्री श्याम रथ शोभा यात्रा' की अपार सफलता हेतु प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से प्राप्त सहयोगियों, विज्ञापनदाताओं, सहयोगी, प्रभुदयाल पंच परिवार टीबा बसईवाले, भजन गायकों, नगरद्वय की श्याम प्रेमी संस्थाओं तथा श्री श्याम मंदिर सेवा समिति के सदस्यों का आभार प्रकट किया ।

**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. EPC-CECONII VSKP2026003, दिनांक : 04.02.2026

**कार्य का नाम :** पूर्व तट रेलवे के वाल्टियर मण्डल में नौपाड़ा-गुणुपुर सेक्शन के बीच में EPC आधार पर तटबंध/कटिंग में निर्माण कार्य में मिट्टी कार्य, ब्लैंकेटिंग, साइड ड्रेन, सुरक्षा बाड़ लगाना, छोटे पुल, रोड अंडर ब्रिज (RUB), सुरक्षा कार्य, P.WAY ट्रैक कार्य, ठेकेदार की अपनी सामग्री आपूर्ति के साथ ट्रैक बैलास्ट की आपूर्ति सहित नए वाइड बेसड PSC स्लीपर, स्पेशल PSC स्लीपर (टर्नआउट, इम्प्रोवाइज्ड SEJ, गार्ड रेल आदि के लिए), पॉइंट (थिक वेब स्विच एवं WCMS क्रॉसिंग, ग्लूड जॉइंट, इम्प्रोवाइज्ड SEJ, सभी P-WAY फिटिंग, OHE फाउन्डेशन, OHE मास्ट की आपूर्ति एवं उत्थापन, ओवरहेड इलेक्ट्रिकल HT/LT पावर लाइन क्रॉसिंग के लिए अंडरग्राउंड में रूपान्तरण/परिवर्तन, प्लेटफॉर्म, स्टेशन भवन, फुट ओवर ब्रिज, प्लेटफॉर्म शेल्टर, सेवा भवन, SP/SSP भवन एवं आवासीय भवनों का निर्माण, जलापूर्ति, इनडोर एवं आउटडोर विद्युतीकरण आदि के साथ मौजूदा स्टेशनों यानी टेक्कालि (TEK-CH. 6.687 कि.मी. पर), तेंबूरू (TMB-CH. 20.7 कि.मी. पर), पातपट्टनम (PHM-CH. 33.68 कि.मी. पर), सीतापुरम (SPRM-CH. 51.685 कि.मी. पर), काशीनगर (KNGR-CH. 64.52 कि.मी. पर), बंशधारा (BSDR-CH. 78.289 कि.मी. पर) में लूप लाइनों का डिजाइन एवं निर्माण।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 12777.00 लाख, EMD : ₹ 63,88,500/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 24 (चौबीस) महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 06.04.2026 को 1200 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

दृष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढ़ना चाहिए एवं सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/ भुवनेश्वर

PR-258/CI/25-26

**पूर्व तट रेलवे**

**यात्री टिकट सुविधा केन्द्र (YTSK) के चयन एवं नियुक्ति के लिए अधिसूचना**

सं.: WCE/1/PRS/UTS/YTSK-16/2026 दिनांक : 09.02.2026

पूर्व तट रेलवे के वाल्टियर मण्डल के सभी स्टेशनों पर यात्री आरक्षण प्रणाली (PRS) एवं अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली (UTS) टर्मिनल के जरिए दोनों आरक्षित एवं अनारक्षित टिकट जारी करने के लिए "यात्री टिकट सुविधा केंद्र" (YTSK) के चयन एवं नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। निर्धारित शर्तों को पूरा करने वाले इच्छुक व्यक्तिविशेष निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते हैं, जिसमें आवेदन पत्र की लागत के भुगतान का विवरण एवं सेवित स्टेशन के नाम का उल्लेख करते हुए (जहां आवेदक YTSK स्थापित करना चाहते है) विधिवत रुप से भरें हुए आवेदन पत्र में स्व-अनुप्रमाणित दस्तावेज संलग्न कर के उसे एक मुहरबंद कवर में रख कर दिनांक 16.03.2026 (सोमवार) को 1000 बजे से 1500 बजे के दौरान वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व तट रेलवे, दोण्डापार्थि, वाल्टियर (वाणिज्य शाखा, मण्डल रेलवे प्रबंधक कार्यालय बिल्डिंग, वाल्टियर) के पते पर आवेदन पत्र एक मुहरबंद बॉक्स में जमा करा सकते हैं।

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि व समय : दिनांक 16.03.2026 (सोमवार) को 1000 बजे से 1500 बजे के दौरान।

मुहरबंद बॉक्स खुलने की तारीख व समय : दिनांक 16.03.2026 (सोमवार) को 1530 बजे।

नियम एवं शर्तों से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रारूप वेबसाइट www.eastcoastrail.indianrailways.gov.in में उपलब्ध होंगे।

PR-1123/Q/25-26 वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक /वाल्टियर

## टी-20 वर्ल्डकप में उलटफेर

# जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

### ऑस्ट्रेलिया 170 का टारगेट नहीं चेज कर सका, 2007 वर्ल्ड कप में भी हरा चुका है जिम्बाब्वे




स्पोर्ट्स डेस्क, 13 फरवरी (एजेंसियां)। टी-20 वर्ल्ड कप में पहला उलटफेर देखने को मिला है। जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 23 रन के अंतर से हराया। टीम ने दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया को टी-20 वर्ल्डकप में हराया है। उसने 19 साल पहले 2007 में भी ऑस्ट्रेलियन को लीग राउंड में हराया था।

कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। जिम्बाब्वे ने 20 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया 19.3 ओवर के बाद 146 रन पर ऑलआउट हो गई। ब्लेसिंग मुजरबानी ने 4 विकेट झटके। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**मैट रेनशॉ की फिफ्टी, डेविड-ग्रीन जीरो पर आउट**

टारगेट चेज कर रहे मैट रेनशॉ (65 रन) ने फिफ्टी लगाई। ग्लेन मैक्सवेल ने 31 रन बनाए। मार्कस स्टोयनिस (6) ट्रैविस हेड (17) और जोश इंग्लिस (8) खास प्रदर्शन नहीं कर सके। टिम डेविड और कैमरन ग्रीन का खाता भी नहीं खुला। जिम्बाब्वे के लिए मुजरबानी के अलावा, इवांस को 3 विकेट मिले।

**जिम्बाब्वे से ब्रायन बेनेट ने फिफ्टी लगाई**

जिम्बाब्वे से ब्रायन बेनेट ने 56 बॉल पर नाबाद 64 रन बनाए। यह उनका टी-20 वर्ल्ड कप में पहला और टी-20 इंटरनेशनल में ओवरऑल 11वां अर्धशतक है। उनके अलावा तादिवानाशे मारुमनी और रयान बर्ल ने 35-35 रन की पारी खेली। कप्तान सिकंदर रजा ने 13 बॉल पर नाबाद 25 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए मार्कस स्टोयनिस और कैमरन ग्रीन को 1-1 विकेट मिला।

**क्या लीग राउंड से बाहर हो जाएगा ऑस्ट्रेलिया?**

ग्रुप बी के पॉइंट्स टेबल की मौजूदा स्थिति में ऑस्ट्रेलिया की टीम तीसरे नंबर पर है। उसने 2 में से एक मैच गंवा दिया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम के पास 2 अंक हैं। अब कंगारुओं को अगले दौरे में जाने के लिए श्रीलंका और ओमान से मैच जीतने होंगे। साथ ही श्रीलंका और जिम्बाब्से के एक-एक मैच हारने की कामना करनी होगे।

## पहले ओवर से 20वें ओवर तक की बल्लेबाजी

### वर्ल्ड कप में टेस्ट जैसी पारी, अपनी फिफ्टी के लिए टीम को डुबा दिया




कोलंबो, 13 फरवरी (एजेंसियां)। टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप-बी के 19वें मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया जैसी खतरनाक टीम के सामने जिम्बाब्वे की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 2 विकेट खोकर 169 रन बना दिए। हालांकि ये स्कोर आसानी से 180 के पार भी हो सकता था, लेकिन जिम्बाब्वे की ओर से ओपनिंग बल्लेबाज ब्रायन बेनेट ने मैदान पर काफी समय बिताया, लेकिन उनकी पारी टी20 क्रिकेट के मानकों और टीम की जरूरत के हिसाब से काफी धीमी रही। जिम्बाब्वे के लिए पारी की शुरुआत करने आए ब्रायन बेनेट ने 56 गेंदों का सामना करते हुए 64 रनों की पारी खेली। हालांकि उन्होंने अर्धशतक जड़ा, लेकिन उनका स्ट्राइक रेट काफी कम रहा। पूरी पारी के दौरान बेनेट के बल्ले से केवल 7 चौके निकले और वे एक भी छक्का लगाने में नाकाम रहे। वहीं उनका स्ट्राइक रेट 115 से कम का रहा। आधुनिक टी20 क्रिकेट में, जहां पावरप्ले और डेथ ओवरों में तेजी से रन बनाने की दरकार होती है वहां बेनेट की इस पारी ने जिम्बाब्वे की रन गति को बांधे रखा।

# टी20 वर्ल्ड कप : भारत-पाकिस्तान मैच पर बारिश का साया

### > श्रीलंका में बाढ़ आने की आशंका



नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेंसियां)। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में रविवार (15 फरवरी) को भारत-पाकिस्तान मैच का मजा बारिश के कारण किरकिरा हो सकता है। मौसम विभाग ने कोलंबो में बारिश की चेतावनी जारी की है। 14 फरवरी को बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्व में कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है और 15-16 फरवरी तक यह तूफान में बदल सकता है। श्रीलंका में 16 से 19 फरवरी के बीच भारी बारिश होने की संभावना है। इससे बाढ़ आ सकती है। बारिश के भारत-पाकिस्तान मैच भी प्रभावित हो सकता है।

स्काईमेट के अनुसार भारत-पाकिस्तान मैच के दिन 15 फरवरी को कोलंबो में बारिश हो सकती है। तूफान के कारण बारिश मैच में खलल डाल सकती है। श्रीलंका के दक्षिणी तट पर मौजूदयाला, मतारा, हंबनटोटा, तंगल्ला और गाले में बारिश की संभावना ज्यादा है। पश्चिमी तट पर थोड़ी ऊंचाई पर मौजूद कोलंबो में भी बारिश की संभावना है। टी20 में पाकिस्तान के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड शानदार है। पाकिस्तान सिर्फ तीन मैच जीता है और भारत 13 मैच जीता है। पिछले पांच मैचों में भारत को जीत मिली है। 2025 में तीन बार दोनों टीमों की भिड़ंत हुई। तीनों मैच में भारत को जीत मिली। सितंबर में एशिया कप 2025 के बाद दोनों टीमें पहली बार आमने-सामने होंगी।

**काफी ड्रामे के बाद होने वाला है भारत-पाकिस्तान मैच**

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत-पाकिस्तान का मुकाबला काफी ड्रामे के बाद होने वाला है। बांग्लादेश को टी20 वर्ल्ड कप से बाहर किए जाने के बाद विरोध में पाकिस्तान ने भारत से खेलने से मना कर दिया था। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के साथ बैठक के बाद वह टूर्नामेंट में भारत के खिलाफ खेलने के लिए तैयार हुआ।

**टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत-पाकिस्तान का प्रदर्शन**

टी20 वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप ए में भारत-पाकिस्तान ने दो-दो मैच खेले हैं। दोनों में भारत और पाकिस्तान को जीत मिली है। भारत को अमेरिका और नामीबिया के खिलाफ जीत मिली। पाकिस्तान को नीदरलैंड्स और अमेरिका के खिलाफ जीत मिली।

# नामीबिया के सामने फेल होने के बाद भी संजू सैमसन ने बनाया अनोखा रिकॉर्ड



## सूर्यकुमार यादव को छोड़ा पीछे

नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेंसियां)। अरुण जेटली स्टेडियम में नामीबिया के खिलाफ भारत ने आसान जीत दर्ज की। उन्होंने नामीबिया को 93 रन से हराया। इस मैच में खराब फॉर्म से गुजर रहे विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को भी खेलने का मौका मिला। दरअसल, अभिषेक शर्मा इस मुकाबले के लिए अनफिट थे। उनकी जगह संजू सैमसन को प्लेइंग 11 में एक बार फिर से मौका मिला।

इस मौके का भी संजू सैमसन ज्यादा फायदा नहीं उठा पाए। उन्होंने 8 गेंद में 22 रन बनाए। सैमसन ने तेज बल्लेबाजी तो की लेकिन उसे बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर पाए। हालांकि, इसके बावजूद संजू एक अनोखा रिकॉर्ड इस मैच में बना गए।

**संजू सैमसन ने बनाया अनोखा रिकॉर्ड**

आपको बता दें कि नामीबिया के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप में संजू सैमसन का डेब्यू मैच था। वह इस टूर्नामेंट में अपना पहला मैच खेल रहे थे। इसी के साथ संजू सैमसन टी20 वर्ल्ड कप में भारत के डेब्यू करने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने अपना वर्ल्ड कप डेब्यू 31 साल और 93 दिन की उम्र में किया। इस मामले में संजू सैमसन ने अपने कप्तान सूर्यकुमार यादव को भी पीछे छोड़ दिया है। सूर्यकुमार यादव ने टी20 वर्ल्ड कप में डेब्यू 31 साल और 40 दिन की उम्र में किया था। हालांकि, भारत के लिए टी20 विश्व कप में डेब्यू करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी अमित मिश्रा हैं, जिन्होंने 31 साल और 117 दिन की उम्र में डेब्यू किया था।

## रियान पराग राजस्थान रॉयल्स के नए कप्तान होंगे

नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेंसियां)। आईपीएल 2026 से पहले राजस्थान रॉयल्स (आरआर) की टीम ने ऑलराउंडर रियान पराग को टीम का अगला कप्तान नियुक्त किया है। यह फैसला संजू सैमसन के चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में चले जाने के बाद लिया गया है। 2026 के लिए हुए आईपीएल के मिनी ऑक्शन से पहले संजू सैमसन ट्रेड विंडो के जरिये सीएसके में चले गए थे। सीएसके ने इसके बदले रवींद्र जडेजा और सैम करन जैसे दो ऑलराउंडर राजस्थान रॉयल्स को दिया था।

24 साल के रियान पराग पिछले सात सीजन से राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा थे। संजू सैमसन ने पिछले सीजन के बाद फ्रेंचाइजी छोड़ने की इच्छा जताई थी, जिसके बाद टीम मैनेजमेंट ने भविष्य को देखते हुए पराग पर भरोसा जताया है।

# ईशान किशन को इंपैक्ट प्लेयर का अवॉर्ड

### नामीबिया के खिलाफ 24 गेंद में बनाए 61 रन-पावरप्ले में भारत का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर




नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेंसियां)। विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन को भारत-नामीबिया मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए टीम इंडिया के इंपैक्ट प्लेयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। गुरुवार को दिल्ली में खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के मैच में ईशान ने सिर्फ 24 गेंदों पर 61 रन की तूफानी पारी खेली। उनकी इस पारी में 6 चौके और 5 छक्के शामिल थे। इस विस्फोटक शुरुआत की बदौलत भारत ने 200 से ज्यादा का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

**पावरप्ले में भारत का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर**

ईशान ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में जेजे स्मिट के एक ओवर से 28 रन बटोरे। पहली गेंद डॉट रहने के बाद उन्होंने अगली पांच गेंदों पर चार छक्के और एक चौका जड़ा। भारत ने पहले 6 ओवर में 1 विकेट पर 86 रन बनाए, जो टी-20 इंटरनेशनल में भारत का तीसरा सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर है। इससे पहले फरवरी 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ मुंबई में भारत ने 95/1 और हाल ही में गुवाहाटी में न्यूजीलैंड के खिलाफ 94/2 का स्कोर बनाया था।

**20 गेंदों में अर्धशतक**

ईशान किशन ने 20 गेंदों में फिफ्टी पूरी की, जो टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए संयुक्त रूप से पांचवीं सबसे तेज अर्धशतक है। इस सूची में शीर्ष पर युवराज सिंह की 12 गेंदों की ऐतिहासिक पारी है। उन्होंने पावरप्ले के भीतर ही अपना अर्धशतक पूरा कर लिया और ऐसा करने वाले भारतीय बल्लेबाजों की सूची में शामिल हो गए। उनसे पहले रोहित शर्मा और केएल राहुल यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। सितंबर 2025 के एशिया कप से अब तक भारतीय बल्लेबाजों ने पावरप्ले में 162.93 की स्ट्राइक रेट से 960 रन बनाए हैं। भारत दुनिया की इकलौती टीम है, जिसका पावरप्ले में सामूहिक स्ट्राइक रेट 150 से अधिक है।

ईशान के आउट होने के बाद भारत की रनगति धीमी पड़ गई। एक समय टीम ने 30 गेंदों में सिर्फ 20 रन जोड़कर 3 विकेट गंवा दिए। तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे संघर्ष करते नजर आए। हालांकि, हार्दिक पंड्या ने अंतिम ओवरों में तेज बल्लेबाजी कर टीम को 200 के पार पहुंचा दिया। अगर पावरप्ले में ईशान की तूफानी शुरुआत नहीं होती, तो भारत का स्कोर 180 से नीचे रह सकता था। मैच के बाद ईशान किशन ने कहा, 'हम सभी अच्छी लय में हैं और पावरप्ले का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं। हम गेंदबाजों को टारगेट करके खेलते हैं।

# पाकिस्तान के खिलाफ अर्शदीप की जगह खेलेंगे कुलदीप

### गावस्कर को भारत की प्लेइंग 11 में बदलाव की उम्मीद




नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेंसियां)। सुनील गावस्कर ने कहा कि अर्शदीप सिंह ने नामीबिया के खिलाफ साधारण गेंदबाजी की। उन्होंने अपना कोटा भी पूरा नहीं किया। यह संकेत हैं कि पाकिस्तान के खिलाफ भारत की प्लेइंग 11 में कुलदीप यादव को जगह मिलेगी। लिटिल मास्टर सुनील गावस्कर को उम्मीद है कि रविवार (15 फरवरी) को टी20 वर्ल्ड कप 2026 में पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम प्लेइंग 11 में चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव को पेसर अर्शदीप सिंह की जगह मौका देगी। अर्शदीप का गुरुवार (12 फरवरी) को दिल्ली में नामीबिया के खिलाफ प्रदर्शन साधारण रहा। हालांकि, डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने 93 रन से जीत हासिल की। अर्शदीप ने अपने चार ओवर का पूरा कोटा भी पूरा नहीं किया। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव पर कहा, 'हमारे सभी गेंदबाजों ने विकेट लिए। अर्शदीप ने अपने चार ओवर पूरे नहीं किए, जबकि शिवम दुबे ने दो और हार्दिक ने अपना कोटा पूरा किया। इससे संकेत मिलता है कि कुलदीप यादव पाकिस्तान के खिलाफ अर्शदीप की जगह ले सकते हैं। श्रीलंका की पिचें स्पिनर्स को मदद करती हैं और भारत पहले भी तीन स्पिनर्स खिला चुका है। कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ प्लेइंग 11 में कुलदीप के होने की उम्मीद है।' गावस्कर ने कहा कि भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच को ध्यान में रखते हुए अपनी गेंदबाजी में बदलाव किया। उन्होंने कहा, 'हार्दिक के पहला ओवर फेंकने से लगता है कि पाकिस्तान के खिलाफ अगले मैच में अर्शदीप नहीं खेल पाएंगे। वरुण चक्रवर्ती ने सिर्फ दो ओवर फेंके और अगर वह पूरे चार ओवर फेंकते तो पांच या छह विकेट ले लेते। वरुण के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि जब भी उन्हें गेंदबाजी करने के लिए कहा जाता है तो वह विकेट लेते हैं।

## गेंदबाजी करने से पहले रुके तो क्रीज छोड़ दो : अश्विन

नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान मुकाबले से पहले पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक को लेकर खूब बातें की जा रही है। उस्मान की गेंदबाजी एक्शन कुछ अलग है और वो बॉल फेंकने से पहले रुक जाते हैं जिससे बल्लेबाज कन्फ्यूज हो जाते हैं। यही नहीं उनके अनोखे साइडआर्म एक्शन की वजह से भी ज्यादातर बल्लेबाजों को उन्हें खेलने में मुश्किल हुई है। टीम इंडिया के पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने उस्मान के गेंदबाजी के पहले रुकने को लेकर एक शानदार तरीका बताया जिससे कि उन्हें जवाब दिया जा सके। अश्विन ने कहा कि अगर उस्मान गेंदबाजी के पहले रुकते हैं तो बल्लेबाजों को क्रीज से हटने का अधिकार है।

# मध्य प्रदेश के पैरा तैराक सतेंद्र ने कुक स्ट्रेट पार कर इतिहास रचा

### सीएम मोहन यादव ने दी बधाई



नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के इंटरनेशनल पैरा स्विमर सतेंद्र सिंह लोहिया ने दुनिया के सबसे मुश्किल ओपन-वॉटर समुद्री चैनलों में से एक, न्यूजीलैंड के कुक स्ट्रेट को सफलतापूर्वक पार करके इतिहास रच दिया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने गुरुवार को उन्हें इस कामयाबी पर बधाई देते हुए कहा कि इस कामयाबी के साथ, पद्म श्री अवॉर्डी (2024) लोहिया कुक स्ट्रेट को पार करने वाले एशिया के पहले पैरा स्विमर बन गए हैं।

अपनी खुशी जाहिर करते हुए, मुख्यमंत्री ने इस कामयाबी को देश और मध्य प्रदेश दोनों के लिए गर्व का पल बताया। यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'पद्म श्री और तेनजिंग नोर्गे नेशनल एडवेंचर अवॉर्डी, मध्य प्रदेश के इंटरनेशनल पैरा स्विमर सतेंद्र सिंह लोहिया ने दुनिया के सबसे मुश्किल समुद्री चैनलों में से एक, न्यूजीलैंड के कुक स्ट्रेट को कामयाबी से पार करके इतिहास रच दिया है।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं इस अनोखी कामयाबी के लिए उन्हें दिल से बधाई देता हूं। देश और मध्य प्रदेश के लिए यह गर्व का पल उनके जबरदस्त जज्बे और पक्के इरादे को दिखाता है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा।'

## डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप के तीसरे राउंड में छाए हनी बैसोया

**छह अंडर 64 स्कोर से बनाई शानदार बढ़त**



नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली के कुतुब गोल्फ कोर्स में डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप 2026 का आयोजन हो रहा है. हनी बैसोया ने तीसरे राउंड के आखिर में दिन का सबसे अच्छा स्कोर छह-अंडर 64 बनाकर पांच शॉट की शानदार बढ़त बना ली. इससे पहले बैसोया दूसरे नंबर पर थे. वह लीड से एक शॉट पीछे थे।

उन्होंने सात बर्डी और एक बोगी लगाकर अपना 54-होल का टोटल 18-अंडर 192 कर लिया. 29 वर्षीय बैसोया, जो गुरुग्राम के डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब से हैं, वह डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई के सात बार के विनर हैं. वह पांच साल से चले आ रहे टाइटल के सूखे को खत्म करना चाहते हैं. उन्होंने 2021 में आखिरी बार इसे जीता था। जमाल हुसैन (65-54-68) ने तीसरे दिन 68 का स्कोर बनाया, इसी के साथ वह तालिका में एक स्थान ऊपर आकर दूसरे नंबर पर आ गए हैं. उनका स्कोर 13-अंडर 197 का है. पहले राउंड के लीडर क्षितिज नवीद कौल (65), दूसरे राउंड के लीडर झारेड हैक (71), तपेंद्र घई (66) और वीर अहलावत (66) सभी 12-अंडर 198 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

# ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तानी हॉकी टीम की फजीहत

### होटल बुक न होने से सड़क पर गुजारे कई घंटे



कैनबरा, 13 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान की हॉकी टीम के खिलाड़ियों को कैनबरा पहुंचने पर फजीहत का सामना करना पड़ा। उन्हें कई घंटे सड़क पर बिताने पड़े। पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन पैसे की कमी के कारण बिल का पेमेंट नहीं कर पाया था। इसके कारण ऑस्ट्रेलिया की राजधानी में उनकी होटल बुकिंग कैंसिल कर दी गई थी। पाकिस्तान की हॉकी टीम होबार्ट में एआईएच प्रो लीग इवेंट के दूसरे लेग के लिए ऑस्ट्रेलिया में हैं। टीम के करीबी सूत्रों के मुताबिक खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के पास रहने की जगह ढूंढने से पहले "सड़कों पर घूमने" के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा था।

पीटीआई को पाकिस्तानी हॉकी टीम के एक सूत्र ने बताया, 'खिलाड़ियों और अधिकारियों की बुकिंग कैनबरा के एक फोर स्टार होटल में हुई थी और उन्हें बताया गया था कि पाकिस्तान स्पोर्ट्स बोर्ड और पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ने कैनबरा में उनके रहने के लिए सारे पेमेंट पहले ही कर दिए हैं। लेकिन जब वे पिछले हफ्ते कैनबरा पहुचे तो उन्हें तय होटल में उनके लिए कोई बुकिंग नहीं मिली। टीम के हेड कोच, ताहिर जमान को समय के अंतर के कारण घर पर पीएसबी और पीएचएफ अधिकारियों से संपर्क करने में दिक्कत हुई। ताहिर ने उन्हें मैसेज करके बताया कि खिलाड़ी किस अजीब स्थिति का सामना कर रहे हैं और लाहौर से लंबी यात्रा के बाद उनके पास रहने और आराम करने के लिए कोई जगह नहीं है।'

**कई घंटों के इंतजार के बाद मिले कमरे**

इस घटना को पाकिस्तान के राष्ट्रीय खेल के लिए शर्मिंदगी की एक बड़ी वजह के तौर पर देखा जा रहा है, क्योंकि टीम प्रो लीग के होबार्ट लेग में ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी जैसी टॉप रैंक वाली टीमों के खिलाफ मुकाबला करने के लिए संघर्ष कर रही है।

सूत्र ने कहा कि कई घंटों तक बाहर इंतजार करने के बाद, होटल मैनेजमेंट आखिरकार मान गया और खिलाड़ियों को कुछ कमरे दे दिए। सूत्र ने कहा, 'पर्याप्त कमरे न होने की वजह से खिलाड़ियों और अधिकारियों को कम कमरों में ठहराया गया। इस वजह से दो-तीन खिलाड़ियों ने एक कमरा ले लिया और अगले दिन वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना पहला मैच खेलने के लिए सीधे मैदान पर चले गए, जिसमें वे 2-3 से हार गए।'

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर निकाय चुनाव में शानदार जीत का जश्न मनाया

## गांधी भवन में पटाखे फोड़े और एक-दूसरे को मिठाइयां बांटीं





हैदराबाद, 13 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। तेलंगाना नगर निकाय चुनावों में कांग्रेस पार्टी की शानदार जीत की ओर बढ़ने पर गांधी भवन में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक जश्न मनाया। परिणाम घोषित होते ही कार्यकर्ता गांधी भवन पहुंचे और झंडे लहराते हुए तथा नारे लगाते हुए अपनी खुशी साझा की। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केक काटकर जीत का जश्न मनाया। उन्होंने पटाखे फोड़े और एक-दूसरे को मिठाइयां बांटीं। जमकर अपने नेताओं के लिए नारेबाजी की। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन के कारण तेलंगाना में कांग्रेस मजबूत हुई है। कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के प्रति अपना विश्वास व्यक्त करते हुए नारे लगाए। नेताओं ने टिप्पणी की कि तेलंगाना ने विकास और कल्याण के क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल की हैं और राज्य में पारदर्शी शासन,जनकल्याणकारी कार्यक्रमों और अवसंरचना विकास पर जनता ने विश्वास जताते हुए कांग्रेस पार्टी का समर्थन किया है। इन समारोहों ने पार्टी कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भर दिया है। नेताओं ने विश्वास जताया कि तेलंगाना की जनता के आशीर्वाद से कांग्रेस राज्य में अपनी गति बनाए रखेगी।

## पुनर्गणना के बाद फिर कांग्रेस उम्मीदवार जीती

नगरपालिका में मतगणना के दौरान एक दुर्लभ स्थिति देखने को मिली। वार्ड संख्या 7 में कांग्रेस उम्मीदवार कासारला मंजुला श्रीनिवास रेड्डी ने प्रारंभ में दो वोटों के अंतर से जीत हासिल की। पुनर्गणना की मांग के बाद उनका जीत का अंतर घटकर एक वोट रह गया। इसके बाद बीआरएस उम्मीदवार कनुगु यादवम्मा बालराजू ने फिर से पुनर्गणना की मांग की। ताजा सत्यापन के बाद वार्ड संख्या 7 का परिणाम बराबरी पर पहुंच गया, जिससे मतगणना प्रक्रिया में असामान्य स्थिति उत्पन्न हो गई। पुनः मतगणना के बाद कांग्रेस उम्मीदवार कासारला मंजुला को विजेता घोषित किया गया।

## मतगणना केंद्र पर हंगामा, चाबी गुम होने से गिनती में देरी

करीमनगर, 13 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हुजूराबाद में मतगणना केंद्र पर शुक्रवार को उस समय तनाव की स्थिति बन गई जब चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों ने दो व्यक्तियों को एक साथ प्रवेश की अनुमति नहीं देने पर अधिकारियों से बहस की। बताया गया कि एक उम्मीदवार को दो पास जारी किए गए थे, लेकिन अधिकारियों ने उम्मीदवार और उसके एजेंट को एक साथ अंदर जाने की अनुमति नहीं दी। उम्मीदवारों का कहना था कि पास के अनुसार उन्हें दो व्यक्तियों के प्रवेश का अधिकार है।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए एसीपी माधवी ने हस्तक्षेप किया और उम्मीदवारों को रिटर्निंग ऑफिसर से स्पष्टीकरण लेने की सलाह दी। रिटर्निंग ऑफिसर ने स्पष्ट किया कि एक समय में केवल एक ही व्यक्ति, चाहे उम्मीदवार हो या उसका प्रतिनिधि, अंदर प्रवेश कर सकता है। इसके बाद उम्मीदवारों ने राज्य चुनाव आयोग में शिकायत करने की चेतावनी देते हुए वहां से प्रस्थान किया। इस बीच, हुजूराबाद जूनियर कॉलेज केंद्र पर मतगणना तिजोरी की चाबी गुम होने से प्रक्रिया में देरी हुई। मतगणना सुबह 8 बजे शुरू होनी थी, लेकिन ताला तोड़ने के बाद गिनती सुबह 9 बजे आरंभ की गई।

## कांग्रेस की जीत पर प्रियंका गांधी ने रेवंत रेड्डी को दी बधाई



नई दिल्ली , 13 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में एआईसीसी राष्ट्रीय महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी से मुलाकात की। इस अवसर पर तेलंगाना में नगर निकाय चुनावों के परिणामों पर चर्चा की गई। प्रियंका गांधी ने कांग्रेस पार्टी की नगर निकाय चुनावों में भारी जीत पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने विशेष रूप से मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को बधाई दी और राज्य के सभी पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और कर्मियों को भी शुभकामनाएं दी। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने प्रियंका गांधी को तेलंगाना में विकास कार्यों, सुधारों, नीतियों, महत्वपूर्ण निवेश पहलों और कल्याण कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में हुई प्रगति की जानकारी दी।

## नगरपालिका परिणाम से बीआरएस का जन समर्थन दिखा : केटीआर



हैदराबाद, 13 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। भारत राष्ट्र समिति के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी. रामाराव ने शुक्रवार को दावा किया कि तेलंगाना नगरपालिका चुनाव 2026 के परिणाम राज्य में बीआरएस के प्रति जनता के बढ़ते समर्थन और सत्ताधारी कांग्रेस सरकार के प्रति असंतोष का संकेत हैं। केटीआर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रशासनिक मशीनरी और धनबल के कथित दुरुपयोग के बावजूद, बीआरएस ने नगर निकायों में महत्वपूर्ण जीत हासिल की और कई शहरी स्थानीय निकायों में प्रभावशाली राजनीतिक शक्ति के रूप में उभरकर सामने आया। उन्होंने कहा कि परंपरागत तौर पर स्थानीय चुनावों में सत्ता पक्ष को लाभ मिलता है, लेकिन इस बार मतदाताओं ने स्पष्ट संदेश दिया और बीआरएस लगभग 15 नगरपालिकाओं में जीत दर्ज की और कई अन्य में निर्णायक प्रभाव दिखाया। उन्होंने हाल के पंचायती चुनावों का भी जिक्र करते हुए कहा कि बीआरएस समर्थित उम्मीदवारों ने लगभग 40 प्रतिशत ग्राम पंचायतें और 4,000 से अधिक सरपंच पद जीते थे, और अब नगरपालिका परिणामों ने पार्टी की स्थिति को और मजबूत किया है। केटीआर ने 2020 के नगरपालिका चुनावों का हवाला देते हुए कहा कि उस समय बीआरएस ने 130 में से 122 मेयर और अध्यक्ष पद जीते थे, जबकि इस बार बीआरएस ने सीधे 15 नगरपालिकाओं में जीत हासिल की है और लगभग 10—15 अन्य स्थानों में जहां उसका प्रभाव निर्णायक है, वह सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभर रही है। कुल मिलाकर 117 नगरपालिकाओं के परिणामों को पार्टी ने सकारात्मक और राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव के बाद कांग्रेस नेता निर्वाचित सदस्यों को लुभाने का प्रयास कर रहे हैं, और बीआरएस राजनीतिक तथा वैधानिक रूप से ऐसे कदमों का सामना करेगी। केटीआर ने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों का धन्यवाद देते हुए कहा कि परिणाम बीआरएस को मुख्य विपक्षी शक्ति के रूप में मजबूती प्रदान करते हैं, जो न केवल तेलंगाना में कांग्रेस को चुनौती दे सकती है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के खिलाफ भी प्रभावी है।

## बीजेपी ने निकाय चुनावों में बढ़त दर्ज की: रामचन्द्र राव

### भाजपा किसी अन्य पार्टी को समर्थन नहीं देगी

हैदराबाद, 13 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। भारतीय जनता पार्टी के तेलंगाना राज्याध्यक्ष एन. रामचन्द्र राव ने पार्टी कार्यालय में आयोजित मीडिया बैठक में कहा कि 116 नगरपालिकाओं और 7 नगर निगमों में हुए 2026 के नगरपालिका चुनावों में अब तक भाजपा ने लगभग 250 से अधिक वार्डों में जीत हासिल की है और लगभग 6 नगरपालिकाओं में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी निज़ामाबाद और करीमनगर नगर निगमों को पहली बार अपने कब्जे में लेने की दिशा में अग्रसर है। रामचन्द्र राव ने कहा कि चुनावों में लगभग 70 डिवीजनों में भाजपा उम्मीदवारों को जीत की स्थिति में देखा जा रहा है, और कुल मिलाकर कुल मिलाकर 320 से 350 सीटों पर भाजपा जीत की ओर बढ़ रही है। उन्होंने विशेष रूप से मंचिर्याल, रामगुंडम और नल्लागोंडा जैसे इलाकों में पार्टी की स्थितियों में पिछले चुनावों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन होने का दावा किया। उन्होंने यह भी बताया कि इस बार चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा ने अपना मेनिफेस्टो जारी किया, जिसमें यह स्पष्ट किया गया कि केंद्र सरकार से कैसे फंड प्राप्त होंगे और नगरपालिकाओं का कैसे विकास किया जाएगा, साथ ही राज्य सरकार की विफलताओं, भ्रष्टाचार और जनता के साथ किए गए अन्यायों पर भी चार्ज-शीट पेश की गई। राव ने कहा कि लगभग 200 वार्डों में भाजपा के उम्मीदवार मामूली अंतर से हार गए, लेकिन त्रिमुखी मुकाबले के कारण पार्टी को कुछ नुकसान झेलना पड़ा। उन्होंने यह भी बताया कि उन जिलों में जहाँ पहले भाजपा का कोई पंजीकृत प्रतिनिधित्व नहीं था, वहाँ भी पार्टी ने जीत दर्ज की है, जैसे भद्राद्री—कोठगुडेम जिले के अश्वारावुपेट वार्ड में और कोत्तागुडेम निगम के एक डिवीजन में। रामचन्द्र राव ने कहा कि पारंपरिक रूप से स्थानीय निकाय चुनावों में सत्ता पक्षों को लाभ मिलता है। रामचन्द्र राव ने बताया कि भाजपा आदिलाबाद, खानापुर और बाइमसा जैसे क्षेत्रों में चैरमैन पद भी जीतने की संभावना रखती है, और स्थानीय निकायों में भाजपा किसी अन्य पार्टी को समर्थन नहीं देगी।

## इलेक्ट्रिक बस रेट्रोफिट योजना से पर्यावरण संरक्षण को बल

### टीजीएसआरटीसी का हरित कदम




हैदराबाद, 13 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए तेलंगाना स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (टीजीएसआरटीसी ) ने प्रदूषण कम करने और हैदराबाद में सतत सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए अपने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी अभियान का विस्तार किया है। ग्रीन रणनीति के तहत, टीजीएसआरटीसी ने पुरानी डीज़ल बसों को इलेक्ट्रिक बसों में बदलने के लिए रेट्रोफिटमेंट कार्यक्रम शुरू किया है। सितंबर 2025 में जारी टेंडरों के बाद, निगम ने 200 बसों के रेट्रोफिट कार्य के लिए ठेका दिया है। निगम का लक्ष्य है कि 2027 तक हैदराबाद की ओआरआर सीमा के भीतर लगभग 2,800 इलेक्ट्रिक बसें तैनात की जाएँ, जिससे निजी वाहनों से सार्वजनिक परिवहन की ओर संक्रमण के साथ प्रदूषण में महत्वपूर्ण कमी की उम्मीद है। अधिकारी यह भी मानते हैं कि इससे श्वसन और हृदयसंबंधी स्वास्थ्य समस्याओं में भी कमी आएगी। वर्तमान में छह डिपो में 325 इलेक्ट्रिक बसें सेवा में हैं और इस साल 175 और बसें बेड़े में जुड़ने वाली हैं। चार्जिंग अवसंरचना का विस्तार किया जा रहा है, जिसमें 19 अतिरिक्त डिपो में सुविधाएँ स्थापित करने की योजना है। आगे 10 नए डिपो और 10 चार्जिंग सेंटर का निर्माण लगभग 392 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से किया जाएगा। विशेष रूप से, 2023 में मुशीराबाद डिपो की एक डीज़ल बस को सफलतापूर्वक इलेक्ट्रिक वाहन में परिवर्तित किया गया था, जो वर्तमान में उप्पल डिपो क्षेत्रों में सेवा प्रदान कर रही है। टीजीएसआरटीसी के प्रबंध निदेशक वाई. नागी रेड्डी ने जनता से पर्यावरणहितैषी परिवहन की ओर परिवर्तन का समर्थन करने की अपील की।

## मतगणना के दिन भाजपा उम्मीदवार का निधन

मंचेरियल, 13 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। लक्सेट्टीपेट नगरपालिका के वार्ड नंबर 10 से चुनाव लड़ रही भाजपा उम्मीदवार बत्तिनी एलम्मा का शुक्रवार सुबह बीमारी के कारण निधन हो गया। वह 65 वर्ष की थीं। परिवार के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने उनके निधन की पुष्टि की। उनकी मृत्यु के बाद वार्ड के चुनाव परिणाम को लेकर अनिश्चितता का माहौल बन गया है। अब यह देखना होगा कि संबंधित वार्ड में दोबारा चुनाव कराया जाएगा या किसी अन्य उम्मीदवार को निर्वाचित घोषित किया जाएगा।

## साइबराबाद में मतदान से पहले प्रतिबंधात्मक आदेश लागू

हैदराबाद, 13 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। तेलंगाना राज्य चुनाव आयोग के 16 फरवरी को होने वाले नगरपालिका अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के अप्रत्यक्ष चुनावों की अधिसूचना के मद्देनजर साइबराबाद के चुने हुए क्षेत्रों में प्रतिबंधात्मक आदेश लागू कर दिए गए हैं, जिससे मॉडल कोड ऑफ़ कंडक्ट (एमसीसी) के कड़ाई से पालन को सुनिश्चित किया जा सके। क़ुतुबुल्लापुर ज़ोन के प्रभारी उप पुलिस आयुक्त टी. साई मनोहर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए हैं, जिनमें किसी भी सार्वजनिक या निजी स्थान पर चार से अधिक व्यक्तियों के समूह को पूर्व अनुमति के बिना इकट्ठा होने पर प्रतिबंध लगाया गया है। ये प्रतिबंध येल्लमपेट नगरपालिका (मेडचल पुलिस स्टेशन), आलियाबाद नगरपालिका, और मुडुचिंथलापल्ली नगरपालिका के अंतर्गत कोलुतूर गांव (जीनोम वैली पुलिस स्टेशन) में लागू रहेंगे, ताकि असंगठित भीड़, अनधिकृत सभाएँ व एमसीसी उल्लंघन न हो सके। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और एमसीसी उल्लंघन के मामले में तत्काल नोटिस जारी किए जाएंगे। प्रतिबंधात्मक आदेश 13 फरवरी सुबह 5 बजे से लागू हो गए हैं और 16 फरवरी दोपहर 12 बजे तक प्रभावी रहेंगे, जो अप्रत्यक्ष चुनावों की समाप्ति तक लागू रहेगा।

## वैलेंटाइन डे प्रतिबंधित होना चाहिए: बजरंग दल

हैदराबाद, 13 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिषद (वीएचपी ) के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को राज्य और केंद्र सरकारों से आग्रह किया कि वे वैलेंटाइन डे समारोहों पर प्रतिबंध लगाएँ और 14 फरवरी को पुलवामा शहीद दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए। राज्य संयोजक श्रीकांत की अध्यक्षता में हुई बैठक में उन्होंने वैलेंटाइन डे को पश्चिमी सांस्कृतिक प्रभाव बताया और आरोप लगाया कि कई बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ मात्र वाणिज्यिक हितों के लिए इस दिन को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने कहा कि युवा भारतीय संस्कृति और परंपराओं की रक्षा पर ध्यान केंद्रित करें। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी संस्था प्रेम के विरोधी नहीं है, परन्तु वे संबंधों के वाणिज्यीकरण के खिलाफ हैं। बैठक में अखिल (भाग्यनगर विभाग), संयोजक विशाल महाकाली, विभाग संयोजक राजेंद्र, पवन, अभिलाष, साई प्रसाद, भवत वामसी और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## चिट्याला नगरपालिका में ट्रांसजेंडर महिला की ऐतिहासिक जीत



नालगोंडा, 13 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। नालगोंडा जिले की चिट्याला नगरपालिका में स्थानीय निकाय चुनाव के दौरान एक ट्रांसजेंडर महिला की जीत ने इतिहास रच दिया। वार्ड नंबर एक से स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने वाली एन सुधाकर ने 100 से अधिक मतों के अंतर से विजय हासिल की। उन्होंने प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों को पराजित किया। चिट्याला नगरपालिका के कुल 12 वार्डों में से कांग्रेस ने नौ वार्डों में जीत दर्ज की, जबकि भारत राष्ट्र समिति को दो वार्डों में सफलता मिली। वार्ड एक से स्वतंत्र प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरी सुधाकर को चुनाव अधिकारियों ने परिणाम प्रमाण पत्र भी सौंप दिया। जीत के बाद सुधाकर ने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए वार्ड के विकास के लिए प्रतिबद्ध रहने का आश्वासन दिया। कई वार्डों में मुकाबला कड़ा रहा। वार्ड छह में कांग्रेस उम्मीदवार को 455 वोट मिले, जबकि बीआरएस प्रत्याशी को 418 मत प्राप्त हुए, जिससे जीत का अंतर काफी कम रहा।

## अल्लू सिरिश की शादी की रस्में शुरू

### परिवार संग मनाया 'पसुपु' समारोह



हैदराबाद, 13 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलुगु अभिनेता अल्लू सिरिश की शादी की रस्में आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई हैं। उनके घर पर पारंपरिक 'पसुपु' समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी झलकियां उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा कीं। उन्होंने लिखा कि शादी की शुरुआत पासुपु समारोह से हो चुकी है। इस कार्यक्रम में उपासना कामिनेनी कोनिडेला भी पारंपरिक अंदाज में नजर आईं। हाल ही में जुड़वा बच्चों को जन्म देने के बाद उनकी यह पहली सार्वजनिक उपस्थिति मानी जा रही है। समारोह में पीले गेंदे और सफेद फूलों से सुंदर सजावट की गई थी। परिवार की महिलाओं ने देवी-देवता की मूर्ति के सामने पारंपरिक रस्में निभाईं। अल्लू सिरिश साधारण पारंपरिक पोशाक में परिवार के बुजुर्गों के साथ दिखाई दिए। शादी से पहले दुबई में प्री-वेडिंग यॉट पार्टी भी रखी गई थी, जिसमें अल्लू अर्जुन और स्नेहा रेड्डी सहित करीबी दोस्त शामिल हुए। अल्लू सिरिश 6 मार्च को नयनिका रेड्डी से विवाह करेंगे।







Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.